राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 रोहित, विराट से ज्यादा खलेगी पंत की कमी...

कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने जाहिर की... 12

वर्ष : 10 | अंक : 234 | पटना, शुक्रवार, 06 जनवरी, 2023 | पौष शुक्ल पंचमी, विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

रिकॉर्ड तोड़ ठंड का सितम जारी, कई जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में ठंड का सितम जारी है। ठंड ने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। हाड़ हिला देने वाली ठंड से पूरा जनजीवन प्रभावित है। लोगों का घर से निकलना दुभर हो गया है। ठंडी हवा और शीतलहर की वजह से गलन वाली ठंड का एहसास हो रहा है। फुटपाथ पर गुजर बसर करने वालें लोग अलाव के सहारे जिंदगानी काट रहे हैं। गुरूवार को भी दिनभर धूप नहीं निकली। पिछले 5 दिनों से बिहार में सूरज नहीं निकला है। वहीं, प्रदेश के 19 जिलों में अगले दो दिनों तक कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने अलर्ट जारी किया है। वहीं दो दिनों तक राज्य के उत्तरी भाग में घना व शेष में मध्यम दर्जे का कोहरा छाए रहने का पूवानुर्मान है। मौसम विभाग के मुताबिक ये स्थिति 10 जनवरी तक रहने की संभावना है। इस दौरान दिन के साथ ही रात के तापमान में भी पांच से छह डिग्री की गिरावट होगी। मौसम विभाग के मुताबिक बिहार में उच्च हवा का दबाव है। पछुआ हवा सतह से डेढ़ किलोमीटर ऊपर तक पांच से छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही है। इसके साथ ही आर्द्रता 90 प्रतिशत है। इसके प्रभाव से बिहार के सभी हिस्से में घने कोहरे का असर दिखाई देगा। सुबह दृश्यता 40 से 120 मीटर तक रहेगी। दिन होने के साथ ही आसमान धीरे-धीरे साफ होगा। लेकिन, पूरे दिन धुंध का प्रभाव रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों में दिन के साथ ही रात के तापमान में भी पांच से छह डिग्री की गिरावट होगी। इससे दिन का पारा 11 से 15 डिग्री और

रात का तापमान 5 से 8 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। ठंडी हवाओं की वजह से दिन के तापमान में गिरावट हो रही है। पटना, गया, नालंदा, नवादा सहित 38 जिलों में दिन का तापमान सामान्य से आठ डिग्री नीचे दर्ज किया गया। जबकि, रात का तापमान 11 डिग्री के आसपास रहा है। भागलपुर, सारण, अररिया, रोहतास, पूर्वी और पश्चिम चंपारण, बांका, नालंदा, सिवान, समस्तीपुर सहित 17 जिलों में कोल्ड डे की स्थिति रही। मौसम विभाग के मुताबिक दिसंबर के अंतिम और जनवरी में बिहार में पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होता है। इससे बारिश होने की वजह से कोहरे के प्रभाव में कमी आती है। लेकिन, बारिश की कमी और टर्फ रेखा सक्रिय होने से पश्चिम विक्षोभ निष्क्रिय है। इससे ठंड लगातार बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। अगले दो दिनों तक कड़ाके की ठंड रहेगी। बुधवार को फारबिसगंज, सबौर और मोतिहारी में कोल्ड डे रहा जबकि अन्य जिलों में कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी रही। पटना, गया में दृश्यता सुबह के समय एक हजार मीटर दर्ज की गई। पूर्णिया, भागलपुर और फारबिसगंज में कोहरे के कारण जन-जीवन प्रभावित रहा। अगले 24 घंटों के दौरान रात के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा प्रदेश के अधिकांश भागों में अगले 72 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री की क्रमिक गिरावट की संभावना है। प्रदेश के इन जिलों के लिए कोल्ड डे का अलर्ट : प्रदेश में अगले दो दिनों के लिए पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज , सिवान, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा व सहरसा के लिए मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से कोल्ड डे को लेकर अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

मौसम अधिकतम तापमान 27.0°C न्यूनतम तापमान 16.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	55,291
चांदी	55,300
सेंसेक्स	54,306
निफ्टी	22,503

संक्षिप्त खबरें

सभी निकायों में नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण 13 जनवरी को

पटना। बिहार में नगर निकाय के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण करने इंतजार अब खत्म हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने शपथ ग्रहण की तारीख जारी कर दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के मुताबिक आने वाले 13 जनवरी को सभी नगर निगम, नगर पंचायत और नगर परिषदों में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ ग्रहण के बाद अपना कार्यभार संभालेंगे। पहले सिर्फ 13 जिलों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाना था लेकिन राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के मुताबिक सभी जिलों के नवनिर्वाचित सदस्य अब एक ही दिन शपथ ग्रहण करेंगे। दरअसल, राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव में निर्वाचित हुए सदस्यों के शपथ ग्रहण को लेकर निर्देश जारी किए हैं। जानकारी के मुताबिक, नगर निगम के प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण जिलों के डीएम के माध्यम से होगा। वहीं, नगर परिषद में अपर समाहर्ता स्तर के पदाधिकारी एवं नगर पंचायत में वरीय उपसमाहर्ता स्तर के पदाधिकारी शपथ दिलाएंगे। गुरुवार को निर्वाचन आयोग ने कहा कि राज्य के सभी जिलों के निकायों में नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण 13 जनवरी को ही होगा। बता दें कि बिहार में विवादों के बीच नगर निकाय का चुनाव पिछले दिनों संपन्न हो गया था। पहले चरण का चुनाव बीते 18 दिसंबर को हुआ था जबकि 20 दिसंबर को चुनाव के नतीजे घोषित किए गए थे जबकि दूसरे चरण के लिए 28 दिसंबर को वोटिंग हुई थी और 30 दिसंबर को मतगणना हुई थी। चुनाव के नतीजे घोषित होने के बावजूद नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण नहीं हो सका है।

जलाशयों में दिखाई दे रही प्रवासी पक्षियों की अटखेलियाँ

उदयपुर। सर्दियों की दस्तक के साथ ही राजस्थान में मेवाड अंचल के जलाशयों में प्रवासी पक्षियों का आना प्रारंभ हो गया है और जलाशयों में स्थानीय और प्रवासी पक्षियों का कलरव देखा सुना जा सकता है। वरिष्ठ पक्षीविद् प्रीति मुर्डिया के नेतृत्व में बर्ड वॉचिंग के लिए निकले पक्षीविद विनय दवे, विधान द्विवेदी, भानुप्रताप सिंह, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर जय शर्मा आदि ने बर्ड विलेज मेनार और बड़वई का दौरा किया और यहां पर पक्षियों की उपस्थिति के संबंध में डेटा संकलित किया।

मुख्यमंत्री ने पश्चिम चंपारण से समाधान यात्रा का किया शुभारंभ, विकास कार्यों का लिया जायजा

एक-एक चीज को देखा जा रहा है, बचे कार्यों को शीघ्र किया जाएगा पूरा : नीतीश कुमार

- कटाव स्थल की सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा ताकि लोग सुरक्षित रहें
- सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बांध को मजबूत और ऊंचा रखना काफी आवश्यक

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पश्चिम चंपारण के बेतिया जिले से गुरूवार को समाधान यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा के पहले दिन मुख्यमंत्री ने प्रखंड बगहा- 2 के संतपुर सोहरिया पंचायत अंतर्गत दरुआबारी ग्राम में सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मकसद है कि जिलों में अलग-अलग जगहों पर जाकर देखें कि वहां पर कितना काम हुआ है। जो काम चल रहा है उसमें कितना प्रोग्रेस हुआ है। काम पूरा करने में कोई बाधा तो नहीं आयी है। समय पर काम पूरा हुआ है या नहीं। अगर काम पूरा हो गया है तो आगे और क्या होना चाहिए। इन्हीं सब चीजों को देखने के लिए हम निकले हैं। यहां पर आकर हमने सभी चीजों को देखा है। यहां पर जो काम हुए है उसे देखकर मुझे अच्छा लगा। जो काम अभी पूरा नहीं हुआ है उसको लेकर हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इसे जल्द से जल्द पूरा करायें। गरीब गुरबा लोगों के लिए जो कुछ करना है, वह सब किया जा रहा है।

विभिन्न जगहों पर जाने से सभी चीजों की जानकारी मिल जाती है। अधिकारियों को सभी जगहों पर चल रहे कार्यों को देखना है। अधिकारियों को एक-एक चीज को देखना है उसे रिपोर्ट करना है। एक से डेढ़ महीने के बाद हम सभी अधिकारियों से पूछेंगे कि चल रहे विकास कार्यों का क्या हुआ, कितना प्रोग्रेस हुआ है। हमारे साथ चल रहे अधिकारी एक-एक प्वाइंट को नोट कर रहे हैं ताकि कोई चीज छूटे नहीं। समाधान यात्रा को लेकर की जा रही राजनीति के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसको जो मन में आये वो बोले। हमको इससे कोई लेना-देना नहीं है। हम काफी पहले से घूमते रहे हैं। कोई पहली बार नहीं घूम रहे हैं। पहले भी हम विभिन्न जगहों पर जाकर देखते रहे हैं। देश की यात्रा करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हम बिहार की यात्रा पर हैं। काफी दिनों से हम बिहार में काम करवा रहे हैं। हम चाहते हैं कि अगर कहीं कुछ पेंडिंग काम है तो, उसे पूरा करवा दें। हमें आगे भी विकास का कार्य करना है। समाधान यात्रा के बाद विधानसभा का सत्र है, उसके बाद आगे इन चीजों को देखेंगे। दरुआबारी गांव भ्रमण के पश्चात मुख्यमंत्री ने बगहा नगर परिषद् अंतर्गत पारसनगर में गंडक नदी से हुए कटाव का स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ले-आउट मैप के माध्यम से पारसनगर, आनंदनगर एवं शास्त्रीनगर में चल रहे कटावरोधी कार्य के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने पारसनगर में बांध की ऊंचाई और अधिक बढ़ाने का निर्देश दिया ताकि नदी तट के आसपास रहनेवाले लोग प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि यह काम जल्द से जल्द शुरू करायें। लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बांध को मजबूत और ऊंचा रखना काफी आवश्यक है। इसके लिए इस्टीमेट बनाकर काम को पूर्ण कराएं। पारसनगर कटाव स्थल का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कटाव स्थल की सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा। पहले जो बना हुआ था वो पर्याप्त नहीं था इसे हमने देख लिया है, काफी दूरी तक कटाव हो रहा है। यह सब देखते हुए सब लोगों की सुरक्षा के लिए और ऊंचाई तक इसे लाना होगा ताकि सारे घर के लोग सुरक्षित रहें। यही देखने के लिए हम आए हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है।

ये रहें मौजूद : इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सह पश्चिम चंपारण जिले के प्रभारी मंत्री ललित कुमार यादव, सांसद सुनील कुमार, विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, विधान पार्षद भीष्म सहनी, विधान पार्षद सौरभ कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, सचिव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति देवेश सेहरा, सचिव, ग्रामीण विकास विभाग बाला मुरुगन डी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, आयुक्त तिरहुत प्रमंडल गोपाल मीणा, पुलिस उप महानिरीक्षक चंपारण रेंज प्रणव कुमार प्रवीण, पश्चिम चंपारण के प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक पश्चिम चंपारण उपेन्द्र नाथ वर्मा, पुलिस अधीक्षक बगहा किरन कुमार गोरख जाधव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

सीएम ने समस्याएं सुनी और समाधान के लिये अधिकारियों को दिये निर्देश

पटना। मुख्यमंत्री को वाल्मीकिनगर अतिथि भवन प्रांगण में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने को पुष्प-गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया एवं समाधान यात्रा प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद दिया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने समेकित थरुहट विकास अभिकरण अंतर्गत सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का शिलान्यास एवं कार्यारंभ किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने लाभुकों के बीच सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत किट का वितरण किया। दरुआबारी ग्राम में मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, नल-जल योजना एवं जल-जीवन-हरियाली योजना अंतर्गत पोखरा के सौंदर्यीकरण कार्य का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। दरुआबारी पोखरा के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पोखरा में मछली छोड़ा। बिहार महादलित विकास मिशन के तहत संचालित रमाबाई किशोरी समूह, दरुआबारी के छात्राओं से मिलकर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनी और उसके त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं से कहा कि आप सभी खूब पढ़िए और आगे बढ़िए, यही हमारी इच्छा है। दरुआबारी गांव भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने संगती जीविका महिला ग्राम संगठन, दरुआबारी की दीदियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अन्य जगहों पर जीविका समूह की महिलाओं को जिन कामों से जोड़ा गया है, वैसे कार्यों से यहां के जीविका समूह की दीदियों को भी जोड़िए ताकि इन्हें भी अधिक से अधिक काम मिल सके। कई जगहों पर काफी अच्छा काम हो गया है। दरुआबारी ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने गांव तक सुगमतापूर्वक आवागमन हेतु सड़क बनाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस काम में विलंब नही होनी चाहिए और सड़क के दोनों तरफ वृक्षारोपण जरूर करायें। वर्ष 2009 से हमलोग वृक्षारोपण का काम करा रहे हैं। पहले कोई ध्यान नही दे रहा था। पूरे बिहार के पर्यटक स्थलों का भी तेजी से विकास किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक पर्यटक बिहार आएं और यहां के ऐतिहासिक, पौराणिक धरोहरों को देखें एवं समझे।

उन्होंने कहा कि प्रारंभ से ही हम इस इलाके में आते रहे हैं। यह काफी खास और यूनिक जगह है। हमारा तीन चीजों वन क्षेत्र, पहाड़ और नदी पर शुरू से ही विशेष ध्यान है। मुख्यमंत्री ने विश्व मानव सेवा आश्रम, नरकटियागंज द्वारा दरुआबारी ग्राम में लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। विश्व मानव सेवा आश्रम के संस्थापक शत्रुघ्न झा ने बुनकरों द्वारा चरखा से सूत कातने एवं खादी का कपड़ा बनाने के विषय में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। आश्रम से जुड़ी बालिकाओं ने मुख्यमंत्री के स्वागत में स्वागत गान गाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी नई पीढ़ी के लोग गांधी जी को याद रखें हैं, यह बहुत अच्छी बात है। हम हर जगह बापू की चर्चा करते रहते हैं ताकि युवा पीढ़ी के लोगों को गांधी जी के विचारों, उनके कामों एवं बताए मार्गों का ऐहसास हो। आपलोगों से मिलकर और यह जानकर कि आप बापू के विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं, मुझे काफी खुशी हुई है।

प्रधानमंत्री से मिले सत्या नडेला

कहा- भारत के डिजिटल इंडिया विजन को करेंगे साकार

नई दिल्ली, एजेंसी। सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से यहां मुलाकात की। नडेला ने ट्वीट कर कहा कि हम भारत के डिजिटल इंडिया विजन को साकार करने और दुनिया के लिए एक रोशनी बनने में उसकी मदद के लिए तैयार हैं। भारतीय मूल के सत्या नडेला इन दिनों भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद नडेला ने कहा कि डिजिटल परिवर्तन के नेतृत्व में टिकाऊ और समावेशी आर्थिक विकास पर भारत सरकार की गहरी नजर है, जो बेहद प्रेरणादायक है।

ओडिशा में 5जी सेवा का शुभारंभ

- केन्द्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव व शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने किया उदघाटन
- 5जी आने के बाद राज्य में आयेगा व्यापक परिवर्तन: अश्विनी वैष्णव
- ओडिशा में गेमचेंजर साबित होगी 5जी सेवाएं: धर्मेन्द्र प्रधान

भुवनेश्वर, एजेंसी। केन्द्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने ओडिशा राज्य में गुरुवार को 5जी सेवा का शुभारंभ किया। राज्य में कलाहांडी, कंधमाल, मालकानगिरि आदि जिले सहित एक सौ मोबाइल टॉवर का शुभारंभ किया गया। स्थानीय शिक्षा व अनुसंधान विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ओडिशा में 5जी सेवा शुरू होने से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन आयेगा और इसका लाभ राज्य की जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओडिशा के विकास की चिंता करते हैं। वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में मोबाइल टॉवर के लिए पांच हजार छह सौ करोड रुपये आवंटित किये हैं। आज ही राज्य में एक सौ मोबाइल टॉवर का शुभारंभ किया जा रहा है। इसमें कलाहांडी, कंधमाल, मालकानगिरि आदि जिले शामिल हैं। उदघाटन कार्यक्रम में केन्द्रीय शिक्षा व कौशल विकास मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि ओडिशा में 5जी सेवा की शुरूआत गेम चेंजर साबित होने वाला है। विभिन्न क्षेत्र में टेक्नोलाजी आधारित सेवाओं को आगे बढ़ाने में यह सेवाएं सहायक सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में 5जी सेवा शुरू होने से स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में काफी लाभ मिलेगा। अब भुवनेश्वर में बैठ कर विशेषज्ञ डाक्टर मालकानगिरि, कंधमाल जैसे जिलों में आपरेशन तक कर सकते हैं।

'ग्रोथ इंजन' पीएम ने भोपाल में आयोजित प्रथम अखिल भारतीय राज्य मंत्रियों का सम्मेलन 'वाटर विजन @ 2047' को वर्चुअली किया संबोधित

जल संरक्षण के प्रयासों में जनता को जोड़ना होगा अहम : मोदी

- जल मंत्रियों का सम्मेलन अहम है। संवैधानिक व्यवस्था में पानी का विषय राज्यों के नियंत्रण में हैं। राज्यों के प्रयास सामूहिक लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक साबित होंगे

भोपाल/नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में जनता और सामाजिक संगठनों को साथ लाना होगा क्योंकि किसी भी अभियान में जनता के जुड़ने से उसमें अभियान के प्रति 'सेंस ऑफ ओनरशिप' आती है। श्री मोदी आज यहां आयोजित प्रथम अखिल भारतीय राज्य मंत्रियों का सम्मेलन 'वाटर विजन @ 2047' को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि जल मंत्रियों का सम्मेलन अहम है। संवैधानिक व्यवस्था में पानी का विषय राज्यों के नियंत्रण में हैं। राज्यों के प्रयास सामूहिक लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक साबित होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य में सरकार के अकेले प्रयास से सफलता नहीं आती। जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में भी जनता, सामाजिक संगठन और सिविल सोसाइटी को जोड़ना होगा।

उन्होंने कहा कि जनभागीदारी का एक और पक्ष भी है। कुछ लोग सोचते हैं कि जनभागीदारी से सरकार की जिम्मेदारी कम हो जाती है। पर ऐसा नहीं है। जनभागीदारी का बड़ा लाभ ये है कि जनता को भी पूरी प्रक्रिया में लगी मेहनत पता चलती है। अभियान में जनता जुड़ती है तो नागरिकों में 'सेंस ऑफ ओनरशिप' भी आती है, जो

सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छ भारत अभियान' इसका बड़ा उदाहरण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी अभियान की तरह अब जल संरक्षण के प्रति भी जनभागीदारी की सोच जनता में जगानी है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि जलजागरुकता महोत्सव आयोजित किए जा सकते हैं। साथ ही स्थानीय मेलों में पानी की जागरुकता के लिए कई प्रयास किए जा सकते हैं। उन्होंने इस कार्य से नई पीढ़ी को जोड़ने का भी आग्रह किया। श्री मोदी ने कहा कि इंडस्ट्री और खेती दोनों ही क्षेत्रों को पानी की आवश्यकता होती है। इन दोनों ही क्षेत्रों से जुड़े लोगों में विशेष अभियान चलाकर जल सुरक्षा के प्रति जागरुकता लानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सभी राज्यों में काम हो रहा है। जल संरक्षण के लिए केंद्र ने अटल भूजल संरक्षण योजना शुरू की है। इसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नदियां और अन्य जलस्रोत जल पारिस्थितिकी तंत्र का सबसे अहम हिस्सा हैं। ये बाहरी कारकों से प्रदूषित न हों, इसके लिए हर राज्य को कार्य करना होगा।

बिहार सरकार सतर्क, जल जीवन हरियाली योजना का किया गया शुभारंभ : श्रवण कुमार

पटना। जल संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास के उद्देश्य से भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा भोपाल में प्रथम अखिल भारतीय राज्य मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित की जा रही है। जिसमें गुरूवार को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार शामिल हुए। श्री कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण, जल की कमी को दूर करना, जल संचयन संरचनाओं की योजना बनाना है। इस अभियान के प्रथम चरण में बिहार के 12 जिला के 30 प्रखण्डों को सम्मिलित किया गया है। जल शक्ति अभियान का दूसरा चरण 21 मार्च 2021 से आरम्भ किया गया है। जिसमें बिहार के सभी जिलों को सम्मिलित कर लिया गया है। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्रवण कुमार ने कहा पर्यावरण में हो रहे बदलाव के कारण जलवायु परिवर्त्तन से पूरा विश्व प्रभावित हो रहा है। हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है। बिहार सरकार ने इस समस्या की ओर अपना ध्यान दिया तथा इस दिशा में पहला कदम बढ़ाया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधान मंडल सभी सदस्यों तथा सभ राजनीतिक दलो के प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श कर जल जीवन हरियाली योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना के तहत चुने गये कुल 11 अवयवों पर तेजी से काम हो रहा है जो इस प्रकार है:- सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं यथा-तालाबों,पोखरों,आहरों,पईनों को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त करना। सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं यथा-तालाबों,पोखरों,आहरों,पईनों का जीर्णोद्धार। सार्वजनिक कुओं को चिन्हित कर उसका जीर्णोद्धार। सार्वजनिक कुओं,चापाकलों के किनारे सोख्ता,रिचार्ज, अन्य जल संचयन संरचनाओं का निर्माण।

संक्षिप्त खबरें

जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

अंजुमन रजा ए मुस्तफा के महासचिव महताब अहमद के द्वारा गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच शीतलहरी और कंपकंपी से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। बाग मालू खां में आयोजित आयोजन में इसका वितरण किया गया। मौके पर सैयद करीम इकबाल, अकील अहमद, शाहनवाज आलम, आफताब हुसैन, फिरोज अंसारी आदि मौजूद थे। इस दौरान महताब अहमद ने कहा कि फरवरी महीने में अंजुमन रजा ए मुस्तफा की बैठक होगी। इसमें गरीब परिवार के विवाह योग्य युवक-युवतियों के सामूहिक विवाह का आयोजन किए जाने के बारे में फैसला लिया जाएगा। साथ ही कुछ नए सदस्य बनाने की भी कोशिश होगी।

नाममात्र शुल्क पर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध, हार्ट कैंप रविवार को

पटना सिटी (प्राकि)। राधेश्याम परिवार सेवा संस्थान के द्वारा चौक के मिर्चाई गली में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई गई है। संस्थापिका शोभा गुप्ता, गिरधारी लाल सराफ, शिवप्रसाद मोदी और विजय मित्तल ने बताया कि यहां निःशुल्क सेवा उपलब्ध है। महज 50 रुपया देकर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद सिर्फ 10 रुपए में शुगर की जांच कराया जा सकता है। संस्थान के द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर, व्हील चेयर और वाकर की सेवा भी नि,:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं आठ जनवरी रविवार को मेगा हेल्थ कैंप लगाया जा रहा है। इसमें हार्ट स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की टीम आ रही है। इसमें डॉ कैलाश प्रसाद लाडिया, डॉ मयंक मिश्रा, डॉ प्रकाश रॉय और डॉ विपिन कुमार क्रमशः दिनों में सेवा देंगे। इसके अलावा यहां कंपाउंडर के द्वारा सूई लगाने की निःशुल्क सुविधा भी उपलब्ध है।

मोटरसाईकिल की चोरी

फतुहा। शहर के मुख्य बाजार स्टेशन रोड एसबी मॉल के पास से वाहन चोरों ने एक पैशन प्रो काले रंग की मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। इस संबध में पीड़ित खुसरूपुर थाना क्षेत्र के इसोपुर निवासी अनोज कुमार ने बताया की वह बुधवार की सुबह मोटरसाइकिल लगाकर बाजार कर रहे थे। आने पर मोटरसाईकिल गायब था। इस संबध में पीड़ित द्वारा थाना में लिखित सूचना दी गयी है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रेल गुमटी पुल के पास हाई मास्ट लाइट का हुआ मरम्मत

फतुहा। शहर के स्टेशन रोड, रेल गुमटी पुल के पास महिनों से हाई मास्ट लाइट खराब था। जिससे गुमटी के आसपास और रेल गुमटी पुल पर अंधेरा का सामना करना पड़ा। इसकी पहल करते हुए वार्ड नं 25 के पार्षद संजय कुमार बिट्टू ने हाई मास्ट लाइट का मरम्मत खुद किया। जिससे गुमटी और पुल के पास लाइट की व्यवस्था होने से, रात में स्टेशन जाने वाले और रेल गुमटी पुल पर आने-जाने वाले लोगों को काफी सुविधा हो रही है। इस संबंध में पार्षद संजय कुमार बिट्टू ने बताया कि लोगों की सेवा करना ही धर्म है।

मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने खान एवं भूतत्व मंत्री और पूर्व कानून मंत्री से किया मुलाकात

फतुहा। नगर परिषद फतुहा चुनाव में मुख्य पार्षद रुपा कुमारी ने बंपर वोट से जीत दर्ज किया। वहीं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने पूर्व कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह उर्फ मास्टर साहब से औपचारिक मुलाकात किया। कार्तिकेय सिंह ने जीत का बधाई दिया। दूसरी ओर खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ रामानंद यादव से मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने मुलाकात किया। डॉ रामानंद यादव ने भी जीत की बधाई दिया। मौके पर समाजसेवी सुधीर कुमार यादव, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, नगर राजद अध्यक्ष डॉ दयानंद प्रसाद सिंह, सूरज गोप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म मामले में तीन गिरफ्तार, फरार की तलाश

टेंट में तीन व बाद में मुकेश के घर दो लोगों ने पीड़िता के साथ किया गलत काम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना की पुलिस ने नाबालिग छात्रा से हुए गैंगरेप मामले में तीन आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि एक फरार है। उसकी तलाश में पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। नगर पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह व एएसपी अमित रंजन ने गुरुवार को इसकी जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में देते हुए बताया कि बीते दो जनवरी को पीड़िता की मां की शिकायत पर कांड दर्ज करने के बाद पुलिस की टीम पुलिस महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक मानवजीत सिंह ढिल्लो के निर्देश पर गठित हुई। इसमें बाइपास थाना के थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में दारोगा सोनू कुमार, सिपाही सूरज कुमार राम, रंजीत कुमार, दीपक कुमार, रवि रंजन कुमार को शामिल किया गया। इन लोगों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकेश कुमार पिता दुखन बिंद, सुग्रीव कुमार पिता जयपाल प्रसाद और गोलू कुमार पिता सुभाष बिंद को गिरफ्तार किया। तीनों बाइपास थाना क्षेत्र के बाहरी बेगमपुर स्थित जल्ला हनुमान मंदिर के पास के रहने वाले हैं। एक नामजद प्रमोद कुमार फरार है। उसकी तलाश में पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। पूछताछ में इन सबों ने बताया कि गोलू नाबालिग को बहला-फुसला कर ले गया। इसके बाद रास्ते में प्रमोद और सुग्रीव को कॉल कर बुलाया। इसके बाद टेंटसिटी से करीब 700 मीटर दूर खेत में लगे टेंट में घटना को अंजाम दिया गया। इसके बाद फिर प्रमोद पीड़िता को बहला-फुसला कर दोस्त मुकेश के घर ले गया। यहां फिर घटना को अंजाम दिया। इसके बाद अगले दिन सुबह में उसे शनि मंदिर के पास छोड़ दिया गया।

सिटी एसपी संदीप सिंह ने बताया कि मामले में फरार की तलाश में छापेमारी की जा रही है। अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि नाबालिग छात्रा को सतीचौरा के पास से गोलू कुमार के द्वारा बहला-फुसला कर ले जाया गया। तीनों के द्वारा बारी-बारी से दुष्कर्म करने की बात स्वीकार की गई है। उक्त घटनास्थल से सुग्रीव और गोलू चला गया। इसके बाद प्रमोद ने पीड़िता को फुसला कर अपने दोस्त मुकेश के घर लेकर आया। यहां भी मुकेश और प्रमोद मिलकर पीड़िता के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद सुबह में दोनों के द्वारा पीड़िता को शनिचरा मंदिर के पास छोड़ दिया गया। फिर पीड़िता परिचित के साथ अपने घर पहुंची।

मांगों को ले 10 से अनिश्चितकालीन धरना करेंगे सेवादार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव ने मनमाने ढंग से प्रताड़ित करते हुए कुछ सेवादारों को निलंबित कर दिया है। इतना ही नहीं, निलंबित किए गए सेवादारों का नवंबर माह का वेतन भी रोका गया है। इस कारण से सेवादारों में खासा आक्रोश है। सेवादार समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह बंटी ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपा है। इसमें कहा गया है कि प्रबंधक कमेटी के द्वारा की गई कार्रवाई से सेवादारों में आक्रोश है। वह सब अपने अधिकार के लिए 10 जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे, जिसकी सारी जवाबदेही तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव की होगी। पत्र में कहा गया है कि प्रकाश पर्व को ध्यान में रखते हुए सेवादारों ने धरना को स्थगित कर दिया था। साथ ही शांतिपूर्ण ढंग से गुरुपर्व मनाने के लिए 10 दिसंबर को एसडीओ के साथ प्रबंधक कमेटी और सेवादारों की बैठक हुई थी, जिसमें निर्णय लिया गया था कि आपस में तालमेल कर शांतिपूर्ण ढंग से गुरुपर्व मनाना है। कोई ऐसा काम या आदेश प्रबंधक कमेटी नहीं जारी करेगी, जिसके कारण आपसी मतभेद और तनाव पैदा हो। इसके बाद भी कमेटी के द्वारा 13 दिसंबर को पत्र जारी किया गया, जिसमें सेवादार दीपक सिंह, जसवंत सिंह खालसा, चंद्रशेखर सिंह, लंगर इंचार्ज रहे तेजिंदर सिंह बंटी और लिपिक अवधेश सिंह को पत्र जारी करते हुए कहा गया कि आप लोगों ने नौ दिसंबर को महासचिव इंद्रजीत सिंह के साथ तख्त साहिब परिसर में चरण गंगा के पास मारपीट किया है। यह बहुत बड़ी गलती है। इसका वीडियो और सीसीटीवी फुटेज भी घटना में कैद हुई है। इस घटना का वीडियो देश-विदेश में वायरल हुआ है। इस कारण तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की खासा बदनामी हुई है। पुलिस द्वारा कार्यालय को भी यह जानकारी दी गई है कि आप सभी के ऊपर चौक थाना में नौ दिसंबर को कांड 530/22 एफआईआर एवं 107 भी दर्ज हुई है। इस कारण से इन सबों की ड्यूटी पर रोक लगाते हुए तुरंत प्रभाव से निलंबित करने की बात कही गई है।

कला के बिना जीवन अधूरा : नंदकीशोर यादव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

संस्था नई दिशा परिवार के 27वें स्थापना दिवस पर पटना साहिब कला महोत्सव 2023 का आयोजन गिरिराज उत्सव पैलेस में किया गया।इसका उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक नंदकिशोर यादव ने किया।अध्यक्षता राजेश बल्लभ और मंच संचालन राजेश राज ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में निर्वाचित महापौर श्रीमती सीता साहू, विशेष अतिथि उपमहापौर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी, शिव प्रसाद मोदी, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ और चिकित्सक डॉ दिवाकर तेजस्वी मौजूद रहे।
इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पटना साहिब में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ उन्हें प्रोत्साहित और मंच प्रदान करने की है। नई दिशा परिवार से जुड़ी अनेक प्रतिभाएं राज्य और देश का मान बढ़ा रही हैं।
इस अवसर पर ह्यबेटी बचाओह्न थीम पर आई- ग्लैम दिव्यानि मित्रा की प्रस्तुति लोगों द्वारा सराही गयी। उजाला, राधा सिन्हा, ओम प्रकाश, प्रियांशी, चांदनी, मधुरम्म, पंछी, राजलक्ष्मी, शालू की नृत्य प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया।
शेखर सावरिया , तन्नू गांगुली, रिक्की महान, नीतीश निराला राजपूत, विनोद कुमार, कुमार पंकज सिन्हा, दीपक रॉय के संगीत पर लोग झूम उठे। अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए बिहार गौरव अवार्ड शिक्षाविद् शुभम तिवारी, पंकज कुमार, जॉन डिकोस्टा, पंकज किशोर सिंह, रामानंद यादव, आलोक कुमार, रविन्द्र कुमार, प्रेम कुमार, पुष्पा तिवारी, सोनिया सिंह, राहुल देव, विजय राज, नीतू गुप्ता, राजेश कुमार, जगन्नाथ कुमार, ओम प्रकाश, विनोद पंडित, तरुणा राय, रेशमी चंद्रवंशी, सीता साहू एवं चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ आरपी सिंह एवं डॉ अजय प्रकाश को, पटना साहिब कला सम्मान से गायन के क्षेत्र में पंकज गुप्ता, लाडली पांडेय, नीतीश निराला राजपूत, तन्नू गांगुली, कुमार पंकज सिन्हा, रिक्की महान, सैफ खान, शेखर सावरिया यादव, नृत्य के क्षेत्र में कुमार उदय सिंह, मौशम शर्मा, राधा सिन्हा, श्री ओम प्रकाश, बिंदु राज, हर्षित मेहता, कराटे में आदित्य कुमार, अभय कुमार अतुल, पत्रकारिता के क्षेत्र में युवा पत्रकार आकाश कुमार को प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में कमलनयन श्रीवास्तव, रविंद्र सर, परितोष कुमार, ऋतुराज, प्रियांशी, शालू कृति सिन्हा, अंजना आर्य, विजय कुमार, कोमल कुमारी, कौशल, शिबू, विनय राज सोनी आदि थे।

मिस फ्रेशर पल्लवी व मि फ्रेशर सूरज चुने गए

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एनएमसीएच पारा मेडिकल छात्रों के द्वारा वेलकम पार्टी का आयोजन अस्पताल के ऑडिटोरियम में किया गया कार्यक्रम में एनएमसीएच के एनेस्थीसिया के एचडी डॉ अशोक कुमार ने फीता काटकर और दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत किया अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अजय कुमार सिन्हा, डॉ ओके मौर्या, डॉ मोतीलाल कुमार, ज्ञानदेव जी, पारा मेडिकल छात्र संघ के अध्यक्ष प्रियेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, कोषाध्यक्ष आशुतोष नंदन, मीडिया प्रभारी आशुतोष कुमार, विक्रम सारा, रवि राज, अरुण कुमार आदि सक्रिय थे।
पारा मेडिकल के सत्र 2021 के छात्रों ने फ्रेशर सत्र 2022 के पारा मेडिकल छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया था। उद्घाटन सत्र के बाद मंच का संचालन अंकुल योगेश, प्रियंका और एमडी मसूद ने किया।
इस दौरान रोबिन कुमार, खुशी, स्वीटी माथुर, योगेश, पल्लवी आदि ने एक से बढ़कर एक रंगारंग गीत, संगीत और नृत्य पेश किया।
मिस फ्रेशर कुमारी पल्लवी और मिस्टर फ्रेशर सूरज कुमार को चुना गया। आयोजन में योगेश, अंकुल, कौशल और शिवम का सराहनीय योगदान रहा।

पालीगंज में मनाया गया शिक्षाविद बृजा प्रसाद यादव की तीसरी बरसी

प्रात :किरण संवाददाता

पालीगंज गुरुवार को प्रखण्ड क्षेत्र के रामपुर नगमा गांव में शिक्षाविद बृजा प्रसाद यादव की तीसरी बरसी मनाया गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के रामपुर नगमा गांव में शिक्षाविद बृजा प्रसाद यादव के तीसरी बरसी के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की संचालन पत्रकार अमलेश कुमार ने किया। इस दौरान मौके पर मौजूद अतिथियों ने बृजा प्रसाद यादव के आदमकद प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वही पालीगंज बिधायक संदीप सौरभ ने कहा कि बृजा प्रसाद यादव पालीगंज इलाके में शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगानेवालो में से एक थे जिन्होंने पूरी जीवन शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े रहे। वही पाटलीपुत्रा लोकसभा के सांसद रामकृपाल यादव के पुत्र अभिमन्यु यादव ने कहा कि ऐसे महान हस्ती का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखी जानी चाहिए। जबकि पालीगंज प्रखण्ड मुखिया संघ के अध्यक्ष आनन्द कुमार यादव ने बताया की बृजा प्रसाद यादव शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद पालीगंज में आर बी अकेडमी नामक निजी संस्था स्थापित कर बच्चों को शिक्षा देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाते रहे। इन्होंने अपनी पहचान एक योग्य सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में बनाया। मौके पर स्थानीय सांसद पुत्र अभिमन्यु यादव, पालीगंज बिधायक संदीप सौरभ, पालीगंज प्रखण्ड मुखिया संघ के अध्यक्ष आनन्द कुमार, पूर्व मुखिया रामबीनेश पासवान, भाजपा के पटना जिला महामंत्री रवि कुमार, चंद्रेश नारायण यादव, भाजपा के पालीगंज नगर मंडल महामंत्री दुर्गेश नारायण यादव, अखिलेश नारायण यादव, ज्वाला स्वरूप, राजा बाबू, व नवल यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

निलंबित ग्रंथी गुरुदयाल से 48 घंटे में मांगा जवाब, वर्ना सेवा से बर्खास्त

7 दिसंबर को पत्र जारी कर दूसरे दिन से राजगीर के शीतल कुंड गुरुद्वारा में लगाई गई थी ड्यूटी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के सिंह साहिबान में शामिल ग्रंथी गुरदयाल सिंह के प्रति तख्तश्री कमेटी ने कड़ा पत्र जारी किया है। कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने जारी पत्र में कहा गया है कि आपकी ड्यूटी सात दिसंबर, 22 को जारी कार्यालय आदेश के माध्यम से राजगीर के गुरुद्वारा शीतल कुंड में लगाई गई थी। कार्यालय आदेश आदि के संबंध में आपसे लिखित जवाब मांगा गया था कि आपको अगले आदेश तक ड्यूटी से क्यों नहीं निलंबित कर दिया जाए।
मगर कार्यालय में अब तक आपकी ओर से कोई लिखित जवाब नहीं मिल पाया है। साथ ही आप ड्यूटी से निलंबित भी हैं। इसके बाद भी आप तख्त साहिब पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जो कानूनन सरासर गलत है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आपने प्रबंधन समिति के प्रति अपनी जवाबदेही को नहीं समझा है। इस कारण से आपको तख्त साहिब में कर्मचारियों की ड्यूटी करने का कोई अधिकार नहीं है।
तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने चार जनवरी को जारी पत्र में कहा है कि आपको 48 घंटे का अंतिम समय दिया जाता है। इस बीच उक्त घटना के संबंध में अपना लिखित जवाब कार्यालय में जमा करें। इस दौरान आप तख्त साहिब (जन्म स्थान) पर ड्यूटी पर नहीं जाएंगे। इस आदेश के उल्लंघन की स्थिति में प्रबंधक समिति को आपकी ड्यूटी (सेवा) समाप्त करने पर विचार करना होगा। इसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। महासचिव इंद्रजीत सिंह ने सिंह साहिब कार्यवाहक जत्थेदार भाई बलदेव सिंह से अनुरोध किए हैं कि भाई गुरदयाल सिंह तख्त साहिब में अपनी सेवाएं प्रदान नहीं करें, इसे ध्यान में रखते हुए उचित कार्रवाई करें। विदित हो कि श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा छह दिसंबर को जारी हुक्मनामा में ग्रंथी गुरदयाल सिंह की सेवा सिंह साहिबान पंज प्यारे से हटा कर अन्यत्र करने का निर्देश दिया गया था। इसी के बाद सात दिसंबर को कार्यकारी अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही एवं उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने पत्र जारी कर ग्रंथी गुरदयाल सिंह की सेवा गुरुद्वारा शीतल कुंड, राजगीर में करते हुए आठ दिसंबर से वहीं सेवा करने का पत्र जारी किया था। इसे अब तक गुरदयाल सिंह के द्वारा नहीं माना गया है और निलंबित रहने के बाद भी दरबार साहिब के गर्भ गृह में अपनी सेवा जारी रखे हैं।

राज्यस्तरीय युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

प्रात:किरण संवाददाता। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, से प्राप्त निदेश के आलोक में दिनांक 8 एवं 9जनवरी को राज्यस्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय राज्यस्तरीय युवा उत्सव में समूह गायन, समूह लोकनृत्य, एकांकी नाटक, शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन, , वक्तृता (हिन्दी, अंग्रेजी) चाक्षुष कला इत्यादि विधाओं की प्रतियोगिता की जानी है, बिहार राज्य के सभी जिलों के चयनित प्रथम स्थान प्राप्त कलाकार की भागीदारी होनी है। उत्सव आयोजन हेतु आवासन, परिवहन, भोजन, पुरस्कार,प्रमाण पत्र, विधि व्यवस्था, मीडिया, स्वास्थ्य, निबंधन, उद्घाटन, स्वागत, समापन जैसे समितियों का गठन उनके दायित्व के संबंध में जिला पदाधिकरी ने बैठक कर सभी को आवश्यक निदेश दिये । राज्यस्तरीय युवा उत्सव में आने वाले पदाधिकारियों, निर्णायक मंडल एवं प्रतिभागियों के आवासन एवं निबंधन उनके आवासन पर किया जाएगा। उद्घाटन के साथ ही प्रतिभागियों के निबंधन का कार्यक्रम दिनांक 8जनवरी को 10:00 बजे पूर्वाह्न से किया जाएगा। आवासन स्थल के रूप में महिला शिल्प कला महाविद्यालय, मुखर्जी सेमीनरी विद्यालय, जिला स्कूल, द्वारिका नाथ उच्च विद्यालय एवं बी0बी0 कॉलेजिएट प्रस्तावित है। साथ ही कार्यक्रम स्थल के रूप में क्लब मैदान मुजफ़्फरपुर जिला परिषद सभागार, नगर भवन हॉल, जुब्बा सहनी आम्रपालीआडोटोरियम, एम0आई0टी0 आडोटोरियम, मुजफ्फरपुर प्रस्तावित है। बैठक मेंआवासन स्थल का साफ-सफाई, रंग-रोगन, मरम्मती, शौचालय,बाथरूम की साफ-सफाई एवं मरम्मति, पानी की आपूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था करने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य को अस्थायी शौचालय एवं अस्थायी चापाकल लगाने का ससमय कराने का निदेश दिया गया। विद्युत कार्यपालक अभियंता शहरी-1 एवं 2, मुजफ्फरपुर सभी आवासन स्थल में की गई विद्युत कनेक्शन की जाँच करवाकर आवश्यकतानुसार मरम्मती करवाने का निदेश दिया गया। राज्यस्तरीय युवा महोत्सव 2023 के अवसर पर आने वाले प्रतिभागियोंके लिए निर्धारित प्रत्येक आवासन स्थल पर पारामेडिकल स्टाफ की प्रतिनियुक्ति के साथ -साथ आवश्यक दवायें की उपलब्धता करने का निदेश दिया गया। कार्यक्रम के अवधि में सभी आवश्यक उपकरण के साथ एम्बुलेंस भी तैयार अवस्था में रखने का निदेश दिया गया।

मल्लिकार्जुन बोले- वो लड़ाई कराते हैं, हमारा काम जोड़ना

'युवा क्या पकोड़े तलेंगे' - बांका में इखढपर बरसे मल्लिकार्जुन खरगे

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ करने बांका पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि महागठबंधन की सरकार मजबूत हो। इसमें सबके स्वाभिमान की रक्षा हो। सबको जगह मिले। भाजपा लड़ाई कराती है। हमारा काम जोड़ना है। जोड़ने के लिए ही बिहार में 1200 किमी की यात्रा की जा रही है। बांका में मंदार पर्वत की गोद में आयोजित कार्यक्रम में खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा मंहगाई और बेरोजगारी के विरुद्ध है। मोदी साहब ने हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था। क्या यह पूरा हुआ। कन्याकुमारी से कश्मीर तक देश में 50 लाख पद खाली हैं। युवाओं को स्थाई बहाली चाहिए। अग्निवीर में चार वर्ष देश की सेवा करने के बाद युवा क्या पकोड़े तलेंगे। कांग्रेस कुछ न करती तो मैं पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष न होता खरगे ने कहा कि मोदी साहब कहते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल के शासन में कुछ नहीं किया। अगर कांग्रेस कुछ नहीं करती तो चाय बेचने वाले मोदी आज प्रधानमंत्री नहीं होते और न ही मुझ जैसा गरीब घर से आने वाला आदमी कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष होता। कांग्रेस ने लोकतंत्र और संविधान को बचाया है। देश के लिए भाजपा नहीं, कांग्रेस ने लड़ाई लड़ी है। नेहरू की देन हैं आईआईटी और एम्स : खरगे कांग्रेस के नेता जेल गए। नेहरू ने योजनबद्ध तरीके से विकास किया। आईआईटी और एम्स उन्हीं की देन हैं। बिहार दुनिया को रोशनी देने वाला राज्य है। लेकिन यहां की आर्थिक स्थिति कमजोर है। रोजगार के साधन कम हैं। कारखाने नहीं हैं। काम की तलाश में यहां के लोगों को पलायन करना पड़ता है। इसका समाधान निकालना होगा। सभा मंच के डी एरिया में कार्यकताओं के पहुंचने से हुई परेशानी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में मंच के आगे वीआईपी एरिया में अव्यवस्था का माहौल रहा। वीआईपी मंच के ठीक सामने डी एरिया में काफी संख्या में लोगों की पहुंच जाने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शुरू में आयोजन समिति द्वारा कुछ कुर्सियां ही सिर्फ पत्रकारों के लिए लगाई गई थीं। लेकिन बाद में कुर्सियों का कारवां बढ़ता गया और नेता लोग बैठते चले गए। धीरे-धीरे दोनों मंच का डी एरिया पूरी तरह से भर गया। इस कारण से जहां सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन को परेशानी हुई। वहीं, पत्रकारों को भी परेशानी का सामना उठाना पड़ा। डी एरिया में अधिकांश छोटे स्तर के नेताओं ने कुर्सी को कब्जा लिया था। यही स्थिति सभा स्थल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पहुंचने के समय हुई। अफरा-तफरी के माहौल में मुख्य मंच पर काफी संख्या में बाहरी लोग भी जमा हो गए थे। जिन्हें मंच पर आने की अनुमति प्राप्त नहीं थी। इस कारण से कांग्रेसी नेताओं को मंच संचालन में भी बाधा हो रही थी। डी एरिया में अनाधिकृत लोगों के प्रवेश से पीछे बैठे कुर्सी पर सभा को सुनने आए लोगों को परेशानी के बीच भाषण सुनना पड़ा। राष्ट्रीय अध्यक्ष का भाषण शुरू होते ही पीछे की कुर्सियों से लोग उठकर मंच की तरफ आ गए। सभा को सुनने आए लोगों के लिए पानी तक की भी व्यवस्था नहीं की गई थी। इस कारण से सभा में आए बुजुर्ग एवं बच्चों को दिक्कत हुई। मुख्य मंच पर भी राष्ट्रीय अध्यक्ष को माला पहनाने एवं अंग वस्त्र देने में अफरा-तफरी की स्थिति रही। बाद में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कुर्सी पर बैठकर ही स्वागत करवाया। काफी देर तक कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं रहने से हुई परेशानी इधर, पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं रहने से सभा में भाग लेने आए लोग सड़क के दोनों किनारे जैसे-तैसे बाहर खड़ा कर दिए। इस कारण से सभा समाप्त होने के बाद वाहनों की लंबी कतार लग गई। काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम के कारण सभा समाप्त होने के एक घंटे बाद भी वाहनों का निकलना जारी था। प्रशासन भी सभा में आए वाहन पार्किंग की व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं था।

मुख्यमंत्री जनता की समस्याओं के समाधान हेतु लगातार रहते हैं तत्पर : मदन सहनी

जदयू प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यकर्त्ताओं के दरबार कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री एवं परिवहन मंत्री हुए शामिल

● जातीय व सांप्रदायिक तनाव फैलाना भाजपा का ऐजेंडा : शीला मंडल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने एवं जनसमस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यकताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम में गुरुवार को समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी एवं परिवहन मंत्री शीला मंडल सम्मिलित हुए। इन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। कार्यक्रम के बाद विपक्ष द्वारा मुख्यमंत्री की समाधान यात्रा पर दिए गए बयान संबंधी पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि विपक्ष तो हर बात पर सवाल उठाएगा ही। जनता की समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री लगातार तत्पर रहते हैं और उनके द्वारा जनता की समस्याओं का लगातार समाधान किया जाता रहा है। वैसे जब तक पृथ्वी रहेगा तब तक समस्या भी रहेगा और किसी भी समस्या के सामने आने पर बिहार के मुख्यमंत्री और जननेता होने के नाते उनकी जिम्मेवारी है उन समस्याओं का निदान करें। मुख्यमंत्री जनता की समस्याओं के निदान के लिए ही यात्रा पर गए हैं और निश्चित रूप से उनका समाधान होगा। विपक्ष ऐनकेन प्रकारेण सत्ता में आने के लिए बेचैन और परेशान है। उनके इस प्रयत्न में जो बाधा और व्यवधान है उसके किसी भी काम को वो अच्छा कैसे कहेंगे। कांग्रेस की यात्रा संबंधी एक सवाल के जवाब में मदन सहनी ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तो लंबे समय से भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। हम लोगों को समाचार के माध्यम से जानकारी मिली है कि उनके वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष बांका से इस यात्रा का शुभारंभ करने जा रहे हैं। यह अच्छा है और उनकी यात्रा स्वागत योग्य है। राहुल गांधी की यात्रा का पूरे देश में स्वागत हो रहा है। देश भर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नफरत फैलाया जा रहा है और आपस में लोगों को बांटने का काम किया जा रहा है, उस दृष्टिकोण से यह स्वागत योग्य यात्रा है और इसमें सभी जन समुदायों का सहयोग करना चाहिए। परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि भाजपा के लोग सिर्फ जनता को ठगने का काम करते हैं और पूरे देश में जातीय और सांप्रदायिक तनाव फैलाने के एजेंडे में लगए हुए हैं। दूसरी ओर हमारे नेता माननीय मुख्यमंत्री का विश्वास जनता के लिए काम करने और उनकी समस्याओं के समाधान पर रहता है। बिहार में महिलाओं को हर क्षेत्र में आरक्षण दिया जा रहा है और उनके सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही अनगिनत योजनाएं पूरे देश में एक मिसाल बन चुकी हैं। यहाँ किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाता और अब तो बिहार में जातीय गणना शुरू हो रही है। इस बार की मुख्यमंत्री की यात्रा का उद्देश्य उसके नाम से ही स्पष्ट है, यात्रा के दौरान जनता की समस्याओं को समझने और उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

विदेशी कपड़ा छोड़ें,खादी पहनें : तेज प्रताप यादव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री तेज प्रताप यादव खादी मॉल पहुंचे। मॉल में बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार ने उनका स्वागत जूट का पुष्पगुच्छ देकर किया। इसके बाद मंत्री तेज प्रताप यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उन्होंने चरखा चलाकर भी देखा। खादी मॉल में उन्होंने शॉपिंग भी की। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेज प्रताप यादव ने कहा कि खादी हमारी संस्कृति का परिचायक है। खादी गांधी जी को पसंद था और मुझे भी बहुत पसंद है। मैं हमेशा खादी मॉल में आया करता हूं। मेरा बिहार वासियों से अनुरोध है कि सभी बिहार वासी खादी का कपड़ा पहनें और विदेशी कपड़ों का त्याग करें। उन्होंने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग से लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। अपने विभाग में वह खादी के चादर और दूसरे चीजों के प्रयोग का निर्देश विभागीय अधिकारियों को देंगे। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव ने कहा कि वह तो रोज खादी ही पहनते हैं। अब विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सप्ताह में एक दिन खादी पहनने के लिए भी कहेंगे। उन्होंने कहा कि खादी मॉल का संचालन बेहतर तरीके से हो रहा है। उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ खादी को बढ़ाने के लिए बेहतर प्रयास कर रहे हैं। हम सभी युवाओं और महिलाओं से अपील करेंगे कि खादी पहनें और बिहार के गांवों में बनाए गए प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें।

माले ने दलित उत्पीड़न संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अनुसूचित जाति-जनजाति बिहार राज्य समिति की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में विगत 4 जनवरी को हुई बैठक में भाकपा-माले विधायक दल के उपनेता सत्यदेव राम, फुलवारी विधायक गोपाल रविदास और अगिआंव विधायक मनोज मंजिल ने हिस्सा लिया। माले विधायकों ने पूरे राज्य में जल-जीवन हरियाली योजना के तहत दलितों-गरीबों पर चलाए जा रहे बुलडोजर के मसले को पूरी मजबूती के साथ उठाया। माले विधायक सत्यदेव राम ने कहा कि सरकार कहती है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए किसी भी गरीब का घर तोड़ा नहीं जाएगा, लेकिन कहीं भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। सरकार के बारंबार आश्वासन के बाद भी राज्य के कई जिलों में बरसो बरस से बसे दलित-गरीबों पर बुलडोजर की मार पड़ रही है। उन्हें उजाड़ दिया गया है या उजाड़ने की नोटिस थमा दी गई है। सरकार इसपर रोक लगाए और नया सर्वे कराकर दलितों-भूमिहीनों के लिए नया वास-आवास कानून बनाए। गोपाल रविदास ने राज्य में इस बीच हुए दलित उत्पीड़न व हाजत में हुई मौतों का मसला उठाया। उन्होंने मसौढ़ी के हांसाडीह गांव में शराबबंदी के नाम पर महादलित टोले पर बर्बर पुलिसिया दमन का मामला उठाते हुए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने समस्तीपुर के सातनपुर में एक दलित लड़की के साथ बलात्कार व हत्या का भी मामला उठाया। जहानाबाद में हाजत में हुई मौत और बेगूसराय में दलित उत्पीड़न की घटनाओं को सविस्तार रखते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बाथे-बथानी-नगरी जैसे दलित जनसंहारों की अद्यतन रिपोर्ट सरकार से मांगी और टाडा के तहत जेल में बंदियों की रिहाई की भी मांग की। कहा कि टाडा के तहत अरवल के 14 दलित व अन्य जाति समुदाय के लोगों ने बीस वर्षों की अपनी सजा की अवधि पूरी कर ली है, लेकिन अब भी कई दलित लोग जेल से रिहा नहीं हुए हैं। इन्हें अविलंब रिहा किया जाए।

मनोज मंजिल ने चांदी लॉज आरा, अंबेदकर छात्रावास पटना समेत बिहार के दलित छात्रावासों की ग्राउंड रिपोर्ट से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया। उन्होंने भोजपुर के जगदीशपुर में महादलितों के सुअर की हुई मौत का मसला उठाते हुए उसके मुआवजे की मांग की। महादलित टोले तक पहुंच पथ की स्थिति से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया और इस संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा। भाकपा-माले विधायकों ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारे ज्ञापन पर मुख्यमंत्री गंभीरता से विचार करेंगे और ठोस कार्रवाई करेंगे।

रायपुर मंडल : एनआई कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मण्डल पर जयपुर-बांदीकुई रेलखण्ड के मध्य स्थित खातीपुरा स्टेशन को उपनगरीय स्टेशन बनाने का कार्य काफी तीव्र गति से किया जा रहा है । इसी क्रम में स्टेशन के रिमॉडलिंग कार्य के लिए 08 से 20 जनवरी तक प्री-एनआई तथा एन.आई. कार्य के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल से खुलने/पहुंचने तथा गुजरने वाली ट्रेनों के परिचालन में निम्नानुसार बदलाव किया गया हैः रद्द की गई ट्रेनेंः बीकानेर जंक्शन से 19 जनवरी को प्रस्थान करने वाली 12495 बीकानेर-कोलकाता प्रताप एक्सप्रेस । कोलकाता से 20 जनवरी को प्रस्थान करने वाली 12496 कोलकाता-बीकानेर प्रताप एक्सप्रेस । किशनगंज से 06 से 17 जनवरी तक प्रस्थान करने वाली 15715 किशनगंज-अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस । अजमेर से 9 से 19 तक प्रस्थान करने वाली 15716 अजमेर-किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस। परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनेंः अजमेर से 20 जनवरी को प्रस्थान करने वाली 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग जयपुर-सवाई माधोपुर-भरतपुर जंक्शन के रास्ते किया जाएगा । पोरबंदर से 19 जनवरी को प्रस्थान करने वाली 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग फुलेरा जं.-रिंगस-रेवारी के रास्ते किया जाएगा । नियंत्रित कर चलायी जाने वाली ट्रेनेंः 21 से 25 जनवरी तक अजमेर से प्रस्थान करने वाली 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस कनकपुरा स्टेशन पर 20 मिनट नियंत्रित की जाएगी । 23 एवं 24 जनवरी को अजमेर से प्रस्थान करने वाली 15716 अजमेर-किशनगंज गरीब नवाज एक्सप्रेस कनकपुरा स्टेशन पर 45 मिनट नियंत्रित की जाएगी । 20 जनवरी को पोरबंदर से प्रस्थान करने वाली 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस कनकपुरा स्टेशन पर 20 मिनट नियंत्रित की जाएगी ।

राजेंद्रनगर टर्मिनल-सहरसा एक्सप्रेस में लगेंगे साधारण श्रेणी के अतिरिक्त 02 कोच

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु दिनांक 09 जनवरी से राजेंद्रनगर टर्मिनल और सहरसा के मध्य संचालित की जा रही गाडी संख्या 13227/13228 राजेंद्रनगर टर्मिनल- सहरसा-राजेंद्रनगर टर्मिनल इंटरसिटी एक्सप्रेस के कोच संयोजन में बदलाव करते हुए स्थायी रूप से साधारण श्रेणी के अतिरिक्त 02 कोच लगाए जाएंगे। कोच संयोजन में बदलाव के पश्चात इस ट्रेन में चेयरकार के 09, वातानुकूलित चेयरकार के 01, साधारण श्रेणी के 08, तथा एसएलआर एवं लगेज/ब्रेक भान के क्रमशः एक-एक कोच सहित कुल 20 कोच लगेंगे ।

प्रधानमंत्री के लिए 2024 में कोई वैकेंसी नहीं : पारस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने गुरूवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2024 तक देश में प्रधानमंत्री पद के लिए कोई जगह खाली नहीं है। आगे श्री पारस ने कहा कि देश में मैंने बहुत से प्रधानमंत्री को देखा लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तरह काबिल और कर्मयोगी प्रधानमंत्री मैंने अभी तक नहीं देखा। पूरा विश्व से लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति ने भी नरेन्द्र मोदी जी को लोहा माना है, चाहे देश में नोटबंदी, कोरोनाकाल हो, देश के गरीब लोगों का वन नेशन वन कार्ड के तहत एक साल तक मुफ्त राशन तथा आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख रुपए तक गरीब लोगों के लिए मुफ्त में ईलाज का मामला हो सभी में प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा चलाये जा रहे योजना को देश में गरीबों, पिछड़ों एवं दलितों को लाभ मिल रहा है। आगे श्री पारस ने पत्रकारों को कहा कि बिहार में सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ बिजली केन्द्र सरकार की ही देन है, इनके द्वारा दी जा रही सुविधाएं यहां के आम जनता तक पहुँच रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का समाधान यात्रा पर श्री पारस ने कहा कि इससे पहले भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल में तेरह यात्राएं कर चुके हैं लेकिन इसका नतीजा क्या निकला। वैसे मैं इनके यात्रा को शुभकामना और बधाई देता हूँ कि बिहार को करीब से देखने का मौका मिल रहा है, मुख्यमंत्री के नाते यात्रा करना कोई गुनाह नही है। देश के यात्रा पर श्री पारस ने कहा कि ये अपने पार्टी को राष्ट्रीय मान्यता दिलाने के लिए यात्रा करें लेकिन इससे इनकों कोई फायदा नहीं होगा। महागठबंधन के कई नेता प्रधानमंत्री के उम्मीदवारी के लिए लाईन में लगे हुए हैं, इन सभी नेताओं में त्याग की भावना नही है। आगे श्री पारस ने कहा कि एनडीए 2024 में एक तिहाई बहुमत से सरकार बनायेगी और दोबारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एनडीए के सम्मानित प्रधानमंत्री बनेगें। आपसभी ने बिहार विधानसभा की तीन सीटों पर हुए उपचुनाव को देखा लेकिन नरेन्द्र मोदी के किये हुए कार्यों से प्रभावित होकर दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा समुदाय के लोगों ने एनडीए के पक्ष में अपना वोट किया। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि श्री पारस ने बिहार में महागठबंधन सरकार पर कहा कि ये सरकार कुछ ही दिनों की मेहमान है, क्योंकि महागठबंधन में आपसी विवाद चरम पर है, महागठबंधन के कई नेता नीतीश कुमार का विरोध कर रहे हैं।

चार दिवसीय इलेक्ट्रिक ट्रेड एक्सपो का उद्घाटन आज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन 6 जनवरी से 9 जनवरी तक एक भव्य इलेक्ट्रिक ट्रेड एक्सपो का आयोजन वीर चंद पटेल पथ पटना स्थित न्यू पटना क्लब में आयोजित कर रहा है। एसोसियेशन के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि चार दिवसीय सातवाँ इलेक्ट्रिक ट्रेड एक्सपो वीर चंद पटेल पथ पटना स्थित न्यू पटना क्लब में आयोजित किया जा रहा है। इस एक्सपो में देश भर से आई 45 कंपनियाँ शिरकत कर रही हैं। एक विशाल जर्मन हेंगर के अंदर 69 छोटे-बड़े स्टाल लगाये गये हैं। बिहार के अतिरिक्त ऐंकर, हैवेल्स, पॉलिकैब, ग्रेटव्हाइट, आर आर केबल, कलर्स, सहित कई नामी गिरामी कम्पनियों के स्टॉल इस विशाल एक्सपो में दिखेंगे। चार दिन तक चलने वाले इस एक्सपो में प्रतिदिन बीस हजार विजिटर्स के आने का अनुमान है। इस एक्सपो से आम जनता को बिजली के सैकड़ों नए नए उत्पादों की जानकारी होगी। साथ हीं बिहार के कोने कोने से बिजली कारोबार से जुड़े हजारों व्यवसाई इस एक्सपो से लाभान्वित होंगे। 6 जनवरी को 12.30 बजे इस इलेक्ट्रिक ट्रेड एक्सपो का उद्घाटन उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ करेंगे। एक्सपो के मेन स्पॉन्सर, ऐंकर बाई पैनासोनिक, के नेशनल मार्केटिंग हेड, सुनील नरूला एक्सपो के गेस्ट ऑफ ऑनर हैं। उपरोक्त जानकारी संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार, सचिव प्रकाश अग्रवाल एवं एक्सपो के चेयरमैन विशाल अग्रवाल ने दी। मौके पर संगठन की कार्यकारिणी के अनिल रिटोरिया, संदीप सर्राफ, रमेश अग्रवाल, अमित जालान, राजीव चौहान, प्रमोद कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

साइबर अपराधियों ने अधिकारी के खाते से निकाले 1.38 लाख

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी में साइबर अपराधियों का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। साइबर ठगों के मायाजाल को तोड़ने वाला साइबर सेल लगातार इसके गिरोह पर अपनी पकड़ बना रहा है। जबकि साइबर ठग नए नए तरकीबों को ईजाद कर लोगों के कमाई को बड़ी चालाकी से उड़ा ले रहे है। ताजा मामला एक अधिकारी का है। जिनका बीते दिनों साइबर ठगों ने उसके अकाउंट से 1 लाख 38 हजार रुपए की निकासी साइबर ठगो ने पे- फोन के जरिये कर ली है। पीड़ित अधिकारी की माने तो बीते दिसंबर माह के 25 तारीख को कोर्ट बंद होने के बाद उनके अकाउंट से ये फजीवाड़ा हुआ है। जिसकी जानकारी पीड़ित को कोर्ट खुलने के बाद हाई कोर्ट स्थित एसबीआई के ब्रांच से रुपए निकलने के समय पता चला। पीड़ित की माने तो पे-फोन से रुपये निकलने के बाद भी उनके मोबाईल पर किसी तरह का मैसेज नहीं आया। वही बैंक द्वारा किये जाँच में ये राशि दो लोगो के अलग अलग अकाउंट में डाला गया है। हालाँकि इसकी शिकायत करने पीड़ित अधिकारी कोतवाली थाना पहुंचे थे। जहाँ से पीड़ित को साइबर सेल भेजा गया है।

बीएसएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज दुर्भाग्यपूर्ण :अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द सिंह ने कहा है कि दस लाख नौकरी देने के वादे की भरपाई दस - दस हजार लाठिया अभियार्थियो पर बरसाकर कर रही है सरकार। श्री अरविन्द ने कहा है कि सरकार पहले जायज मांग करने पर सीटेट- बीटेट अभ्यर्थियों पर निर्लजता पूर्वक लाठियां बरसाई गई। अब पेपर लीक के खिलाफ परीक्षा रद्द करने के बिल्कुल ही वाजिब मांग करने पर भी बीएसएससी अभियार्थियो पर कड़ाके की ठंड में बेरहमी से लाठियां बरसाई गई। अब ऐसा लगता है जब तक वह युवाओं पर 10 लाख डण्डे नहीं बरसाएंगे तब तक उनको शांति नहीं मिलेगी। अपने 10 लाख सरकारी नौकरी युवाओं को देने के वादे को इंस्टॉलमेंट में समय समय पर दस दस हजार लाठिया बरसा कर पूरा कर रही है बिहार सरकार। बीएसएससी अभ्यर्थियों पर पटना के डाकबंगला चौक पर उनके जायज मांग के विरोध में जिस तरह से पुलिसिया जुल्म का शिकार हुए

लोजपा रा की जिला व नगर विस्तार प्रमुखों की तीसरी सूची जारी

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश विस्तार प्रमुख अजय कुशवाहा ने संगठन का विस्तार करते हुए जिला व नगर विस्तार प्रमुखों की तीसरी सूची जारी की। नव नियुक्त विस्तार प्रमुख की जिम्मेवारी मोहम्मद दानिश परवेज - जिला विस्तार प्रमुख पश्चिम चंपारण, मनोज कुमार अरुण-बेतिया, जवाहर प्रसाद यादव- बगहा जिला विस्तारक के पद पर मनोनीत किए गए हैं। इस मौके पर श्री कुशवाहा ने सभी नवनियुक्त जिला/नगर विस्तार प्रमुखों का लोजपा रामविलास में हार्दिक स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सभी साथी राष्ट्रीय अध्यक्ष के विजन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को जन -जन तक पहुंचाने में महती भुमिका निभाएंगे।

रालोजपा के पूर्व प्रवक्ता ने किया पार्टी में बड़ी टूट का दावा

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने दावा किया है कि खरमास के बाद पार्टी में बड़ी टूट होगी। पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने कहा कि रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस से पार्टी के अधिकांश नेता एवं कार्यकर्ता नाराज हैं , यहां तक की पार्टी के कई सांसद पारस के कार्यशैली से नाखुश हैं। अग्रवाल ने कहा कि 2021 जून महीने में लोक जनशक्ति पार्टी को तोड़कर राष्ट्रीय लोजपा के स्थापना करने के बाद आज तक पारस राज्य के किसी भी जिले में कार्यकताओं के बीच नहीं गए हैं वे ज्यादातर समय दिल्ली में ही बिताते हैं और दिल्ली में ही बैठकर राज्य में एनडीए को मजबूत करने की बयान देते रहते हैं। उनका एनडीए को मजबूत करने की बात करना एकदम से हास्यास्पद है। जो व्यक्ति अपने कार्यकताओं और नेताओ को साथ लेकर नहीं चल सका तथा अपनी पार्टी को मजबूती प्रदान नहीं कर सका। ऐसे लोग ऐनडीए को बिहार में क्या मजबूत कर पायेंगे । पार्टी के विभाजन के बाद राज्य में उन्होंने अपनी पार्टी और संगठन को मजबूत करने की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं किया ना ही कोई दिलचस्पी पार्टी को मजबूत करने में उनके द्वारा दिखाई गई। पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल ने कहा कि यहां तक की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनको खाद्य प्रसंस्करण उद्योग विभाग की अहम जिम्मेदारी सौंपी। बिहार में कई जिलों में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन विभागीय मंत्री के रूप में भी उनका कोई महत्वपूर्ण योगदान राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना को लेकर नहीं रहा। पशुपति पारस के गृह जिला खगड़िया में उनके मंत्री बनने के पहले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्र की एनडीए सरकार के द्वारा एक बड़ा मेगा फूड पार्क की स्थापना कराई गई थी। लेकिन उस मेगा फूड पार्क की जमीन का आवंटन बिहार बिआडा ने रद्द कर दिया और जमीन आवंटन रद्द होने के बाद पशुपति पारस ने आज तक बिहार सरकार से कोई वार्ता नहीं किया ना ही कोई समीक्षा किया ना ही वह अपने गरीब जिला खगरिया जाकर मेगा फूड पार्क का निरीक्षण कर सके।

लोजपा रा ने समाधान यात्रा पर उठाया सवाल

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समाधान यात्रा पर तंज कसा है। श्री तिवारी ने कहा है कि नीतीश कुमार सरकारी खर्च पर अक्सर ऐसी यात्राएं करते रहते हैं, लेकिन उन यात्राओं से अब तक जनता को कितना लाभ मिला, यह भी उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए। समाधान यात्रा से पहले नीतीश कुमार को अपने पहले की यात्राओं का लेखा, जोखा देना चाहिए कि उससे अब तक प्रदेश का कितना भला हुआ हैं। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए लोजपा (रा) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि यह प्रदेश की जनता के साथ महज छलावा है। इससे जनता के हित का कोई सरोकार नहीं। श्री तिवारी ने कहा कि सीएम ने अब तक जितनी भी यात्राएं की हैं, उनका मकसद अपने प्रति जनता के मिजाज को टटोलना और फिर उसी हिसाब से वोट,बैंक मैनेज करना है। यह समाधान यात्रा भी अन्य यात्राओं की तरह आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के मद्देनजर प्रायोजित है। बिहार की जिस चित्कार को दिल्ली बैठे लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान सून लेते हैं और अविलंब लोगों का दर्द बांटने पहुंच जाते हैं, उसे सीएम नहीं सुन पाते।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन में दोनों विभूतियों की मनायी गयी जयंती

अंगिका के तपस्वी कवि थे चकोर, नृत्य-ऋषि थे डा मोहिनी

● आयोजित हुआ नववर्षाभिनन्दन कवि-सम्मेलन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अंगिका के तपस्वी साधक थे डा नरेश पाण्डेय ह्यचकोर। अंगिका भाषा और साहित्य के लिए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन न्योक्षावर कर दिया। वे कोमल भावनाओं से युक्त एक ऋषि-तुल्य भक्त कवि और साहित्यकार थे। वहीं दूसरी ओर नृत्य के ऋषि आचार्य थे डा नगेंद्र प्रसाद मोहिनी। नई पीढ़ी को नृत्य में प्रशिक्षित करने तथा नृत्य-साहित्य के लेखन में उनका महान अवदान है। यह बातें गुरुवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, आयोजित हुए जयंती-समारोह एवं नववर्षाभिनन्दन कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि, चकोर जी का प्राण अंगिका में बसता था। डेढ़ सौ से अधिक छोटी-बड़ी पुस्तकों से उन्होंने अंगिका का भंडार भरा। अंग-कोकिल डा परमानन्द पाण्डेय के पश्चात वे दूसरे साहित्यकार थे, जिन्हें अंगिका-गौरव कहा जा सकता है। डा सुलभ ने मोहिनी जी का स्मरण करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण व्यक्तित्व ही मोहक था। वे तन, मन और विचारों से भी सुंदर और गुणी कलाकार तथा आचार्य थे। कलामंत्री के रूप में उन्होंने सम्मेलन को जो सेवाएँ दीं, वो अपूर्व हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी और वरिष्ठ साहित्यकार जियालाल आर्य, सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा चकोर के पुत्र डा विधुशेखर पाण्डेय, डा कैलाश ठाकुर, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, ई आनन्द किशोर मिश्र, डा पल्लवी विश्वास तथा डा बी एन विश्वकर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित नववर्षाभिनन्दन कवि-सम्मेलन का आरंभ कवयित्री चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी और वरिष्ठ कवि बच्चा ठाकुर, शायरा शमा कौसर शमा, ब्रह्मानंद पाण्डेय, डा मोहम्मद नसरुल्लाह नस्र, डा प्रतिभा रानी, डा अर्चना त्रिपाठी, कमल किशोर कमल, श्याम बिहारी प्रभाकर, अर्जुन प्रसाद सिंह, स्तुति झा, विशाल कुमार, डा राकेश दत्त मिश्र, विनय चंद्र, विनोद कुमार झा तथा अजित कुमार भारती आदि कवियों ने काव्य-पाठ कर नव वर्ष का अभिनन्दन किया। मंच का संचालनकुमार अनुपम ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। डा प्रेम प्रकाश, अमन वर्मा, कौशलेंद्र कुमार, अमित कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, डा विभु रंजन, अवध बिहारी शर्मा, प्रेम अग्रवाल, रामाशीष ठाकुर आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित हूं।

पुण्यतिथि पर याद किये गए पूर्व राज्यपाल बलिराम भगत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

महान शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, स्वतंत्रता सेनानी, संसदीय व्यवस्था के ज्ञाता और सुयोग्य प्रशासक पूर्व राज्यपाल बलिराम भगत 12 पुण्यतिथि पर याद किये गए। उनका जन्म बिहार राज्य के पटना सिटी के मेहदी गंज के साधारण परिवार रामस्वरूप यादव के घर में 1 अक्टूबर 1922 को हुआ था। उनकी मृत्यु नई दिल्ली स्थित आवास 2 जनवरी 2011 को हुई थी। वे पटना विश्वविद्यालय के पटना कालेज से कला में स्नातक तथा अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर (गोल्ड मेडलिस्ट) उपाधि प्राप्त की ! भगत जी के राजनीति के प्रति प्रबल रूचि और देश भक्ति ने उन्हें विधार्थी जीवन में ही स्वतंत्रता संग्राम की ओर मोड़ दिया था उन्होंने 1939 में 17 वर्ष की कम उम्र में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से जुड़कर केन्द्रीय राजनीति में उच्च शिखर तक पहुँचने में कामयाबी हासिल की उन्होंने पार्टी द्वारा देश के विदेशी शासन से मुक्त कराने के लिए शुरू किये गए अन्य कई संघर्षो में भाग लिया! सन् 1942 के भारत छोडो. आन्दोलन में शामिल होने के लिए कालेज छोड़ दी और दो वर्षों तक भूमिगत रहकर लडाई लडते रहे।

1950 में वे अंतरिम लोकसभा सदस्य के लिए निर्वाचित हुए। सर्वप्रथम जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में केन्द्रीय वित उप मंत्री बने और लगातार सात वर्षों तक इस पद पर बने रहे। 19 76 को पांचवी लोकसभा का स्पीकर चुने गए उस समय देश में आपातकाल लगा हुआ था स्पीकर की पद पर रहते हुए कम समयावधि सदन की कार्यवाही में अमिट छाप छोडी जिससे सदन याद करती है। कई वर्षों तक विदेश मंत्री के पद पर बने रहे। 1993 से 98 तक राजस्थान के राज्यपाल पद का भी सुशोभित किया। राजनीतिक विश्लेषक रंजय कुमार यादव ने कहा कि उन्होंने लम्बी अवधि तक राजनीतिक तथा संसदीय जीवन व्यतीत किया । वे भारतीय राजनीति के पुरोधा रहते हुए ख्यातिलब्ध पत्रकार, लब्धप्रतिष्ठ लेखक एवं अर्थशास्त्री के साथ सरल स्वभाव के मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। श्री कृष्ण सेवा न्यास परिषद् बिहटा पटना के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष गोवर्धन पूजा महोत्सव के अवसर पर राजनीति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सांसदों, विधायक एवं विधान परिषद सदस्यों को बलिराम भगत स्मृति अवार्ड से सम्मानित किया जाता है उनके 12 वी पुण्यतिथि पर सादर नमन।

संक्षिप्त खबरें

नगर निकाय के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण 13 जनवरी को, आयोग ने आदेश किया जारी

समस्तीपुर। नगर निकाय के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण 13 जनवरी को होगा। इस बाबत राज्य निर्वाचन आयोग ने 4 जनवरी को आदेश जारी कर दिया हैं। जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि नगर निगम के निर्वाचित मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद व पार्षदों के शपथ ग्रहण जिलाधिकारी करवाएंगे। वहीं नगर परिषद के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद व पार्षदों का शपथ ग्रहण जिलाधिकारी द्वारा अपर समाहर्ता स्तर के पदाधिकारी से करवाया जाएगा। जबकि नगर पंचायत के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षदों व पार्षदों का शपथ ग्रहण जिलाधिकारी स्तर से नियुक्त वरीय उप समाहर्ता या उससे ऊपर के पदाधिकारी करवाएंगे। बता दें कि समस्तीपुर जिले में कुल आठ नगर निकायों में समस्तीपुर नगर निगम, दलसिंहसराय, रोसड़ा, पटोरी और ताजपुर नगर परिषद एवं सरायरंजन, मुसरीघरारी और सिंघिया नगर पंचायत शामिल है। इन सभी के नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों, उप मुख्य पार्षदों एवं मुख्य पार्षद सदस्यों का शपथ ग्रहण नगर पालिका की पहली बैठक में 13 जनवरी को संपन्न होना है। जिसके बाद सें नगर निकाय की सरकार कार्यरत हो जाएगी।

मुसरीघरारी में अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर प्लाईवुड लदे पिकअप वैन को लूटा

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के फतेहपुर स्थित काली मंदिर के निकट एनएच 28 पर अपराधियों ने प्लाईवुड लदी एक मालवाहक पिकअप वैन लूट की बड़ी घटना को अंजाम दिया। घटना को लेकर भागलपुर जिले के पीरपैंती थाना अंतर्गत सुंदरपुर वार्ड 8 निवासी वैन चालक गोपाल पासवान ने मुसरीघरारी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में वैन चालक ने कहा है कि वह मुजफ्फरपुर स्थित जय शिवम मोल्डिंग एंड प्लाईवुड दुकान के मालिक राजकुमार सर्राफ के यहां वाहन चालक के रूप में 5 वर्षों से कार्यरत हैं। 1 जनवरी 2023 की देर रात वह पिकअप वैन पर दुकान से प्लाईवुड लादकर रांची के लिए चला था। इस दौरान मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के फतेहपुर काली मंदिर के निकट एनएच 28 पर एक सफेद रंग के कार ने ओवरटेक कर पिकअप वैन को रोक दिया। इसके बाद एक अपराधी ने पिस्तौल के बल पर उसे जबरन नीचे उतार दिया। वहीं दूसरे अपराधी ने चाबी छीन लिया। उसके बाद पिकअप लेकर भाग गये।

डीसीएम चार चक्का वाहन चोरी की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के साखमोहन कर्रख वार्ड 05 से डीसीएम माल वाहक गाड़ी दरवाजे से अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गई। घटना को लेकर केराई मजकोठी वार्ड 09 निवासी वीरेंद्र रजक का पुत्र अनिकेत कुमार ने विभूतिपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि एक वर्ष पहले मेरे पिताजी सेकंड हैंड डीसीएम चार चक्का मालवाहक वाहन खरीदे। मेरे पिता दिल्ली में मजदूरी करते हैं। मैं अपने जीजा साखमोहन कर्रख वार्ड 05 निवासी गुलशन कुमार के यहां रहकर भूसा का डिपो खोलकर भूसा बेचते हैं। 24 दिसंबर को रात्रि मेरे जीजा गुलशन कुमार बेगूसराय से मुर्गी दाना खाली कर गाड़ी को डिपो पर लगाकर खाना खाकर सो गया। सुबह उठा तो गाड़ी गायब थी। अज्ञात चोरों के द्वारा गाड़ी चोरी कर दी गई। विभूतिपुर थाना मामले की प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मोटरसाइकिल चोरी को लेकर पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महथी दक्षिण एकडारा निवासी राम सुरेश यादव के पुत्र मनोज यादव ने मोटरसाइकिल चोरी को लेकर थाने में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया कि 31 दिसंबर को सब्जी खरीदने के लिए अपनी मोटरसाइकिल पंजीयन संख्या बीआर 9जे 2778 से सिंघिया घाट सब्जी मंडी गया। सब्जी खरीद कर वापस लौटे तो गाड़ी गायब था। पीड़ित ने थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

शराब मामले में गिरफ्तार तीन कारोबारी को पुलिस ने भेजा जेल

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मालीपुर हाट के समीप शराब बरामदगी मामले में पुलिस ने 3 युवकों को गिरफ्तार किया था। जिन्हें पूछताछ के उपरांत गुरुवार को जेल भेज दिया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष राजकिशोर राम ने बताया कि गिरफ्तारी कारोबारी की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के कुढवा गांव निवासी साजन कुमार दास, वारिसनगर थाना क्षेत्र के गोही गांव निवासी पारस कुमार एवं कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गुरिया पकरी गांव निवासी विशाल कुमार राय के रूप में हुई है। ज्ञात हो कि बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मालीपुर हाट के समीप से एक स्कॉर्पियो एक पिकअप तीन कारोबारी सहित चार बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया था।

भीषण ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त, 4 दिनों से नहीं हुआ सूर्य का दर्शन, अलाव का सहारा ठंड भगा रहे लोग

भीषण ठंड के बावजूद भी विभूतिपुर में प्रशासन की ओर से अभी तक मात्र एक-दो जगह की गई अलाव की व्यवस्था

प्रात : किरण संवाददाता

भीषण ठंड से प्रखंड के साथ-साथ जिले में भी जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोग जान बचाने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। 4 दिनों से लोगों को सूर्य का दर्शन नहीं हुआ है। पछुआ हवा के साथ-साथ हार कपकपाने वाली ठंड लगता है लोगों की शरीर में सुई चुभा रही है। घर से निकलना लोगों को मुश्किल सा हो गया। लेकिन विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र में कही भी प्रशासन की ओर से भीषण ठंड के बावजूद भी अलाव की व्यवस्था खानापूर्ति के रूप में मात्र एक से दो जगह कराई गई है।

लोग अपने स्तर से अलाव जलाकर किसी तरह ठंड से मुकाबला कर रहे है। खासकर किसानो की स्थिति और भी दयनीय बनी है। शरीर पर ठीक से वस्त्र भी नही, भीषण ठंड के बावजूद भी किसानो को मवेशी व अपनी फसल के देखरेख के लिए बाहर निकलना पड़ता है। गरीब निःसहाय, बच्चे, बुजुर्ग को तो यह ठंड शत्रु बनकर लगा हुआ है। वहीं भीषण ठंड का देखते हुए जिलाधिकारी के द्वारा निजी एवं सरकारी विद्यालय में पठन-पाठन स्थगित करवाया गया है लेकिन प्रखंड क्षेत्र में कोचिंग संस्थान इस भीषण ठंड में भी सुबह 6 बजे से संचालित हो रही है। जो देर संध्या तक चलती है। इसके लिए प्रशासन भी अनभिज्ञ है। भीषण ठंड में प्रथम वर्ग से लेकर वरीय कक्षा के छात्र ठंड में ठिठुरते हुए सुबह से ही पढने जाने के लिए विवश है। आखिर इस भीषण ठंड में इन बच्चो के सेहत पर प्रभाव नही पड़ेगा। अगर पड़ेगा तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। खैर जो भी लेकिन बुजुर्ग बताते है कि दो दशक के बाद इस तरह का ठंड महसूस हो रहा है। यहा लोगो को प्रेमचंद्र की पूस की रात वाली कहानी नही पूस की दिन वाली कहानी याद रहेगी। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में प्रत्येक चौक- चौराहे पर अलाव की व्यवस्था कराई जाए। ताकि आम लोगो को कुछ राहत मिल सके। प्रखंड क्षेत्र में अलाव व्यवस्था के संबंध में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी अशोक कुमार यादव ने बताया कि प्रखंड के सिंघिया पंचवटी चौक, सिंघिया मंडी रोड चौक, नरहन बाजार, कल्याणपुर चौक, पीएससी विभूतिपुर एवं प्रखंड मुख्यालय पर अलाव की व्यवस्था की गई है। बता दे कि 29 पंचायत वाले विभूतिपुर प्रखंड में मात्र 4-5 जगह अलाव की व्यवस्था करना ऊंट की मुंह में जीरा की फोरन वाली कहानी चरितार्थ होती है। इतना बड़ा क्षेत्र में यह व्यवस्था नही के बराबर ही कहा जा सकता है। यह तो सिर्फ खानापूर्ति कहा जा सकता है।

आज समस्तीपुर आएंगे भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रूडी, तैयारियां हुई पूरी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी शुक्रवार को समस्तीपुर आएंगे। इस दौरान वे शहर के बारह पत्थर स्थित कपूरी सभागार में विजन बिहार के एजेंडा 2025 कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। जिसमें वे बिहार के पिछड़ेपन के कारण व उसके निदान की बात करेंगे। इसको लेकर गुरुवार को शहर के एक निजी होटल में प्रेस कांफ्रेंस के आयोजन किया गया। जहां विभा के संस्थापक सदस्य यशवंत सिंह ने कहा कि समृद्ध ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के बाबजूद वर्तमान में पिछड़ापन बिहार की एक तरह से नियति बन गई है।

प्राचीन काल से ही बिहार ने लोकतंत्र, शिक्षा, राजनीति, धर्म व ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में देश के साथ दुनिया को मार्गदर्शन देंव का काम किया है। गैर राजनीतिक मंच विजन बिहार एजेंडा 2025 बिहार का पिछड़ापन, बिहार, बिहारी व उनके विकास के मुद्दे पर राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों व देश-विदेश में बसे बिहार की प्रतिभा को अपने मंच पर आमंत्रित कर बिहार की राजनीति में एक एजेंडा स्थापित करने का कार्य करेगी। इस दौरान शंकर आजाद व विनोद सम्राट में बिहार के विकास को लेकर चर्चा की। मौके पर उदय शंकर सिंह, अविनाश सिंह चंदेल, विवेकानंद सिंह, राकेश कुमार सिंह, आलोक कुमार सिंह, कामेश्वर ओझा व उपनिवेश सिंह आदि मौजूद थे।

रेल पुलिस ने दो शव किए बरामद, ठंड लगने से मौत की आशंका की जा रही व्यक्त

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर रेल थाना क्षेत्र के सोनेलाल ढाला के पास से और समस्तीपुर जंक्शन पर पहुंची कटिहार-समस्तीपुर पैसेंजर सवारी गाड़ी से रेल पुलिस ने गुरुवार को दो शव बरामद किए हैं। खबर संप्रेषण तक बरामद दोनों शवों की पहचान नहीं हो पाई थी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि भीषण शीतलहर की चपेट में आने के कारण ठंड लगने से दोनों की मौत हुई होगी। शव मिलने की सूचना उपरांत मौके पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी पुलिस बल के द्वारा शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया गया कि एक्शन रियल थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनेलाल ढाला के पास स्थित गुमटी के पास से बरामद किया गया है। वहीं, दूसरा शव समस्तीपुर जंक्शन पर पहुंची कटिहार समस्तीपुर पैसेंजर सवारी गाड़ी के डी-15 बोगी के शौचालय से बरामद किया गया। दोनों शवों की तलाशी लेने पर ऐसे कुछ कागजात नहीं मिले जिससे उनकी पहचान हो पाती। इस घटना को लेकर जीआरपी थाने में एक यूडी केस दर्ज किया जा रहा है। रेल थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि यात्री का शव 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा शव की पहचान हो जाने पर उसे परिजनों को सौंप दिया जाएगा अगर 70 घंटे बाद भी परिजन नहीं आते हैं तो शव का पुलिस प्रशासन द्वारा अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

जमीन पर दबंगों के जबरन कब्जे के विरोध में पुलिस थाने पर किया अनशन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के कुदवा गांव निवासी हितलाल राय के खितयानी जमीन पर पड़ोसी दबंगों के द्वारा जबरन कब्जा कर लेने का आरोप लगाते हुए हित लाल राय सहित परिवार के अन्य लोगों ने गुरुवार को चकमेहसी थाना परिसर में आमरण अनशन दिया।

इस बात को लेकर पीड़ित व्यक्ति ने जिलाधिकारी, एसपी, डीएसपी, चकमेहसी थाना को लिखित सूचना दिया। इस मामले को ले स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया। इसके बावजूद दबंगों के मिलीभगत से आज तक कोई कार्रवाई नहीं देख पीड़ित परिवार के अन्य लोगों ने तंग होकर सभी बड़े पदाधिकारी को सूचना देते हुए चकमेहसी थाना पर गुरुवार को अनशन शुरू कर दिया। अनशन करीब 4 घंटे तक रहा। अनशनकारियों को पदाधिकारी के द्वारा आगे की कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद अनशन समाप्त कराया गया। वहीं थानाध्यक्ष चंद्र किशोर टुडू ने बताया कि मामले की जांच आगे की विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

नहीं रहे सेवा निवृत्त वयोवृद्ध राजद नेता रामेश्वर प्रसाद यादव उर्फ डाक बाबू

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय प्रखंड के पगड़ा पंचायत के रामपुर पगड़ा निवासी रामेश्वर प्रसाद यादव का रात्रि 1.30 बजे निधन हो गया। लगभग 95 वर्ष की आयु में देहत्याग करने वाले स्व० यादव अपने पीछे एक पुत्र कृष्ण कुमार यादव व चार पुत्रियों सहित एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनके दामाद धनेश्वर प्रसाद यादव ने बताया कि रेलवे में नौकरी के दौरान वे ईस्टर्न रेलवे कांग्रेस यूनियन के जोनल सेक्रेटरी रह चुके थे। सेवा निवृति के बाद समाजवादी में रुचि के कारण वो जनता दल से जुड़ गए। दलसिंहसराय जनता दल के प्रखंड प्रधानमहासचिव रहने के साथ वो जनता दल के बिखराव के बाद आजीवन राष्ट्रीय जनता दल के सक्रिय सदस्य रहकर दल विभिन पदों रहते हुए जनसेवा की। उनके निधन से उनके चाहने वाले में शोक की लहर है। राजद के मीडिया प्रभारी राजदीपक ने बताया कि निधन की खबर मिलते ही प्रखंड अध्यक्ष मो० जाबिर हुसैन व प्रधानमहासचिव महेंद्र कुमार के अलावा प्रदेश सचिव नंदकिशोर महतो, वरिष्ठ राजद नेता रामबरन महतो, जिला पार्षद हेमलता कुमारी, पगड़ा के सरपंच राजेश कुमार, रामउदय राय, पगड़ा के पंचायत अध्यक्ष भरत राम, राकेश कुमार, राजकुमार यादव, राजद नेत्री कामिनी कुमारी, विजय प्रसाद यादव, रामप्रीत राय सहित दर्जनों लोगों ने उनके शव पर राजद का प्रतीक हरे रंग की चादर व पुष्प चढ़ाकर सम्मान दिया एवं श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया जाएगा: अल्ताफ

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जदयू जिला कार्यालय डाकबांगला रोड छपरा में जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू के अध्यक्षता में वर्तमान एवम पूर्व विधायक विधान पार्षद वरीय नेता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवम प्रखण्ड अध्यक्षों का सयुक्त बैठक आहूत की गई बैठक में पूर्व मंत्री गौतम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जदयू कार्यकर्ता स्वागत के लिए तैयार है पूर्व उप सभापति सलीम परवेज ने कहा कि अल्पसंख्यक के हितैसी है नीतीश कुमार राज्य परिषद सदस्य बैजनाथ प्रसाद सिंह विकक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन पर शहर में पार्टी के कार्यकर्ता हॉडिंग पोस्टर लगाएंगे नन्द किशोर सिंह, आनन्द किशोर सिंह, कामेस्व सिंह, महेश सिंह, सत्यप्रकाश यादव,पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह राठौर, ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. अर्जुन प्रसाद यादव, ललन देव तिवारी, कुशुम देवी, अब्दुल रहीम राइन, डॉ. इंद्रकांत विश्वकर्मा जहागीर आलम मुन्ना, राखी कुशवाहा, शम्भु मांझी, ई. प्रभास शंकर, रमेश किशन सिंह कुशवाहा, प्रभुनाथ पटेल, रवि प्रकाश, अजय सिंह, मनोज सिंह, गामा सिंह, पवन सिंह, रामसिंगार सिंह, शिवनारायण सिंह पटेल, चंदेस्वर भारती राजेस्व सिंह, अशोक कुशवाहा, जवाला प्रसाद अख्तर अली, जितेनर सिंह आदि शामिल थे।

कुलपति ने जेपीयू संवाद के तृतीय अंक के प्रोटो टाइप को किया अवलोकन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जेपीयू संवाद के तृतीय अंक के प्रोटो टाइप को देखते हुए जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति ने गुरूवार को प्रोफेसर ए एम हाशमी जो कि जेपीयू संवाद के एडिटर भी हैं, ने कुलपति को जेपीयू संवाद के तृतीय अंक को निकलने के पूर्व कुलपति को स्मार्ट क्लास के स्क्रीन पर दिखाया। कुलपति ने कुछ आवश्यक सुधार भी किये और सुधार करके अपनी सहमति दे दिया। विदित हो इसके पूर्व जेपीयू संवाद के दो अंक निकल चुके हैं। तृतीय अंक में जुलाई माह से दिसम्बर माह तक की मुख्य मुख्य घटनाओं का स्थान मिला। महाविद्यालय की भी गतिविधियों को इस अंक मे स्थान मिला है। कुलपति ने कहा कि यह अंक महीने का होगा,इसके बाद का अंक त्रैमासिक होगा। इस अवसर पर प्रोफेसर हरिश्चंद्र समन्वयक महाविद्यालय विकास परिषद, प्रोफेसर ए एम हाशमी संपादक, प्रोफेसर उदय शंकर ओझा डायरेक्टर आई क्यू ए सी,प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह परीक्षा नियंत्रक आदि मौजूद थे।

स्वर्ण आभूषण दुकान में 20 लाख की चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मालपुर गांव स्थित शंकर चौक के पास मां दुर्गा ज्वेलर्स नामक जेवर दुकान से बुधवार रात बदमाशों ने करीब 20 लाख रुपए मूल्य के जेवरात की चोरी कर ली। इस दौरान बदमाशों ने दुकान के शटर को गैस कटर से काटा जिससे दुकान में आग लग गई। इस घटना में दुकान के अंदर रखा सारा सामान भी जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी पर पहुंचे दुकानदार ने स्थानीय लोगों के सहयोग से दुकान दुकान में लगी आग पर काबू पाया। घटना रात करीब 11:00 से 2:00 के बीच की बताई गई है।

घटना की सूचना पर दलसिंहसराय थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। उधर, घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ भी मौके पर जुट गई। लोगों ने आपसी सहयोग से आग पर काबू पाया। घटना के संबंध में दुकानदार देवेंद्र प्रसाद सोनी ने बताया कि रात करीब 8:00 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट गए थे। तड़के करीब 5:00 बजे मालपुर गांव के एक जानने वाले ने सूचना दी कि उनके दुकान से आग का धुआं निकल रहा है उनकी दुकान में आग लगी हुई है। सूचना पर जब वह दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनके दुकान का शटर काटा गया है। दुकान के अंदर रखा तिजोरी भी गैस कटर से कटा हुआ है जिस में आग लगी हुई है। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने जुड़कर पानी आदि से आग बुझाया। बताया गया है कि दुकान के अंदर करीब रखा 10 किलो चांदी के जेवर तथा 300 ग्राम सोना का जेवर गायब है। जिसका मूल्य करीब 20 लाख रुपया होगा। उधर घटना की सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि बदमाशों ने चोरी के दौरान शटर काटने के लिए गैस कटर का उपयोग किया है। जिस कारण दुकान में आग लगी है। इस घटना में कुल कितने के जेवरात की चोरी हुई है यह भी लिखित रूप से दुकानदार द्वारा नहीं दिया गया है अनुमानित राशि करीब 20 लाख रुपए बताया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

तीरा पंचायत में मुखिया के द्वारा की गई अलाव की व्यवस्था

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के तीरा पंचायत में भीषण शीतलहर और कंपकंपी ठंड को देखते देखते हुए तीरा पंचायत की मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष अर्चना कुमारी ने पंचायत में अलग-अलग स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई। इस अलाव की व्यवस्था से गरीब असहाय लोगों में काफी खुशी देखी गई। पंचायत के मुखिया के द्वारा कराए गए कार्य की लोगों के द्वारा तारीख की जा रही है और यह काफी चर्चा में बना हुआ है। मौके पर समाजसेवी डब्लू, उप मुखिया रामजतन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि आशीष कुमार पटेल, पवन कुमार पप्पू, मदन राय आदि ग्रामीण लोग मौजूद थे।

ठंड से बचाव के लिए समाजसेवी ने किया प्रखंड क्षेत्र में कंबल वितरण

विभूतिपुर। भीषण ठंड को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी के द्वारा समाज के निस्सहाय, गरीबों, वृद्धजनों, विधवाओं, विकलांगों के बीच प्रखंड क्षेत्र में घूम घूम कर लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज चका हबीब पंचायत के ब्रह्म स्थान के प्रांगण में हिंदुस्तान के वरिष्ठ पत्रकार मनोरंजन प्रसाद मिश्र के अध्यक्षता में चकहबीब, केराई, महेषी, मुस्तफापुर पंचायत के से करो गरीब निस्सहाय लाभार्थियों के बीच किया गया। विश्वनाथ चौधरी और तूफान के निर्देशन में कार्यक्रम का सफल संचालन लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष शिवाजी प्रसाद ने किया। समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी ने बताया कि लगातार 35-36 वर्षों से गरीब निस्सहाय के बीच कंबल वितरण करते आ रहे हैं और आगे भी इसी तरह समाज की सेवा करते रहेंगे। मौके पर कपूर्री विचार मंच के रामबाबू राय, शंभू मिश्र, राजेंद्र मिश्र, जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामबालक राय, भरत लाल ठाकुर, कामोद, रमन महतो, ओम अभय, फूलों यादव आदि ने अपना विचार व्यक्त किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन युवा लोजपा के जिला उपाध्यक्ष रितेश कुमार ने किया।

कांग्रेसियों का जत्था बांका रवाना

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कपिलेश्वर कुँवर के नेतृत्व में कांग्रेस कर्मियों का एक जत्था बांका के लिए गुरुवार को रवाना हो गया। यह जत्था बांका स्थित मंदार पर्वत से पार्टी द्वारा निर्धारित भारत जोरो पदयात्रा में भाग लेगी। जत्था में प्रखंड अध्यक्ष कपिलेश्वर कुँवर, कांग्रेसी नेता सरोज कुमार सिंह, चंद्रभूषण सिंह, रणधीर कुमार ईश्वर, कमल किशोर ईश्वर, अजीत झा आदि दर्जनों लोग शामिल हैं।

खजुरिया आरा भोजपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर द्वारा चलाई जा रही एक विशेष मुहिम न्याय आपके द्वार के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर आरा के तत्वधान में ग्राम पंचायत गंगहर तथा खजुरिया आरा भोजपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मिथिलेश कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर आरा के द्वारा प्रत्येक पंचायत में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कानूनी रूप से जागरूक करना तथा विधिक सेवा उपलब्ध कराना है तथा इसका मुख्य उद्देश्य यह भी है की समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाना। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 11 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना सुनिश्चित किया गया जिसमें छोटे-छोटे मुकदमा का निपटारा आपसी समझौता के आधार पर किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा भोजपुर जिले के प्रत्येक क्षेत्र से पारा विधिक स्वयंसेवक को प्रशिक्षित कर रखा गया है जिनका कार्य यह है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाना है। उन्होंने कानून से संबंधित बहुत सी बातें हैं लोगों के बीच बताए। इस कार्यक्रम में दोनों पंचायत के मुखिया मुकेश कुमार प्रसाद तथा हीरा झड़ी देवी के साथ सरपंच चंदन प्रसाद एवं रामशरण राम जिला परिषद सदस्य भीम कुमार, पारा विधिक स्वयंसेवक मनोज कुमार के साथ वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

वरीय पुलिस अधीक्षक गया के निर्देश पर गया जिला के सभी थाना ओपी के द्वारा साइबर अपराध के संबंध में चलाया गया जागरुकता अभियान

गया।वरीय पुलिस अधीक्षक गया के निदेर्शानुसार दिनांक 4*1*2023 साइबर अपराध के संबंध में गया जिला के सभी थाना ओपी के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया है।इस अभियान में आम नागरिकों को साइबर अपराध के से कैसे बचा जाए और क्या करें क्या ना करें के संबंध में अवगत कराया गया है पुलिस के द्वारा जागरूकता अभियान चलाने का मुख्य उद्देश्य की साइबर अपराध के संबंध में आम जनों तक जानकारी नहीं पहुंचने के कारण आए दिन फर्जी कॉल आने एवं अन्य माध्यमों से साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं उसे काफी क्षति भी आम नागरिकों को और साइबर अपराध के शिकार होने से कैसे बचा जाए ऐसे में जानकारी दी गई है साइबर अपराध के संबंध में आगे भी समय-समय पर अभियान चलाकर आम नागरिकों को अवगत कराया जाएगा।

दिसंबर का मुफ्त अनाज गरीबों को मिले : डॉक्टर प्रेम कुमार

गया।राज्य के 8 करोड़ 71लाख लाभुकों को मुफ्त अनाज योजना का लाभ मोदी सरकार दे रही है। जो जानकारी मिली है कि दिसंबर माह का अनाज गरीबों को मिला ही नहीं है। माह जनवरी चालू है।राज्य सरकार से मांग है कि राज्य के गरीबों को मिलने वाले राशन को नियमित वितरण जल्द कराएं। दिसंबर का राशन गरीबों को मिले। समय पर योजनाओं का लाभ गरीब लाभुकों को मिलता रहे हैं।

ह्युमन राइट्स की जगह पूछा गया ड्रामा का सवाल

आरा।पीजी सेमेस्टर फोर सत्र 2019-22 की अल हफीज कॉलेज केंद्र पर आज आयोजित परीक्षा में भोजपुरी और संस्कृत के छात्रों ने जमकर बवाल काटा।उनका आरोप था कि उन्हें गलत प्रश्न पत्र दिया गया।पूरा मामला यह है कि आज ऐच्छिक विषय जी ई 1 कि परीक्षा आयोजित थी।संस्कृत और भोजपुरी के छात्रों का कहना है कि उन्होंने ह्युमन राइट्स विषय को चुना था मगर उन्हें हॉल में ड्रामा का प्रश्नपत्र दिया गया।हालांकि पेपर के उपर शीर्षक ह्युमन राइट्स ही लिखा था मगर उसमें सारे सवाल ड्रामा से संबंधित थे।ड्रामा भी ऐच्छिक विषयों की सूची में शामिल है मगर किसी छात्र ने उसका चयन नहीं किया था।दर्शनशास्त्र के परीक्षार्थी भी इसी पत्र की परीक्षा में शामिल थे मगर उनके पत्र में गड़बड़ी नहीं थी।

शीतलहर की चपेट में पूरा बिहार

आरा- जिले में आज भी ठंड का प्रकोप जारी रहा आज सुबह से ही तेज हवा के साथ ठंड महसूस की गई बाजार में भीड़ काफी कम देखने को मिल रहे हैं चारों तरफ लोग धूप का इंतजार करते नजर आ रहे हैं फिलहाल मौसम सुधरने का नाम नहीं ले रहा है ठंड के कारण जीवन पटरी पर नजर नहीं आ रहा है लोग अपने घरों पर ही राणा पसंद कर रहे हैं शाम होते ही चारों तरफ चौक चौराहे पर लोग आग जलाकर ठंड से राहत लेते नजर आ रहे हैं।

तीर्थों की पवित्रता की हर हाल में हो रक्षा-जनसंघ

आरा।अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य भारतभूषण पाण्डेय ने प्रसिद्ध जैन तीर्थ सम्मेद शिखर को झारखण्ड सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित करने का विरोध करते हुए कहा कि जनसंघ तीर्थों की पवित्रता से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ का विरोधी है।उन्होंने कहा कि पूरे देश में जैन मतानुयायी इसके विरोध में प्रबल आन्दोलन कर रहे हैं किंतु हेमन्त सोरेन की सरकार ने अभी तक अपना निर्णय वापस नहीं लिया। जनसंघ अध्यक्ष ने कहा कि हिन्दू जैन पवित्र स्थलों को पूरे देश में पर्यटन स्थल घोषित कर वहाँ मद्य-मांस व अश्लील मनोरंजन का केन्द्र बनाया जा रहा है जो बेहद दुर्भाग्यिपूर्ण है।इसमें केन्द्र सहित विभिन्न राज्यों की सरकारें लगी हुई हैं।हमारे तीर्थ और पवित्र स्थलों को श्रध्दा, शिक्षा और साधना के केन्द्र के रूप में पूर्वजों ने सुरक्षित रखा था जिसे आज की सरकारें व्यापार का कुत्सित अड्डा बनाना चाहती हैं।आचार्य पाण्डेय ने इस क्रम में काशी विश्वनाथ जहाँ मंदिर परिसर में अतिथि गृह बनाए गए हैं और वी आई पी कल्चर लागू कर श्रद्धालुओं में असुविधाजनक भेदभाव किया जा रहा है तथा जगन्नाथ पुरी जहाँ ओडिशा सरकार पुरी बीच विकसित पर्यटन के नाम पर सुरा-सुन्दरी का अड्डा बनाना चाहती है, का विरोध किया और सरकार से कदम वापस लेने को कहा।जैन समाज के आन्दोलन का समर्थन करते हुए उन्होंने सरकारों से तीर्थों के स्वरूप और स्वभाव की रक्षा का आह्वान किया।

चिकन पॉक्स के संदिग्ध मरीज मिलने से दहशत का महौल

पात : किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली। मधुबनी ज़िला के खजौली प्रखंड में लगातार पिछले महीने से विभिन्न गांव में चिकन पॉक्स की संदिग्ध मरीज मिलने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वही गुरुवार को एक बार फिर प्रखंड क्षेत्र के चतरा गौबरौरा दक्षणी पंचायत के वार्ड 9 में चतरा बेलदरही गांव स्थित एक ही परिवार के 6 सदस्यों में सम्भावित चिकन पॉक्स के लक्षण दिखाई देने स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।चतरा में चिकन पॉक्स की लक्षण के मरीज मिलने पर इसकी जानकारी परिजनों के द्वारा स्थानीय स्थानीय पीएचसी को देने पर गुरुवार को पीएचसी से डा. जीतेन्द्र कुमार के नेतृत्व में मेडिकल टीम पहुचकर जांच सुरु कर दिया है।वही डॉ. जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि परिजनों के सूचना पर पहुचने पर एक ही परिवार के अजय कुमार राउत पिता जगदीश राउत स्वाती राज पिता रमेश राउत,रेखा राज पति राम करण राउत,माला कुमारी ,नेहा कुमारी पिता श्याम सुंदर राउत,अभिनव कुमार पिता राम करण राउत के शरीर मे चिकन पॉक्स का लक्षण दिखाई देने पर सभी लोगों को दवा के साथ उचित सलाह दे दिया गया है।वही परिजन शिक्षक रमेश राउत ने बताया कि मेरा दो भाई पटना रहते है।वही रहकर अपना पढ़ाई लिखाई करता है। पटना में दोनों भाई के शरीर में बुखार व लाल लाल चकेता होने पर दोनों भाई करीब 12/15रोज पहले वापस अपने घर आया था। ग्रामीण स्तर पर पहले विभिन्न प्रकार की इलाज करवाई गई।हालांकि धीरे-धीरे यह पूरे परिवारिक सदस्यों के शरीर मे लाल लाल चकेता के साथ सभी बुखार से पीड़ित हो गया इसकी जानकारी बुधवार की शाम स्थानीय पीएचसी को देने गुरुवार को पीएचसी से मेडिकल टीम पहुचकर सभी को जांच कर दवा देते हुए उचित परहेज के साथ रहने का सलाह दिए।वही डव्लू एच ओ के एफ एम संजीव कुमार बताते है कि चिकन पॉक्स के संदिग्ध लक्षण दिखाई देने बाले सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक दिया जा चुका है।वही सभी संदिग्ध चिकन पॉक्स के मरीज का लैनिग लिस्टिंग किया गया है।मालूम हो कि प्रखंड क्षेत्र में लगातार मिल रही चिकन पॉक्स के मरीज से पूरे प्रखंड क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।इससे पूर्व में भी खजौली गांव में 5 डाढ़ा गांव में 7 कन्हौली तुरकाहा पर 9 व सराबे गांव से 6 चिकन पॉक्स की संदिग्ध मरीजों की सैम्पल जांच के लिए भेजा जा चुका है। वही सीएचसी प्रभारी ज्योतेंद्र नारायण ने बताया कि संदिग्ध चिकन पॉक्स की मरीज के सूचना पर इसे गम्भीरता से लेते हुए मेडिकल टीम गठित कर जांच सुरु कर दिया गया है।स्थिती अभी सामान्य है।

साइबर अपराध के संबंध में चलाया गया जागरुकता अभियान

पात : किरण संवाददाता

गया। वरीय पुलिस अधीक्षक गया के निदेर्शानुसार दिनांक 4*1*2023 साइबर अपराध के संबंध में गया जिला के सभी थाना ओपी के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस अभियान में आम नागरिकों को साइबर अपराध के से कैसे बचा जाए और क्या करें क्या ना करें के संबंध में अवगत कराया गया है पुलिस के द्वारा जागरूकता अभियान चलाने का मुख्य उद्देश्य की साइबर अपराध के संबंध में आम जनों तक जानकारी नहीं पहुंचने के कारण आए दिन फर्जी कॉल आने एवं अन्य माध्यमों से साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं उसे काफी क्षति भी आम नागरिकों को और साइबर अपराध के शिकार होने से कैसे बचा जाए ऐसे में जानकारी दी गई है साइबर अपराध के संबंध में आगे भी समय-समय पर अभियान चलाकर आम नागरिकों को अवगत कराया जाएगा।

एस एस बी कमला बी ओ पी परिसर में जीविका जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पात : किरण संवाददाता

मधुबनी/जयनगर । मधुबनी जिले के 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय जयनगर के अंतर्गत कमला बी ओ पी परिसर में कार्यवाहक कमांडेन्ट चंद्रशेखर के निदेर्शानुसार उप कमांडेन्ट संतोष कुमार निमोरिया के नेतृत्व में एस एस बी एवं जीविका के संयुक्त तत्वावधान में जीविका के क्षेत्र में काम करने हेतू एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मंच संचालन प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका रंजीत कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यवाहक कमांडेन्ट चंद्रशेखर ने जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों बॉर्डर क्षेत्र में बेरोजगारी के पाव तले दबे कुचले हुए निः सहाय महिलाओं को जीविका समूह से जुड़ कर अधिक से अधिक लाभान्वित होने के लिए सभी से अपील किया।

वही उप कमांडेन्ट संतोष कुमार निमोरिया ने कहा कि एस एस बी का हमेशा से मोटो रहा है सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व। एस एस बी जनकल्याण हेतू निरन्तर इस तरह के योजनाओं से जोड़ने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। जीविका दीदी अपना सामाजिक दायित्व बखूबी निभा रही हैं. विभिन्न स्तरों पर आवश्यक सामाजिक गतिविधियों का संचालन करते हुए आम लोगों को जागरूक कर रहीं हैं। इसके अलावा जीविकोपार्जन योजना से जुड़ी में लाभार्थियों के बीच नकद राशि के वितरण से भी जरूररतमन्दों को मदद पहुँचा रही है। जबकि विभिन्न ग्राम संगठनों द्वारा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत विभिन्न खाद्य सामग्रियों का वितरण कार्य मे हाथ बटा रही है। लिहाजा सामाजिक रूप में इसका सकरात्मक असर दिख रहा है।

सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों के लगभग 148 ग्राम संगठनों के माध्यम से कुल 1993 स्वयं सहायता समूह का गठन एवं उन्हें बैंक से जुड़ाव करते हुए 27 करोड़ से अधिक का ऋण जीविका समूह के दीदियों को स्वीकृति कराया गया है। साथ ही एस जे वाय से भी 217 जीविका दीदियों को भी लाभान्वित किया जा चुका है। इसका वितरण वैसी जीविका दीदियों को प्रदान किया गया है, जो सतत जीविकोपार्जन योजना से जुड़ी है और कोरोना के कारण उनका व्यवसाय बंद हो चुका है या वह अन्य किसी कारण से आर्थिक कठिनाइयों में है।

जीविका की ओर से धात्री एवं गर्भवती माताओं के बीच उनके स्वास्थ्य एवं पोषण का ध्यान रखा जा रहा है। प्रसव की स्थिति में उन्हें सरकार द्वारा उपलब्ध आवश्यक सेवाओं एवं उसके उपयोग के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसका लाभ कई परिवार तक पहुँचाया है। इसके साथ ही एचएन(हेल्थ एंड न्यूट्रिशन) टीम द्वारा जागरूकता के लिए कई स्तरों पर प्रयास किया जा रहा है। मौके पर 48वीं वाहिनी एस एस बी के कार्यवाहक कमांडेन्ट चंद्रशेखर, उप कमांडेन्ट संतोष कुमार निमोरिया, कमला बी ओ पी के कंपनी कमांडर मुकेश कुमार खटुम्बरीया, प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका रंजीत कुमार गुप्ता, राम लक्ष्मण यादव सी एफ, सीमा वर्मा सी एफ, जीविका सीएम सुधीरा देवी, ,सुरुचि दीदी, अनिला दीदी,रीता दीदी,शिला दीदी, राजकुमारी दीदी, समेत सैकड़ों अन्य जीविका दीदियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ का हिस्सा लिया।

आशा दिवस पर आशा कार्यकर्ताओं को दिए कई निर्देश

पात : किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली। मधुबनी ज़िले के खजौली गुरुवार को सीएचसी के सभागार में सीएचसी प्रभारी ज्योतेंद्र नारायण के अध्यक्षता में आशा दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान सभी आशा कार्यकताओं को 6 माह से 9 माह के सभी बच्चों को घर -घर जाकर सर्वे करने की निर्देश दिया गया। इस दौरान सीएचसी प्रभारी ज्योतेंद्र नारायण ने कहा कि सभी आशा कार्यकर्ता अपने पोषक क्षेत्र में जिस बच्चों में खसरा की दाना का लक्षण दिखाई देने पर उन बच्चों को बिशेष रूप से ख्याल रखें।वही इस दौरान नियमित टीकाकरण से सम्बंधित ओएमआर सीओआर से सबंधित सहित अन्य बिंदु पर विस्तार से चर्चा किया गया।

प्रशिक्षु आई0ए0एस0 के द्वारा पतेड़ मंगरावां पंचायत में किये जा रहे कार्यों को जाना

पात : किरण संवाददाता

गया। गया जिला के वजीरगंज प्रखंड अंतर्गत बिपार्ड बोधगया प्रशिक्षण में आये हुए दस प्रशिक्षु आई0ए0एस0 दल के द्वारा वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय में कार्यों से प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया है। इसके बाद पतेड़ मंगरावां पंचायत में सभी प्रशिक्षु आई0ए0एस0 के द्वारा पंचायत में चल रहे कार्यों को समझा इस दौरान मुखिया राजीव रंजन एवं सरपंच महेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा शॉल और पुष्प माला देकर स्वागत किया गया है।

इस दौरान जल छाजन कार्यक्रम एवं मनरेगा के अंतर्गत लगाये गए पौधे, जल संरक्षण के लिए निर्माण किये गए आहार पइन का अवलोकन करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिया गया है। इस दौरान मुखिया राजीव कुमार द्वारा वार्षिक रिपोर्ट कार्ड देकर पंचायत में चल रहे विकास कार्यों से अवगत कराया गया है इसके बारे में पूरी जानकारी पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड नीरज कुमार द्वारा पंचायत में स्वास्थ्य,पोषण, एवं शिक्षा में मुखिया के द्वारा किये गए नवाचार पर अवगत कराते हुए सैम फ्री पंचायत, के अंतर्गत अतिकुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने में जनप्रतिनिधियों के भूमिका से अवगत कराया गया एवं बुनियादी शिक्षा को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराते हुए बताया गया कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए बच्चों का जन्मदिन मनाना, बच्चों के बीच पेंसिल कॉपी का वितरण, बच्चों के बीच चप्पल का वितरण, अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ बैठक कर बच्चों को विद्यालय भेजने एवं शिक्षा के प्रति अपने दायित्व निर्वहन करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। विद्यालयों में बाउन्ड्री बनवाना, पुस्तकालय निर्माण एवं पोषण वाटिका विकसित करने के कार्य में पंचायत की भूमिका से अवगत करवाया गया है। वही मुखिया के द्वारा दिये गए रिपोर्ट कार्ड पर खुशी प्रकट करते हुए प्रशिक्षु आई0ए0एस0 दल द्वारा सराहना करते हुए बताया गया कि यह एक अच्छी पहल है इस तरह से सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने पंचायत में पहल करनी चाहिए हमलोग भी इसको अपने जिले में जनप्रतिनिधियों के बीच लागू करने के लिए भी कहा गया है।

एसपी के स्कूल कैंपस पहुंचते ही प्रिंसिपल धर्मेंद्र कुमार ने किया भव्य स्वागत

पात : किरण संवाददाता

अरवल। बिहार के मुजफ्फरपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सेष्टोबॉल प्रतियोगिता के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम को अरवल पुलिस अधीक्षक मोहम्मद कासिम स्कूल निदेशक धर्मेंद्र कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई।

इसके पहले टीम के खिलाड़ियों ने स्कूल ग्राउंड पर खेल सामग्री का पूजन किया। सेष्टोबॉल कोच ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 6 से 8 जनवरी को मुजफ्फरपुर में होना हैटीम के खिलाड़ियों ने खेल सामग्री का पूजन कर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रार्थना की।

इस दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल धर्मेंद्र कुमार ने स्कूल के कैंपस में पहुंचते ही अरवल पुलिस अधीक्षक को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर भाग स्वागत किया,इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मोहम्मद कासिम ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

किसानों को सिंचाई के लिए गहिरा नदी पर बनेगा चेक डैम : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता।

शाहकुंड (भागलपुर)। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने जगरिया गांव के लोगों को एक बढ़िया आश्वासन दिया है। यदि यह आश्वासन साकार रूप लेता है, तो यहां के किसानों को सिंचाई के लिए सुविधा हो जाएगी ।दरअसल डीएम बुधवार को पंचायत के मणिकपुर गांव में योजनाओं के क्रियान्वयन को जांच करने पहुंचे थे। इस दौरान उनके समक्ष ग्रामीण किसानों ने कुछ मांगे रखी, जिन पर डीएम ने सकारात्मक आश्वासन दिया है। डीएम ने ग्रामीणों की मांग पर दुर्गा स्थान मंदिर के पास गहिरा नदी में चेक डैम के साथ ही उक्त डेम पर एक पुल बनाने का भी आश्वासन दिया। इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को संज्ञान लेकर खाका बनाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी जगरिया पंचायत के मानिकपुर गांव में बनाए गए कचरा निस्तारण यूनिट के सबसे पहले पहुंचे वहां की स्थिति पर उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव भारती पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उक्त स्थल पर कार्य 3 दिन के अंदर चालू करा दें, इतनी देर क्यों की जा रही है।

हम इसका भवन देखने नहीं आए हैं, कचरा निस्तारण का कार्य चालू ही मिलना चाहिए था, इसके बाद उन्होंने प्रखंड स्वच्छता समन्वयक मनीष कुमार से स्पष्टीकरण देते हुए उनको जनवरी का वेतन रोक लगाने का निर्देश जारी कर दिया है। वही मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सभी के घरों में डस्टबिन बंटवाना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्रवाई का सामना करने को तैयार रहें। डीएम को किसानों ने धमना नदी पर चेक डैम के साथ पलटा पुल निर्माण, खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण, मध्य विद्यालय शाहजहांपुर के भवन का निर्माण की मांग सहित कार्य समस्याओं से अवगत कराया गया, इस पर डीएम ने स्टेडियम की चार दिवारी एवं मध्य विद्यालय के भवन निर्माण कार्य करवाने का आश्वासन दिया साथ ही पोखर का सुंदरीकरण कराने का निर्देश मनरेगा पीओ को दिया। डीएम ने गांव के स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा तैनाती करने की आश्वासन ग्रामीणों को दिया। जांच के दौरान डीएम के साथ डीडीसी, डीपीओ, मनरेगा, वीडिओ अभिनव भारती, सीओ निलेश कुमार चौरसिया, बीआरओ निलेश कुमार सहित प्रखंड के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

चौक चौराहों पर नहीं जल रही अलाव

पात : किरण संवाददाता

पालीगंज। पटना जिला प्रशासन के आदेश के बावजूद भी स्थानीय बाजार स्थित चौक चौराहे पर कड़ाके की ठंड में भी अलाव नही जलाई जा रही है। अलाव जलाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अनुमंडल मुख्यालय के नगर बाजार की सड़कें शाम होते ही सुन शान हो जा रही है। शाम होते ही लोग अपने-अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। इलाके में पड़ रही कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी सार्वजनिक स्थलों, चौक -चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था कराई गयी है। लेकिन दूसरी तरफ जमीनी हकीकत कुछ और बयां करती दिखाई दे रही है। जिला प्रशासन के दावे पर पालीगंज नगर पंचायत पानी फेरते हुए सिर्फ खानापूर्ति करने में जुटी है। नगर बजार में जमीनी हकीकत यह है कि सिर्फ दो जगहों को छोड़कर कहीं भी अलाव की ब्यवस्था नही की गई है। पालीगंज अस्पताल, बिहटा मोड़ के पास अलाव जलते हुए दिखा लेकिन आधी हरी कुछ लकड़ियां रखी थी जो सिर्फ धुआ दे रही थी। वहां मैजूद आसपास के लोगों तथा दुकानदारों ने बताया कि यह सिर्फ खानापूर्ति की गयी है। लकड़ी हरा होने के कारण यह जल ही नहीं रही है यह सिर्फ कागजी खानापूर्ति करने वाली बात है। अलाव के नाम पर लूट हो रही है। बिहटा मोड़ के पास छोड़कर और कही भी सार्वजनिक चौक चौराहों पर कोई अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की गई है। माने तो बाजार स्थित अरवल मोड़, देवी स्थान, दुर्गा स्थान, चंढोस मोड़, बेसिक स्कूल मोड़, निरखपुर मोड़, पुरनीसरैया मोड़, पानी टंकी मोड़, डीहपाली मोड़, सोनारी गली, पुरानी बाजार, सब्जी मंडी, मिल्की नहर के पास सहित किसी भी चौक चौराहों पर अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नही की गई है। नगर बजार में जमीनी हकीकत यह है कि सिर्फ दो जगहों को छोड़कर कहीं भी अलाव की ब्यवस्था नही की गई है। नगर बाजार के दुकानदारों ने खुद अपने स्तर से कूट, टायर, लकड़ी व पुआल जला कर ठंड से बचने की कोशिश करते हुए दिखाई दे देते है।

देररात अपराधीयों ने एक युवक को गोलीमार कर की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज थाना क्षेत्र के कमराय चौक के समिप देररात अज्ञात अपराधियों द्वारा एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दिये जाने का मामला सामने आया है। वही घटना कि जानकारी स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पुलिस प्रशासन को देने पर घटना स्थल पर पुलिस पहुचकर शव को कब्जे में कर मृतक युवक की पहचान करने की कवायद में जुट गई।वही पुलिस ने मृतक युवक की पहचान उमेश मांझी के पुत्र सुमन मांझी के रूप में की है। घटना को लेकर मृतक सुमन मांझी के पिता उमेश मांझी व माता सीता देवी ने सुलतानगंज थाना पहुचकर अपने पुत्र सुमन मांझी के रूप में पहचान किया है। मृतक के पिता उमेश मांझी ने बताया कि विगत शाम को घर से निकला था, वही सुबह सुचना मिलने पर थाना पहुंचे जहां पर अपने पुत्र को मृत अवस्था में पड़ा हुआ देखा गया। पुत्र को मृत पड़ा देख कर पूरा थाना परिसर कोलाहल में तब्दील हो गया। वही मामले को लेकर मृतक के दोस्त बिट्टु यादव ने बताया कि हमारे दोस्त कि हत्या कोरेक्स नशा करने वाले के विरुद्ध विरोध करने पर हुई है, क्षेत्र के युवाओं को नशा करने से बाधित कर कोरेक्स नशा कारोबार करने वाले के धंदे को बंद करने की मांग हमेसा स्थानीय पुलिस प्रशासन से किया करता था। इस घटना को लेकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही पुलिस पुरे घटना को लेकर एक युवक को हिरासत में लेकर घटना कि छानबीन करते हुए अपराधीयों कि गिरफ्तारी में जुट गई है।

तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से बैंक के सहायक शाखा प्रबंधक की हुई मौत

प्रातः किरण ब्यूरो, भागलपुर। एनएच 31 टोल प्लाजा के समीप हुई एक सड़क हादसे में यूको बैंक तुलसीपुर के सहायक शाखा प्रभारी गोपालपुर थाना क्षेत्र के गोसाई गांव निवासी 30 वर्षीय सुमित यादव की मौत हो गई। सुमित को टोल प्लाजा के एंबुलेंस से नवगछिया अनुमंडल अस्पताल लाया गया था, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही घटना को लेकर बैंक के सहकर्मियों ने बताया कि बुधवार को ब्रांच से वह अपनी बाइक से फील्ड वर्क के लिए निकले थे, फील्ड वर्क के बाद वापस बैंक आने वाले थे, उसी क्रम में तेज रफ्तार अज्ञात हाईवा से उसकी टक्कर हुई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पहले सुमित की गाड़ी टोटो से टकराई और वह अनियंत्रित हो गया, उसके बाद तेज रफ्तार से आ रही खरीक के तरफ से एक अज्ञात हयवा चालक ने टोटो रिक्शा व बाइक पर सवार बैंक कर्मी को जबरदस्त टक्कर मार मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया।

भागलपुर के नये एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों के साथ की पहली बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले में बढ़ रहे अपराध पर नकेल कसने को लेकर समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में जिले के नये एसएसपी आनंद कुमार के नेतृत्व में अपराध गोष्ठी बैठक का आयोजन किया गया। इस अपराध गोष्ठी में नये सीटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी भी शामिल हुए, भागलपुर के नये वरीय पुलिस अधीक्षक की यह पहली बैठक है। जिसमें सभी थाने के थानाध्यक्षों के साथ बैठक की गई।

इस दौरान एसएसपी ने कई बिंदुओं पर थानेदारों के साथ वार्ता की, इस बैठक में मुख्य रूप से लंबित मामलों के निष्पादन, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अपराधियों पर लगाम लगाना, व शराब तस्करों पर पैनी नजर रखना जैसे बिंदुओं पर वार्ता की गई, भागलपुर के नये एसएसपी आनंद कुमार ने कार्यभार ग्रहण करने के साथ जिले के सभी थानाध्यक्ष व पदाधिकारी के साथ एक परिचय वार्ता के साथ अपराध समीक्षणात्मक बैठक की है। जिले में अपनी नयी रणनीति के तहत एसएसपी ने कार्य शुरू कर दिया हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि भागलपुर में बढ़ रहे अपराध पर इनके नेतृत्व में किस तरह नियंत्रण कार्य का निर्वाह किया जाता है।

संपादकीय



चीन के लिए दो टूक संदेश

भारत के साथ सीमा विवाद पर चीन के रवैए को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर नाराजगी भरे अंदाज में जो कहा, वह चीन के लिए दो टूक संदेश है। आस्ट्रिया की राजधानी वियना में मीडिया से बातचीत में जयशंकर ने साफ कहा कि आज भारत और चीन के बीच जो तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं, उसका दोषी चीन ही है। वह पहले विवाद खड़े करता है और फिर उन्हें सुलझाने के लिए जो समझौते करता है, उनका भी पालन नहीं करता। चीन के इस कुटिल रवैए को लेकर विदेश मंत्री यह बात राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों से बार-बार कहते रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि चीन वर्षों से भारत को सीमा विवाद में जिस तरह से उलझाता जा रहा है, उससे क्षेत्रीय शांति को भी खतरा बढ़ रहा है। इतना ही नहीं, चीन भारत से लगी सीमा पर कई इलाकों में जिस तरह से घुसपैठ करता रहा है, उसका नतीजा यह हुआ है कि उत्तर-पूर्व से लेकर लेह-लद्दाख तक नए-नए विवादित सीमा क्षेत्र बनते जा रहे हैं। जाहिर है, भारत को भी हर ऐसे मोर्चे पर अपनी सुरक्षा मजबूत करनी पड़ रही है जहां पिछले कुछ सालों में चीन की गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर चीन अपना दोहरे चरित्र वाला रवैया छोड़ दे और सीमा विवाद से जुड़े समझौतों का पालन करे तो दोनों देशों के बीच हर समस्या का समाधान आसानी से निकल सकता है। भारत तो हमेशा से यह कहता भी रहा है कि वह सीमा विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का पक्षधर है। लेकिन चीन का दादागीरी भरा रवैया भारत के शांति प्रयासों पर पानी फेरने वाला ही रहा है। इसीलिए विदेश मंत्री जयशंकर को बार-बार यह कहने को मजबूर होना पड़ता है कि सीमा पर तनाव भरे हालात चीन के रवैए की वजह से बिगड़ते जा रहे हैं। गलवान की घटना और उसके बाद भारत के कई इलाकों में अतिक्रमण और घुसपैठ की चीनी सैनिकों की कोशिशें इसका उदाहरण हैं। गौरतलब है कि जून 2020 में गलवान घाटी में चीनी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों पर हमला कर दिया था और इसमें चौबीस भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। चीनी सैनिकों ने भारत की सीमा में जिन इलाकों में अतिक्रमण कर लिया था, वहां से चीन को पीछे हटाने के लिए अब तक शांति वार्ताओं के दौर चल रहे हैं और अभी भी पूर्वी लद्दाख में हालात तनावपूर्ण ही हैं। सीमा विवाद शांति और सद्भाव से सुलझ जाए, इसके लिए भारत की ओर से कम प्रयास नहीं हुए। साल 1996 में दोनों देशों के बीच हुए एक समझौते में साफ कहा गया था कि कोई भी पक्ष वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी के दो किलोमीटर के दायरे में गोली नहीं चलाएगा, न ही इस क्षेत्र में बंदूक, रासायनिक हथियार या विस्फोटक ले जाने की अनुमति होगी। इसके अलावा, 2013 में किए गए सीमा रक्षा सहयोग करार में भी साफ कहा गया था कि अगर दोनों पक्षों के सैनिक आमने-सामने आ भी जाते हैं तो वे बल प्रयोग, गोलीबारी या सशस्त्र संघर्ष नहीं करेंगे। लेकिन गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों पर हमला करते हुए चीन ने इन समझौतों की धज्जियां उड़ा दीं। और फिर उसके बाद उसने पूरे गलवान क्षेत्र में जिस तरह सैनिकों की तादाद बढ़ाना और स्थायी निर्माण का काम शुरू दिया, विवादित स्थलों पर आज भी उसके सैनिक डटे हैं, यही तनाव बढ़ाने वाली बात है।

प्रौद्योगिकी की दृष्टि से तेजी से बदल रहा है भारत

सुशील कुमार सिंह

मौजूदा समय में भारत में वित्तीय समावेशन के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को मुख्य धुरी के रूप में देखा जा सकता है। भले ही देश में एक सौ बीस करोड़ मोबाइल फोन इस्तेमाल हो रहे हों और करीब पैंसठ करोड़ लोगों तक इंटरनेट पहुंच उपलब्ध हो, मगर घटती आय और बढ़ती महंगाई के साथ ही जीवन की सुगमता में समावेशी चुनौतियों ने वित्तीय प्रौद्योगिकी क्रांति और नवाचार के व्यापक प्रसार को भी चुनौती दे डाली है। मौजूदा समय में भारत में वित्तीय समावेशन के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को मुख्य धुरी के रूप में देखा जा सकता है। प्रौद्योगिकी की दृष्टि से देखें तो भारत तेजी से बदल रहा है। वित्तीय क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाली तकनीक (फाइनेंशियल टेक्नोलाजी यानी फिनटेक) इस दिशा में एक और बड़ा उदाहरण है। हाल में डिजिटल मुद्रा यानी ई-रुपया भी लेनदेन में आए बदलाव का मजबूत उदाहरण है। गौरतलब है कि चीन को पीछे छोड़ते हुए भारत एशिया में वित्तीय प्रौद्योगिकी के सबसे बड़े बाजार के रूप में उभरा है। वित्तीय प्रौद्योगिकी वित्तीय प्रणाली में पारदर्शिता के समावेशन के साथ वित्तीय समायोजन के लक्ष्यों की प्राप्ति का एक महत्त्वपूर्ण संदर्भ भी है। अब ऐसी स्थिति है कि बड़े-बड़े माल से लेकर सड़क के किनारे छोटी-मोटी दुकानें, पटरी पर सब्जी बेचने वाले, रेहड़ी वाले आदि तमाम डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। खास बात यह भी कि बैंकों से निकाले जाने वाली नकद धनराशि के मुकाबले मोबाइल से किए जाने वाले भुगतान की राशि कहीं ज्यादा है। इसी क्रम में देखें तो 'फास्टैग' की स्वचालित व्यवस्था लागू होने के बाद टोल टैक्स भुगतान भी अब बाकायदा डिजिटल हो गया है। इसमें कोई दो राय नहीं कि डिजिटल इंडिया से नवाचार के नए मार्ग खुले हैं और वित्तीय प्रौद्योगिकी के चलते जीवन की सरलता में जबरदस्त बदलाव आया है। बावजूद इसके समावेशी ढांचा जिस कदर बुनियादी तौर पर अभी भी कमजोर और जर्जर है, उसे देखते हुए नवाचार की इस सशक्तता को व्यापक ऊंचाई देना एक चुनौती भी है। गौरतलब है कि वित्त और प्रौद्योगिकी के गठजोड़ को वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कहा जाता है। अमेरिका में रिपब्लिक पार्टी के सीनेटर स्टीव वेंस ने जून, 2021 में कहा था कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है और वित्तीय नवाचार के मामले में अमेरिका से काफी आगे है। भारत की जनसंख्या चीन के बाद दुनिया में सर्वाधिक है और ऐसे में तकनीकी बाजार को यदि मजबूती मिले तो यह विकसित देशों की तुलना में स्वाभाविक रूप से बड़ा हो जाता है। वैसे देखा जाए तो भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते वित्तीय प्रौद्योगिकी बाजारों में से एक है। भारत द्वारा 2020 में किया गया कुल तत्काल भुगतान चीन की तुलना में लगभग दस अरब अमेरिकी डालर अधिक था और जबकि चीन की तुलना में अमेरिका कहीं पीछे है। फिनटेक ऐसी वित्तीय कंपनियां हैं जो काम में तेजी लाने और लागत में कटौती के लिए तकनीक का इस्तेमाल कर

रही हैं। वित्तीय प्रौद्योगिकी वास्तव में उपभोक्ताओं को बेहतर वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी समन्वय भी है और मुख्य रूप से आय, निवेश, बीमा और संस्थागत ऋण के चार स्तंभों पर आधारित है। देखा जाए तो भारत सरकार ने जब 2009 में आधार कार्ड परियोजना शुरू की तो आवश्यक तकनीकी बुनियादी ढांचा बनाना और देश के सुदूर क्षेत्रों में रह रहे भारतीयों तक पहुंच पाना बड़ी चुनौती थी। इस समय देश में अस्सी फीसद लोगों का बैंक खाता है। मैककिंसे ग्लोबल इंस्टीट्यूट ने मार्च 2014 में जारी रिपोर्ट डिजिटल इंडिया में कहा था कि भारत में तेजी से डिजिटलीकरण लागू करने की प्रक्रिया को गति देने में सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी भूमिका रही है। अनुमान है कि देश में अभी डिजिटल क्रांति की शुरुआत है। साल 2022 और आगे के वर्षों में इसमें कई बड़ी और नई संभावनाएं हैं। भारत में 2003 से अब तक डिजिटल भुगतान में दस गुना की वृद्धि हुई है। अनुमान यह भी है कि साल 2025 तक छब्बीस लाख नए रोजगार पैदा होंगे। तकनीकी तौर पर भारत कहीं पीछे नहीं है, मगर अशिक्षा और बेरोजगारी के साथ-साथ बढ़ती गरीबी ने समावेशी ढांचे को एक बेहतर अनुकूलन देने में रुकावट का काम किया है। भले ही देश में एक सौ बीस करोड़ मोबाइल फोन इस्तेमाल हो रहे हों और करीब पैंसठ करोड़ लोगों तक इंटरनेट पहुंच उपलब्ध हो, मगर घटती आय और बढ़ती महंगाई साथ ही जीवन की सुगमता में समावेशी चुनौतियों ने वित्तीय प्रौद्योगिकी क्रांति और नवाचार के व्यापक प्रसार को भी चुनौती दे डाली है। दो साल पहले ही भारत आनलाइन लेनदेन के मामले में दुनिया में पहले नंबर पर था, जबकि भारत से अधिक जनसंख्या वाला चीन इस मामले में दूसरे स्थान पर है और तेंतीस करोड़ आबादी वाला अमेरिका चीन के मुकाबले भी लगभग दस गुना पीछे चल रहा है। दक्षिण कोरिया, इंग्लैण्ड और जापान भी डिजिटल लेनदेन के मामले में भारत से काफी पीछे हैं। उम्मीद है कि 2026 तक भारत का डिजिटल लेनदेन पचहत्तर लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। वित्तीय प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की कामयाबी के और भी आयाम हैं। जैसे बैंकों द्वारा तेजी से डिजिटल प्रौद्योगिकी को अपनाया जाना, इंटरनेट सस्ता होना, मोबाइल फोन आमजन की पहुंच में होना, साथ ही रुपए के नकद लेनदेन के मामले में सरकार की ओर से सीमा निर्धारित करना आदि। वर्तमान में वित्तीय प्रौद्योगिकी में एक नया क्षेत्र भी लोकप्रिय हो रहा है जिसे 'अभी खरीदो, बाद में भुगतान करो' (बाइ नाउ, पे लेटर) नाम दिया गया है। पड़ताल बताती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था समावेशी विकास पर केंद्रित रही है। आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जब 1992 में उदारीकरण के बाद देश में लागू हुई तो उसका स्वरूप भी समावेशी विकास ही था। तब से अब तक सामाजिक क्षेत्र, रोजगार सृजन और प्रौद्योगिकी नवाचार पर जोर दिया जा रहा है। पिछले एक दशक में वित्तीय प्रौद्योगिकी सबसे तेजी से वृद्धि करने वाले और नवाचार को सबसे अधिक बढ़ावा देने वाले उद्योगों में शुमार हो गई है। वैसे दुनिया भर में यह उद्योग अर्थव्यवस्था का काम करने का तरीका बदल रहा है। लगातार नए उत्पाद और नई प्रणालियों के साथ कारोबार के नए-नए रास्ते भी इससे खुल रहे हैं।

बदलता समाज, बदलते नियम और कायदे

निधि गोयल

परिवर्तन संसार का नियम है और यह रहेगा भी, क्योंकि बहते समय की धार में जिस समय को हम छोड़ आए शायद उसको पा सकना नामुमकिन है। यह अटल और कटु सत्य है। परिवर्तन यानी बदलता वक्त, बदलता समाज, बदलते नियम और कायदे। आज जिस समाज में हम अपनी जिंदगी बिता रहे हैं, इसमें रिश्तों और परिवार की अहमियत न के बराबर हो चुकी है। मसलन अगर देखा जाए तो पहले जहां किसी संयुक्त परिवार में किसी के साथ दुर्घटनावश कोई अनहोनी होती थी तो उसे संभालने के लिए पूरा परिवार संयुक्त रूप से संगठित रहता था। वहीं आज अगर ऐसा किसी के साथ हो तो स्थिति अलग है। भारत में भी बहुत सारे परिवार एकल रूप से ही रह रहे हैं। उनके साथ पेश मुश्किलों से आमतौर पर उन्हें खुद ही निपटना पड़ता है। शायद उनका परिवार एक-दो दिन तो साथ दे, मगर उसके बाद उन्हें खुद ही संभलना पड़ता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण कोरोना काल का है, जिसमें असंख्य परिवारों में मौतों का मातम बरसा और उन्हें संभालने के लिए उनका अपना परिवार भी सामने नहीं आया। कितने ही परिवार बिगड़ गए और अनगिनत बच्चों को दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर होना पड़ा। ऐसा लगता है कि यही महामारी अगर उस समय होती, जब सभी परिवार संयुक्त रूप से हर सुख-दुख बांट कर बराबरी के तौर पर रहते थे, तब शायद इसका इतना बुरा असर देखने को नहीं मिलता। जिन बच्चों को ठोकरें खाने की नौबत आई, उनके सिर पर आशियाना और अपनों का साथ बना रहता। ठीक है कि इस बार इसके पीछे एक डर काम कर रहा था, मगर संवेदनाएं कहां चली गई थीं? आज हम जिस समय में जी रहे हैं, वहां शादी के मायने सिकुड़ गए हैं। जरा-जरा-सी बात पर संबंध टूट जाते हैं। तलाक की कितनी ही अर्जियां अदालतों की फाइलों में दबी पड़ी हैं। आज शायद ही ऐसा कोई परिवार होगा, जिसमें घर के बड़ों को पहले जैसी इज्जत बख्शी जाती हो। घर की इज्जत और मान-मर्यादा की परिभाषा बदल चुकी है। पहले जहां संयुक्त परिवारों में कमाने वालों की संख्या कम होने के बावजूद घर के सारे खर्चे पूरे हो जाते थे और पूरा परिवार खुशी-खुशी अपनी जिंदगी बिताता था, वहीं आजकल पति-पत्नी के बराबर कमाने के बावजूद घर के खर्चे पूरे करना टेढ़ी खीर हो चुकी है। इसकी वजह शायद उपभोक्तावाद की बढ़ती भूख भी है। वरना जीने के लिए सुविधाओं का कितना विस्तार चाहिए? दिखावे की जिंदगी में बर्बाद होता पैसा जिंदगी के मायने और सीमाएं बदल रहा है। सबको इसकी लत लग रही है कि अब अपनों से अपनापन कम, पराए के आगे दिखावे का ढोंग ज्यादा करना है। कभी बच्चों को प्यार और पढ़ाई के साथ रोजमर्रा की जिंदगी के जरूरी काम भी सिखाए जाते थे और वे उत्साह से करते भी थे, वहीं आजकल के बच्चों से कोई जरूरत पड़ने पर भी पानी के ग्लास की उम्मीद करना मुश्किल है। हालांकि बच्चों को ऐसा उनके अभिभावक ही बनाते हैं। नौकरशाही का जमाना है तो पति-पत्नी, दोनों को काम पर जाना है। अब बच्चे का अपना कोई साथ नहीं। उसे संभालने के लिए पेशेवर लोगों का सहारा लिया जाता है। वहां उसे कितना क्या मिलेगा? पहले अपने बेहद करीबी लोगों और अपने बड़ों के आगे अपना दुख-दर्द बांटकर दिमाग हल्का हो जाता था, वहीं आजकल इसके लिए भी मनोचिकित्सकों का सहारा लेने का जमाना आ चुका है, जो किसी को जरा-सी परेशानी होने पर भी ढेरों दिमागी दवाइयों के बोझ तले दबा देता है। इससे परेशानी कितनी खत्म होती है, पता नहीं, लेकिन इसकी जगह दवाइयों के दुष्परिणामों की वजह से दूसरी मुश्किलें पैदा हो जाती हैं। अपने सबसे करीबी दोस्तों या जिसे प्रेम करते हों, उनके प्रति बर्बरता करने से लोग नहीं हिचक रहे। क्या मानसिकता पनप रही है! त्योहारों का रूप-स्वरूप भी अब पूरी तरह से परिवर्तित हो चुका है। इसमें से सौहार्द गायब होता जा रहा है। समझ में नहीं आता कि यह कैसा परिवर्तन है।

क्या हो जजों की नियुक्ति का सही तरीका

फरवरी 1970 में, केरल में एडनीर मठ के प्रमुख स्वामी केशवानंद भारती ने संविधान के अनुच्छेद-26 के तहत सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। इसमें मठ की संपत्ति के प्रबंधन पर प्रतिबंध के केरल सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को चुनौती दी गई थी। तीन साल बाद इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 7-6 बहुमत से संविधान के मूल संरचनात्मक सिद्धांत को रेखांकित किया। इसमें खास तौर पर संविधान के प्रमुख सिद्धांतों और इसकी मूल संरचना में संशोधन करने के संसद के अधिकारों पर लगे अंकुश को नए सिरे से रेखांकित किया गया। दिलचस्प है कि जब आपातकाल घोषित किया गया तो सुप्रीम कोर्ट भी नए न्यायाधीशों के साथ ढेर हो गया था। ए एन रे को राष्ट्रपति द्वारा मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति में तीन न्यायाधीशों की वरिष्ठता खारिज की गई थी। गौरतलब है कि रे ने केशवानंद मामले में फैसले पर दस्तखत नहीं किए थे। उनके नेतृत्व में 13 न्यायाधीशों की पीठ के साथ ऐतिहासिक फैसले पर दोबारा गौर किया गया। यह बात भी सामने आई कि वास्तव में कोई समीक्षा याचिका दायर नहीं की गई थी। महज एक मौखिक अनुरोध पर यह समीक्षा सुनवाई हुई। जाहिर है, एक अनुचित प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें मुख्य न्यायाधीश ने एकतरफा बेंच को भंग कर दिया। केंद्र के पास एक प्रतिबद्ध न्यायपालिका होने के बावजूद संविधान की बुनियादी संरचना का सिद्धांत बमुश्किल बच पाया। इस ऐतिहासिक फैसले ने देश में निरंकुशता और लोकतंत्र के बीच संतुलन साधने में मदद की। हाल में संविधान के अनुच्छेद 124 (2) और 217 (1) की व्याख्या को लेकर केंद्र और न्यायपालिका के बीच टकराव सामने आया है। अनुच्छेद 124 (2) इस बात पर प्रकाश डालता है कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों (विशेष रूप से मुख्य न्यायाधीश) और राज्यों के उच्च न्यायालयों के परामर्श के बाद की जाएगी। इसी तरह उच्च न्यायालयों के लिए अनुच्छेद 217 (1) बताता है कि हाई कोर्ट के न्यायाधीश को भारत के मुख्य न्यायाधीश, राज्य के राज्यपाल और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाएगा। अभी केंद्र कलीजियम प्रणाली द्वारा की गई सिफारिशों को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है, लेकिन यदि कोई सिफारिश दोहराई जाती है तो सरकार उसे मानने के लिए लिए बाध्य है। हाल में यह आम सहमति एक गतिरोध में बदल गई। केंद्र ने कलीजियम द्वारा दोहराई गई सिफारिशों को रोक दिया है। इससे अदालतों में नियुक्तियों पर असर पड़ा है। अगस्त 2022 में सर्वोच्च न्यायालय में जजों की 34 में से तीन और उच्च न्यायालयों में 1,108 में से 381 रिक्तियां थीं। निचली अदालतों में 24,631 में से तकरीबन 5,342 सीटें खाली थीं, जो इसकी क्षमता का 20 फीसदी हैं। इस तरह की रिक्तियों में बहाली टलने से विशेष रूप से बॉम्बे, पंजाब और हरियाणा, कलकत्ता, पटना और राजस्थान उच्च न्यायालयों में न्यायिक दक्षता पर प्रभाव पड़ना तय है। गौरतलब है कि इन अदालतों में लगभग चार करोड़ मामले लंबित हैं। चुनिंदा देशों में राजनीतिक संस्थानों द्वारा न्यायाधीशों की नियुक्ति होती है। विभिन्न देशों में न्यायिक नियुक्तियों की प्रचलित व्यवस्था पर एक नजर डाल लेना ठीक रहेगा। इटली में संवैधानिक न्यायालय में नियुक्तियां राष्ट्रपति, विधायिका और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की जाती हैं। वहां प्रत्येक इकाई को पांच न्यायाधीश नामित करने की अनुमति है। अमेरिका में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को राष्ट्रपति द्वारा (जीवन भर के लिए) नामित किया जाता है और फिर बहुमत से सीनेट द्वारा अनुमोदित किया जाता है। जर्मन संवैधानिक न्यायालय को संसद द्वारा नियुक्त किया जाता है। प्रत्येक सदन को प्रत्येक न्यायालय सीनेट में चार नियुक्तियां मिलती हैं।

आज का राशिफल

मेष मन परेशान हो सकता है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्च बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारि?यां बढ़ सकती है। सम्मान की प्राप्ति? होगी। पिता का सहयोग मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

वृषभ कारोबार के विस्तार में भाई-बहन का सहयोग मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है।

मिथुन नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

कर्क किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। खर्चों की बढ़ोतरी से मन चिंतित रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आत्मसंयत रहें। जीवनसाथी से मनमुटाव हो सकता है। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। खर्च बढ़ेंगे।

सिंह आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। क्रोध से बचें। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। परिवार से दूर रहना भी पड़ सकता है। कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। परिवार के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कन्या आपसी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी कारोबारी मित्र से भेंट हो सकती है। धैर्यशीलता में कमी रहेगी। बातचीत में संयत रहें। माता का सानिध्य मिलेगा। भाइयों के सहयोग से कोई नया काम शुरू कर सकते हैं।

तुला बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सावधानी बरतें। मित्र का सहयोग मिल सकता है। माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। आत्मसंयत रहें।

वृश्चिक नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। किसी मित्र के सहयोग से भवन या सम्पत्ति से धन की प्राप्ति? हो सकती है। नौकरी में तरक्की के योग हैं। जिम्मेदारी भी बढ़ सकती हैं।

धनु नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। माता का सानिध्य मिल सकता है। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलित रहें। मानसिक शान्ति रहेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। पिता को स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

मकर व्यर्थ की परेशानियों से चिंतित रहेंगे। कारोबार में वृद्धि हो सकती है, परन्तु कुछ कठिनाइयां अभी बनी रहेंगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति? हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार का सहयोग मिलेगा। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

कुंभ मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। माता-पिता का सानिध्य मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं। किसी सम्पत्ति पर भाई-बहनों से विवाद की स्थिति बन सकती है।

मीन मन प्रसन्न रहेगा। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 4744

	7			3			1	
1	3	9		8	2		6	
6							8	
7		2						1
			9		4			
8						9		6
	8							5
	5		1	4		2	9	7
	1			9			3	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 4743

6	1	3	7	5	9	8	2	4
4	8	9	2	1	6	3	7	5
5	2	7	8	3	4	6	1	9
9	6	5	1	7	8	4	3	2
3	7	8	5	4	2	9	6	1
1	4	2	6	9	3	7	5	8
2	5	4	9	6	7	1	8	3
7	9	1	3	8	5	2	4	6
8	3	6	4	2	1	5	9	7

वर्ग पहेली 4744

1	2		3	4		5	
6			7			8	9
10		11			12		
					13		
	14		15	16			
17		18		19		20	21
						22	
23						24	

संकेत: बाएं से दाएं
1. भारत की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान जिनका जन्म दिवस 7 जुलाई 1981 है, जिन्हें माही के नाम से जाना जाता है (7)
6. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
7. विस्तार, काल, संबंध आदि के विचार से बहुत अंतर पर (2)
8. लालच, लोलुपता, लिप्सा (2)
10. नाना का घर, ननिहाल (4)
12. एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने की दूरवर्ती क्रिया, प्रयाण, यात्रा (3)
13. भवसागर से पर होना, सद्गति प्राप्त करवाना (3)
15. शंका करने वाला, आशंकाशील, संदेहशील (3)
17. पुराणानुसार पाताल सात है, जिनमें यह दूसरा है, अगाध्य (3)
19. विवश, लाचार, बेबस (4)
22. तुरंत, जल्दी से, शीघ्रता, फुर्ती से (2)
23. निर्देशक मनमोहन देसाई की धर्मेंद्र, जीनत अमान और जीतेंन्द्र आदि की 1977 की एक फिल्म (5)
24. विविध, अनेक प्रकार के, मातामह (2)

ऊपर से नीचे(2)
1. उत्तमतमता, गौरव, सदाशयता (4)
2. लगभग 500 फिल्मों में नृत्य पेश कर चुकी ये नृत्यांगना अभिनेत्री (3)
3. इंगुर, शिंगफ, श्रृंगारक (3)
4. विभाजक संख्या, अधिकारभागी (2)
5. कुमुद, नीलोत्पल, नीलकमल (4)
9. रिक्त स्थान की पूर्ति करना, क्षतिपूर्ति करना (3)
11. पार्श्वचर, पुरूष मित्र (2)
12. पंजाब की पांच नदियों में से एक जिसका पौराणिक नाम शतदु है (4)
14. पुत्र, बेटा (2)
16. काम से जी चुराने वाला, कमकस (4)
17. अथाह, बहुत गहरा, असमी (3)
18. रास, बागडोर, मुखरी, कुशा (3)
20. बुझौवल करना, बोध कराना (3)
21. याद करने के लिए बारंबार दोहराना (3)

वर्ग पहेली 4743 का हल

लं	द	न	■	■	दु	ब	ई
ब	ल	वा	न	■	■	ला	ख
त	■	ब	वा	सी	र	■	■
डं	■	■	ग	र	म	ह	वा
ग	या	■	त	■	क	ल	म
■	या	म	■	म	ना	■	न
बा	व	न	ग	जा	■	दा	■
द	र	■	ति	क	ड़	मी	■

संक्षिप्त खबरें

बुनियादी विद्यालय में सेफ्टी एंड सिक्योरिटी का दिया गया प्रशिक्षण

गोपालगंज। शिक्षा विभाग के द्वारा बच्चों की सेफ्टी और सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी को लेकर थावे प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय थावे में शिक्षकों को सेफ्टी एंड सिक्योरिटी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रखण्ड के सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा हैं। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी पुनीता सिन्हा ने बताया कि प्रखण्ड के 450 शिक्षकों को आपदा संबंधित प्रशिक्षण दी जा रही है। आपदा से कैसे बचाव किया जाए। इसके बारे में सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षकों का प्रशिक्षण ट्रेनर संजीत कुमार साहू और जिन्नत प्रवीन द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान राकेश कुमार भारती, शैलेंद्र कुमार मधुकर, कुलभूषण कुमार, रवि वर्मा, धुपेन्द्र प्रसाद, बचन साह, संजीव शंकर व संजय सिसोदिया आदि शामिल थे।

झूठे केस में फंसा देने का आरोप लगा न्याय की लगाई गुहार

गोपालगंज। जिले के भोरे थाने के हुस्सेपुर नया शहर के रमेश साह की पुत्री मनीषा कुमारी ने पुलिस महानिदेशक के साथ ही डीआईजी सारण, एसपी गोपालगंज तथा अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों को आवेदन देकर शराब के कारोबार का विरोध करने पर उसके पूरे परिवार को झूठे केस में फंसा देने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। कहा है कि उसके ही गांव के अनिल कुमार तथा उसका भाई अभिल कुमार घर के पास में ही करकट का एक कमरा बनाकर अपने साथियों के साथ शराब का कारोबार करते हैं। इसका विरोध करने पर अनिल कुमार ने मनीषा कुमारी के साथ ही उसकी बहन ममता कुमारी, पिता रमेश शाह एवं भाई सचिन कुमार के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला तथा चोरी की प्राथमिकी दर्ज करा दी।

नशे में पकड़ा गया युवक भेजा गया न्यायिक हिरासत में

गोपालगंज। जिले के भोरे थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिसई गांव के पास से नशे की हालत में बाइक चला रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि भोरे- भिंगारी मुख्य पथ पर सिसई गांव के समीप दो बाइकों के बीच सीधी टक्कर हुई थी। जिसमें चार लोग घायल हो गये थे। इसी में से एक युवक को पुलिस ने नशे में होने के शक में हिरासत में लिया था। जिसमें नशे में होने की पुष्टि होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया। युवक की पहचान फुलवरिया थाना के गणेश डूमर गांव के पप्पू कुमार के रूप में की गई है।

भोरे के डीलर ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

गोपालगंज। जिले के भोरे प्रखंड के डीलरों ने विवेक दुबे के नेतृत्व में एक ज्ञापन बिहार सरकार के मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सह स्थानीय विधायक सुनील कुमार को सौंपा। ज्ञापन में डीलरों से सरकार ने कोरोना काल के दौरान फ्री खाद्यान्न वितरण कराया तथा 15 माह का कमिशन आज तक नही दिया है। सरकार ने पुनः फ्री अनाज वितरण करने का आदेश निर्गत कर दिया है। जिससे डीलरो को कठिनाई हो रही है। सरकार से डीलरो को मध्यप्रदेश व अन्य राज्यों की भांति 30 हजार प्रति माह मानदेय, पूर्व की भांति अनुकंपा पर नियुक्ति, 55 वर्ष के पूर्व शारिरिक लाचार होने पर स्थानांतरण, 2020 से 2022 तक का मारजिंग मनी, मृत्यु होने पर दस लाख का बीमा सहित दर्जनों मांगों को देने का ज्ञापन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में राजन चैबे, भरत पांडेय, ओमप्रकाश राम सहित दर्जनों डीलर मौजूद रहे।

जाति आधारित जनगणना 2022 को लेकर प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

संग्रामपुर (मुंगेर)। सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देश के आलोक में जाति आधारित जनगणना 2022 को लेकर प्रशिक्षण का कार्य बुधवार से प्रारंभ हो गया प्रथम दिन प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित अंबेडकर भवन में इस कार्य में लगाये गये प्रखंड के तीन पंचायत दुरमट्टा, रामपुर एवं बलिया के शिक्षकों एवंआंगनबाड़ी कर्मियों को चार्ज अधिकारी एवं प्रगणक द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. शेष पंचायतों के गणना कर्मियों को गुरूवार एवं शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा. इस सबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ अजेश कुमार ने बताया कि यह गणना तीन चरणों में संपन्न की जायेगी। प्रथम चरण में मकानों की गिनती की जाएगी जो 07 जनवरी से लेकर 21 जनवरी तक चलेगा. प्रशिक्षण प्राप्त कर 07 जनवरी से सभी गणना कर्मियों द्वारा अपने अपने निर्धारित क्षेत्रों में जाकर ड्राइंग बनाकर हर एक वार्ड के भवनों की गन्ना करेंगे।

थाने में करायी गयी चैकीदारों की परेड, दिये गये निर्देश

नये एसपी ने चैकीदारों को पढाया तस्करी व अपराध रोकने का पाठ

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

नवपदास्थापित पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर गुरूवार को जिले के सभी थानों में वरीय पदाधिकारियों की अध्यक्षता में चैकीदारी परेड का अयोजन किया गया। वही शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री से संबधित जानकारी प्राप्त की गयी। इसके साथ ही चैकीदारों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने योगदान करने के साथ ही जिले के एसडीपीओ, इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष को थानो में चैकीदारी परेड आयोजित कर शराब की सूचना संकलन करने का निर्देश दिया था। साथ ही उन्होने परेड के दौरान शराब निर्माण, उसकी बिक्री, भंडारण एवं तस्करी के संबध में सूचना संकलन कर छापेमारी करने का निर्देश दिया है। जिस आलोक में गुरूवार को जिले के सभी थानो में चैकीदारी परेड करायी गयी। इस दौरान एसपी से मिले निर्देश की जानकारी से चैकीदारों व पुलिस अफसरों को अवगत कराया गया। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कुचायकोट थाने में अयोजित चैकीदारी परेड में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने चैकीदारों को निर्देश दिया कि वे लोग अपने-अपने क्षेत्रों के लाल वारंटी फरार वारंटी एवं अपराधियों को चिह्नित कर बताएं। चैकीदारों को अधिकारियों ने अपने कार्य में किसी तरह की कोताही ना बरतने व समय से अपना काम सही ढंग से निपटाने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि वे लोग जमीन से जुड़े हैं। उनकी सक्रियता से चोरी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाई जा सकती है। वही बैकुंठपुर थाने में सदर एसडीपीओ संजीव कुमार की अध्यक्षता में चैकीदारी परेड करायी गयी। जबकि हथुआ एसडीपीओ नरेश कुमार हथुआ थाने में आयोजित परेड में शामिल हुए।

रात को निकले डीएम, गरीबों के बीच बांटा कंबल

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

बिहार सरकार के द्वारा ठंढ और शीतलहर को देखते हुए आपदा के तहत गरीब असहायों के बीच कंबल वितरण करने का निर्देश दिया गया है। जिसको लेकर गोपालगंज डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी ने रात के अंधेरे में शहर के विभिन्न चैक-चैराहो पर घूम -घूमकर गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया।

कड़ाके की ठंड के बावजुद भी डीएम रात के अंधेरे में आराम करने के बजाय अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मियों के साथ गरीबों की मदद करने को निकल पडे। इस दौरान शहर के बंजारी चैक, अंबेडकर चैक, अस्पताल और उसके इर्द गिर्द जितने भी लाचार बेबस दिखे सभी को डीएम ने अपने हाथों से कम्बल को ओढ़ाया। डीएम ने कहा कि शीतलहर को देखते हुए गरीब व असहाय लोगो के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। साथ ही कडाके की ठंढ को देखते हुए जगह-जगह आलाव की भी व्यवस्था की गयी है। वहीं डीएम के इस मानवीय कार्य के लिए गोपालगंज में हर तरफ चर्चा हो रही है। स्थानीय लोगों ने कहा जिस प्रकार जिला प्रशासन ठंड में लोगों की सहायता करने के पहल कर रही है, वह प्रशंसा के काबिल है।

नये पुलिस अधीक्षक के योगदान के साथ ही एक्शन में पुलिस

कटेया व गोपालपुर में भारी मात्रा में शराब की खेप की गयी जब्त

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

नये पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने योगदान करने के साथ ही शराब तस्करो पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। योगदान के बाद रात में ही शराब तस्करों के खिलाफ अभियान शुरू करते हुए गोपालपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर एक स्कॉर्पियो से तस्करी को जा रहे 59 कार्टन देशी शराब को बरामद कर लिया। वही दुसरी तरफ कटेया थाने की पुलिस ने एक बोलेरो व एक बाइक से करीब 639 लीटर शराब को बरामद कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप है। इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गोपालपुर थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में शराब की खेप जा रही है। जिसके आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर शराब से भरी स्कॉर्पियो को जप्त कर लिया। जबकि धंधेबाज भागने में सफल रहा। फरार धंधेबाज की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वही दुसरी तरफ कटेया थाने की पुलिस ने छापेमारी कर एक बोलेरो व एक बाइक से करीब 639 लीटर देशी व विदेशी शराब को जप्त कर लिया। इस दौरान एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार धंधेबाज से पूछताछ की जा रही है। उन्होने बताया कि किसी भी हाल में जिले में शराब की तस्करी नही होने दी जायेगी।

गोपालगंज के एनएसजी कमांडो दीपक कुमार सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत

लेह में थे तैनात, ट्रेनिंग के लिए जाते समय बर्फबारी से फिसल गयी गाड़ी

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के बरौली नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 10 निवासी प्रहलाद सिंह के बेटे एनएसजी कमांडो दीपक कुमार सिंह की मौत लेह में एक सड़क दुर्घटना में हो गयी। दीपक की मौत की खबर सुन पूरा इलाका स्तब्ध रह गया। सहसा किसी को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि देश का बांका जवान अब उनके बीच नहीं रहा। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह लगभग नौ बजे दीपक कुमार सिंह स्वयं गाड़ी चला रहे थे और कुछ अन्य कमांडो के साथ ट्रेनिंग कैम्प में जा रहे थे। अचानक उनकी गाड़ी भीषण बर्फबारी में फिसल कर गहरे ढलान में गिर पड़ी। दीपक कुमार सिंह की मौत तत्काल ही हो गयी जबकि उनके अन्य चार साथी बुरी तरह घायल हो गये। घटना की सूचना लेफ्टिनेंट परवीन डोगरा ने दीपक के पिता प्रहलाद सिंह को दी। बेटे के मौत की खबर जैसे हीं प्रहलाद सिंह के कानों में पहुंची, कुछ देर तक वे अवाक रह गये। उनको विश्वास ही नहीं हुआ कि उनका मंझला बेटा जो देश की सेवा करने के जज्बे के साथ करीब एक माह पहले लेह में अपनी ड्यूटी पर गया था, अब नहीं रहा और देश की सेवा करते-करते शहीद हो गया। जिस बेटे को दो महीने बाद हीं प्रमोशन मिलने वाला था वह अचानक चला जायेगा, यह बुजुर्ग पिता ने सोचा भी नहीं था।

बुझे मन से पिता ने परिजनों को बताई मौत की खबर, मचा चीत्कार: बेटे की मौत की खबर जैसे-तैसे दिल पर पत्थर रख कर प्रहलाद सिंह ने परिजनों को बताई तो जैसे घर में चीत्कार का बवंडर सा उठ गया। अचानक घर से निकलने वाली करूण चीत्कार पड़ोसियों के कानों तक पहुंची तो वे प्रहलाद सिंह के घर की ओर कारण जानने के लिए भागे। दीपक की मौत के बारे में सुनने पर हर कोई गमगीन हो गया और पुरे मोहल्ले में दीपक की मौत की खबर फैल गयी। दीपक की मौत की खबर जो भी सुनता वो पहले आश्चर्य करता फिर गमगीन हो जाता।

बेटे की मौत की खबर सुन बेसुध हुए पिता: मंगलवार की रात तक सब कुछ ठीक था। सोने के पहले बेटे से बात हुई थी। उसने कहा था कि जल्द ही अधिकारी बनने वाला हूं. अधिकारी बनते ही घर आउंगा और एक माह छुट्टी पर रहूँगा। उसने कहा कि बिहार में भी बहुत ठंड है। बचकर रहिएगा। हमें ठंड से बचकर रहने की सलाह देकर खुद चला गया। ये दर्द भरे अलफाज थे प्रहलाद सिंह के। बेटे की अंतिम बातचीत को सुनाते हुए प्रहलाद सिंह फफक पड़े। उन्होंने कहा कि किसे पता था कि जो बेटा रोज हमसे घर का हालचाल पूछता था आज उसके मौत की खबर आयेगी। उन्होंने कहा कि जब मोबाइल उठाया और खबर मिली तो सहसा मुझे विश्वास ही नहीं हुआ लेकिन अधिकारी ने कहा कि यह सत्य है। दीपक की मौत से आस-पास के लोग ही नहीं बल्कि बरौली बाजार के के लोग स्तब्ध हैं। जो जहां सुना, वहीं से इस घटना की जानकारी लेने के लिये बेचैन रहा। अब सभी की नजरे दीपक के शव का इंतजार कर रही हैं।

2011 में गये थे देश सेवा में, 2014 में हुई थी शादी: दीपक कुमार सिंह देश की सेवा में 2011 में लगे थे और तब से सांस चलने तक देश सेवा में लगे रहे। पिछले नवंबर तक उसकी ड्यूटी अमरनाथ में थी, अमरनाथ से हटने के बाद वह घर आये थे तथा अब उसकी तैनाती लेह में थी। दीपक की शादी 2014 में पूर्वी चंपारण जिले के चकिया प्रखंड के माधोपुर छपरा गांव में हुई थी। शादी के बाद आराध्या नाम की उसे मात्र एक हीं बेटी हुई। पत्नी माधुरी देवी अभी अपने मैके में है और पति की मौत की खबर पर भड़कुइयां पहुंचने वाली है। प्रहलाद सिंह ने बताया कि मिली सूचना के अनुसार दीपक का शव गुरुवार को प्लेन द्वारा पटना पहुंचेगा जहां से बरौली लाया जायेगा और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

उत्पाद विभाग का होमियोपैथी दुकानों पर छापा, मचा हड़कंप

मद्य निषेध विभाग के निर्देश पर हुयी दुकानों की जांच

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

शहर के कई होमियोपैथिक दुकानों पर गुरूवार की दोपहर उत्पाद विभाग व औषधी विभाग की टीम ने छापेमारी की। इस छापेमारी में दुकानों में मौजूद दवा की जांच की गई। वहीं कई दवाओं का सैंपल भी लिया गया। अचानक हुई इस छापेमारी से दवा दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

शहर के कई होमियोपैथिक दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर ली थी, जबकि कई प्रतिष्ठित दवा दुकानों ने दुकानें खोलकर टीम को जांच में सहयोग किया। छपरा में हुयी जहरीली शराब से मौत के बाद मद्य निषेध विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के द्वारा सभी डीएम और उत्पाद अधीक्षक को होमियोपैथ डॉक्टरों व होमियोपैथ दवा दुकानों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। ताकि होमियोपैथ दवाओं का इस्तेताल शराब बनाने के लिए न हो। उत्पाद विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश के बाद गोपालगंज में उत्पाद विभाग काफी सक्रीय हो गया है। इसी को लेकर गुरूवार को शहर के कई होमियोपैथी दुकानों में छापेमारी की गई। दुकानों से संबंधित दवा का सैंपल भी लिया गया। ब्लॉक मोड के साथ-साथ शहर के विभिन्न जगहो पर स्थित कई दुकानों में छापेमारी कर दवा का सैंपल इकट्ठा किया। सैंपल में कफ सीरप के अलावा कई दवाएं शामिल हैं, जिसमें अल्कोहल की मात्रा पायी जाती है। पूछे जाने पर टीम के सदस्यों ने बताया कि होमियोपैथी दवा में नियमानुसार निर्धारित अल्कोहल की मात्रा होनी चाहिए। वहीं दवा बनाने में उपयोग हो रहे टींचर यानी लीक्विड की बोतल छोटी होनी चाहिए। दवा अनुरूप उसमें उक्त पदार्थ को चिकित्सक या दुकानदार डाल सकते हैं। इस बीच टीम द्वारा लिए गए सैंपल को जांच के लिए भेजने की बात कही है। टीम के सदस्यों का कहना है कि पूरे जिले में इस प्रकार की दुकानों में छापेमारी और जांच की जाएगी। टीम में उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार के अलावे उत्पाद विभाग के कई अधिकारी व औषधी निरीक्षक मौजूद रहे।

नव निर्वाचित नगर प्रतिनिधि 13 जनवरी को लेंगे पद एवं गोपनीयता की शपथ

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

नगर निकाय चुनाव में निर्वाचित प्रतिनिधियों को आगामी 13 जनवरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी जायेगी। इसको लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा तिथि का निर्धारण कर दिया गया है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) डॉ. नवल किशोर चैधरी को भी नगर प्रतिनिधियों को शपथ दिलाये जाने को लेकर निर्देशित किया गया है बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 के तहत नगर निकाय से नव निर्वाचित वार्ड पार्षद, उपमुख्य पार्षद एवं मुख्य पार्षद का शपथ ग्रहण कराया जाना है।

जिसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर उप निर्वाचन पदाधिकारी शशिप्रकाश राय सहित चारो नगर निकाय गोपालगंज, मीरगंज, बरौली और कटेया के निवार्ची पदाधिकारी तैयारी में जुट गये है, ताकि नव निर्वाचित सभी नगर प्रतिनिधियों को ससमय शपथ ग्रहण कराया जा सके।

बता दे कि नगर परिषद गोपालगंज, मीरगंज, बरौली और नगर पंचायत कटेया से 100 नगर प्रतिनिधि नव निर्वाचित हुये है। जिन्हे शपथ ग्रहण कराया जाना है। इनमें गोपालगंज नगर परिषद से एक मुख्य पार्षद, एक उपमुख्य पाषर्द और 28 वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शामिल है। वही नगर परिषद बरौली से एक मुख्य पार्षद, एक उपमुख्य पार्षद और 25 वार्ड पार्षद है। जबकि नगर परिषद मीरगंज से एक मुख्य पार्षद, एक उपमुख्य पार्षद व 26 वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शामिल है। इसी प्रकार कटेया नगर पंचायत से एक मुख्य पार्षद, एक उपमुख्य पार्षद और 13 वार्ड पार्षद शामिल है।

डीएम ने जनता दरबार लगा सुनी आम लोगों की समस्या

गोपालगंज। कलेक्ट्रेट में डीएम ने आम लोगों की समस्याओं को सुना। लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी ने अधिकांश समस्याओं का आन-द-स्पाट निपटारे का आदेश दिया। जनता दरबार में डीएम ने भूमि विवाद, अतिक्रमण हटाने, जाति प्रमाण पत्र, वास के लिए भूमि उपलब्ध कराने आदि से संबंधित आवेदनों पर सुनवाई की। इस बीच डीएम ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन देने वालों की समस्याओं की पूरी जवाबदेही के साथ सुनवाई करने का निर्देश दिया। इस बीच डीएम ने करीब दर्जनों लोगों की समस्याओं को सुना। जनता दरबार में नयनकली देवी, सुजीता देवी, मुन्नी देवी, मानकी देवी, शलमा खातुन, अनुज कुमार दुबे, विवेक कुमार, अमर बैठा, ह्रदया राम, संजीवन दास, कामेश्वर दुबे आदि ने डीएम से मिलकर अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

धान अधिप्राप्ति को लेकर बीसीओ ने विभिन्न पैक्सों का लिया जायजा

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के मांझागढ़ प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पैक्सों में की जा रही धान अधिप्राप्ति की जांच प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ऋषिराज राय के द्वारा की गयी। इस दौरान उन्होने पैक्स अध्यक्ष व पैक्स प्रबंधक को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

बीसीओ के द्वारा प्रखंड के उन सभी पैक्सों की जांच की गयी जिनके द्वारा धान अधिप्राप्ती का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होने धान अधिप्राप्ती कार्य के एक-एक विंदु की जांच की।

जिसमे अबतक खरीदे गए धान का भंडारण, धान खरीद एवं किसानो के भुगतान संबंधित सभी पंजियों की जांच के साथ-साथ किसानों से भी फीडबैक लिया गया। बीसीओ की जांच से सभी पैक्स चुस्त दुरुस्त दिखे। वही जिस पैक्स में धान अधिप्राप्ती कार्य धीमी प्रतीत हुआ उन पैक्सों के पैक्स अध्यक्ष व प्रबंधक को कड़ी फटकार भी लगाई गयी। जांच के दौरान बीसीओ ने बताया कि सरकार के द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीद की जानी है।

जिसमें कई पैक्सों का कार्य काफी धीमा पाया गया है। उन पैक्स अध्यक्ष व प्रबंधक को फटकार लगायी गयी है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि सरकार के द्वारा जारी दिशा निर्देश का हर हाल में पालन किया जाना है।

कल से 230 पंचायत व चार निकायों में शुरू होगा जातीय गणना का कार्य

सात से 21 जनवरी तक प्रगणक करेंगे मकानों का सूचीकरण

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

सरकार के निर्देश पर कल यानी सात जनवरी से जिले के 230 पंचायत व चार नगर निकायों में जातीय गणना का कार्य शुरू होगा। जातीय गणना के प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण, नंबरिंग करना, नजरी नक्सा बनाना एवं चार्ज रजिस्टर बनाये जाने का कार्य होगा। जबकि दुसरे चरण में जाति अधारित गणना की जायेगी।

जिला चार्ज पदाधिकारी सह डीएम ने बताया कि जिले के 230 पंचायतों व चार नगर निकायों में जाति गणना को लेकर 6875 प्रगणक व 1145 पर्यवेक्षक तैनात किये गये है, जिनके द्वारा 14 प्रखंडो के 230 पंचायत और चार नगर निकायों में जाति गणना का कार्य किया जायेगा। इनके अलावे रिर्जव में भी प्रगणक और पर्यवेक्षक को रखा गया है। जिला प्रशासन के द्वारा जाति आधारित गणना की मॉनिटरिंग को लेकर प्रखंड स्तर पर चार्ज पदाधिकारी, सहायक चार्ज पदाधिकारी व फिल्ड ट्रेनरों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जिनके द्वारा जाति आधारित गणना का कार्य किया जायेगा।

घर-घर जायेंगे प्रगणक, अंकित करेंगे ब्यौरा: जाति आधारित गणना को लेकर प्रत्येक वार्ड में प्रगणक की तैनाती की गयी है। जिनके द्वारा अपने आंवटित वार्ड के प्रत्येक घरों में जाकर परिवार के मुखिया या अन्य सदस्यों से जानकारी लेकर उसे चार्ज रजिस्टर में अंकित करेंगे। सबसे पहले मकानों को सूचीकरण होगा, फिर नजरी नक्सा बनाया जायेगा, चार्ज रजिस्टर तैयार किया जायेगा, प्रत्येक परिवार में सदस्यों की संख्या, उनका उम्र, उनका कार्य, उनका शिक्षा, दिव्यांगता आदि की जानकारी लेकर ब्यौरा दर्ज की जायेगी। इतना ही नही जाति गणना करने वाले प्रगणक गणना के क्रम में डिजीटल रिपोर्ट भी तैयार करेंगे। अंत में परिवार के मुखिया या सदस्य से स्व घोषण पत्र पर हस्ताक्षर भी करायेंगे। इस प्रकार जाति आधारित गणना का कार्य सात जनवरी से शुरू होकर 21 जनवरी तक चलेगा। जिसके बाद जाति आधारित गणना की द्वितीय चरण का कार्य प्रशासन व सरकार के निर्देश पर शुरू करायी जायेगी।

अज्ञात बदमाशों ने बाइक रिपेयरिंग दुकान में लगायी आग

लाखों का सामान जलकर राख

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के दुबे खरेया बाजार में अज्ञात बदमाशों ने एक बाइक रिपेयरिंग दुकान में आग लगा दी। इस आगलगी की घटना में करीब एक लाख का सामान जल कर राख हो गया। वहीं, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर कार्यवाई में जुट गयी है। बताया जाता है कि दुबे खरेया गांव के सुनील कुमार प्रजापति दुबे खरेया बाजार पर बाइक रिपेयरिंग सेंटर चलाते हैं। देर रात दुकान बंद कर अपने घर चले गए। इसी बीच अज्ञात बदमाशों द्वारा उनकी दुकान में आग लगा दी गयी। वहीं, कुछ लोगों द्वारा इसकी सूचना तत्काल सुनील कुमार प्रजापति को दी गई। सूचना पाकर पहुंचे सुनील व अन्य स्थानीय लोगों द्वारा अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश की गयी। लेकिन आग और विकराल होती जा रही थी। इसकी सूचना तत्काल गोपालपुर थाना को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने फायरब्रिगेड को सूचित किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस बदमाशों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। वहीं, दुकान के मालिक सुनील कुमार प्रजापति ने बताया कि इस घटना में करीब एक लाख का सामान जलकर राख हो गया है।

ड्यूटी वाले डॉक्टरों के नहीं बैठने से मरीज परेशान

गोपालगंज। पांच जिलों की सीमा पर अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैकुंठपुर में रोस्टर ड्यूटी वाले डॉक्टरों के ओपीडी में नहीं बैठने से मरीजों की परेशानी बढ़ती जा रही है। रोस्टर के अनुसार मंगलवार को आई स्पेशलिस्ट डॉ सुमाइला हैदर की ड्यूटी थी। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर डॉ सुमाइला हैदर के नाम से पर्ची काटकर मरीजों को ओपीडी में भेजा गया। लेकिन ओपीडी में आयुष चिकित्सक डॉ मनीष कुमार व डॉ आफताब आलम मरीजों का इलाज कर रहे थे। बुधवार को डेंटिस्ट डॉ कुमार निशांत की ड्यूटी ओपीडी में थी। लेकिन वे किसी कारण से ओपीडी में अपनी सेवा नहीं दे पाए। दांत संबंधित बीमारियों का इलाज कराने पहुंचे मरीज इससे पूरी तरह परेशान दिखे। मरीजों का कहना था कि वे ओपीडी में दांत से संबंधित बीमारी का इलाज कराने गए थे। लेकिन अस्पताल में आयुष चिकित्सक डॉ आफताब आलम एवं डॉ केपी सिंह इलाज कर रहे थे। इसके पहले भी सीएचसी में रोस्टर ड्यूटी का पालन नहीं करने से संबंधित मामला सुर्खियों में रहा है। दंत चिकित्सा ओपीडी प्रतिदिन चलाए जाने का प्रावधान है।

स्वस्थ शरीर, स्वच्छ समाज ही है हमारी संस्कृति की पहचान: मंत्री

सिसई में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का मंत्री सुनील कुमार ने किया उद्घाटन

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

स्वस्थ शरीर के साथ स्वच्छ समाज ही भारतीय संस्कृति की पहचान है। सरकार स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर लगातार काम कर रही है। सरकार की मंशा समाज के विकास की है, स्वच्छता हो या फिर शराब बंदी दोनों ही काम एक स्वच्छ समाज के परिचायक है। ग्रामीण क्षेत्र में अब शहरों की सुविधा मिलने जा रही है। इसका मकसद सिर्फ आपको स्वच्छ और स्वस्थ रखने का है। उक्त बातें बिहार सरकार के मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार ने कही। मौका था प्रखंड की सिसई पंचायत में स्वच्छता मिशन के तहत बने अवशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के उद्घाटन समारोह का। इससे पूर्व मंत्री प्रखंड के जदयू नेता वीरेंद्र चैरसिया के पड़रौना स्थित आवास पर जाकर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। इसके बाद वे भोरे के पत्रकार सुरेश राय के भोपतपुरा स्थित आवास पर पहुंचे और उनके पिता स्व. केदार नाथ राय के निधन से आहत परिजनों से मुलाकात की। उसके बाद उनका काफिला प्रखंड की सिसई पंचायत में पहुंचा। जहां मठिया गांव में बने अवशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंत्री ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता में अव्वल आने वाली तीन पंचायतों को सरकार द्वारा सम्मानित कराया जायेगा। इसके साथ ही सबसे बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मी को सम्मानित किया जायेगा। वहीं मुखिया अन्नू मिश्रा ने कहा कि अब आपको शहरों जैसी सुविधा मिल रही है। प्रतिदिन सुबह कचरा ढ़ोने वाली गाड़ी और सफाईकर्मी आपके दरवाजे पर जाएंगे। जिन्हें आपको अपने डस्टबिन में जमा कचरा दे देना है। मौके पर बीडीओ डॉ. संजय कुमार राय, बीपीआरओ सुनील कुमार, उप प्रमुख दीपू मिश्रा, सत्येंद्र राय, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार मिश्रा, मंटू कुमार सिंह, मुखिया शाह आलम, मोहन कुमार सिंह, अशोक साह, शिक्षक हीरा प्रसाद सिंह, कुंज बिहारी मिश्रा, आचार्य के रूप में पं. शिवशंकर मिश्र, पिंटू मद्धेशिया, विद्यासागर राम आदि लोग मौजूद थे।

सीएम की संभावित दौरे को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

डीएम डॉ नवल किशोर चैधरी और डीडीसी अभिषेक रंजन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित जिले के दौरे की तैयारी को लेकर उचकागांव प्रखंड के परसौनी खास पंचायत स्थित विशाल तालाब और घोड़ा घाट मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परसौनी खास तालाब और घोडाघाट मंदिर के सौंदर्यीकरण को लेकर विशेष रूप से दिशा निर्देश दिया। परसौनी खास तालाब पर पहुंचे डीएम डॉ नवल किशोर चैधरी ने देखा कि जल संसाधन विभाग के द्वारा से लगभग 37 लाख 50 हजार रुपए की लागत से तालाब का किए गए जीर्णोद्धार कार्य के बावजूद तालाब के कुछ हिस्से पर कुछ लोगों द्वारा पक्का भवन बनाकर स्थाई और पुआल का ढेर लगाकर अस्थाई रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसे डीएम ने अभिलंब हटाने का निर्देश देते हुए तालाब के चारों तरफ फेवर ब्लॉक पथ बना के साथ-साथ उसके चारों तरफ रंग बिरंगे फूल आदि लगाकर तालाब का सौंदर्यीकरण करने वही उसके चारों तरफ सोलर लाइट से तालाब को जगमग करने का निर्देश दिया।

संक्षिप्त खबरें

बालू लदा ओवर लोड ट्रेक्टर जब्त

असरगंज (मुंगेर)।असरगंज थाना केशाहकुंड मोड़ केपास वाहन जांच अभियान के क्रम मेंतेज रफ्तार से जाते हुए ओवर लोडबालू लदा एक ट्रेक्टर को पुलिस नेजब्त कर थाना लाया गया।असरगंज थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रेक्टर पर क्षमता से ज्यादा बालू लोड था, जो शाहकुंड की ओर जा रहा था। जिसे जब्त किया गया।

ग्राहक बन कपड़े ले भागे चोर

असरगंज।प्रखंड के पेट्रोल पंप के निकट एक कपड़े कीदुकान में कपड़े खरीदने आए ग्राहक कपड़े चोरी कर फरार हो गया चोर ने मौका पाकर कपड़ा कपड़े को झोले में छुपा कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। असरगंज थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि दुकानसंचालककेद्वारा लिखित आवेदनदिया गया है। जिसकी जांच की जा रही है।

फाइलेरिया की रोकथाम के लिए सर्वजन दवा का करें सेवन : डॉ. शर्मा

मोतिहारी।फाइलेरिया को आम तौर पर हाथी पांव के नाम से जाना जाता है।जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शरत चन्द्र शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया की रोकथाम के लिए सर्वजन दवा का सेवन करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि जिले में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सर्वजन दवा सेवन अभियान 10 फरवरी से चलेगा।02 वर्ष से ऊपर के लोगों को डीईसी एवं एलबेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी।इस दौरान इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों को दवा नहीं खिलाई जायेगी।प्रचार प्रसार के साथ इस अभियान के दौरान आशा व स्वास्थ्य कर्मी घर घर भ्रमण कर लोगों को फाइलेरिया के विषय में जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि जिले के चयनित साइटों पर रात में 16 हजार 800 लोगों के रक्त की जाँच की गई थी, जिसमें 237 व्यक्ति संक्रमित पाए गए हैं। फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए सर्वजन दवा पूरी तरह सुरक्षित है। फाइलेरिया रोग वाले सभी क्षेत्रों में सभी लोग डी. ई. सी. दवा की सालाना खुराक लें, यह अति आवश्यक है।

भाजयुमो के राष्ट्रीय टीम से 5 सदस्य नेपाल सीमा से सटे रक्सौल का करेगी दौरा

रक्सौल।भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद तेजस्वी सूर्या के निर्देश पर राष्ट्रीय टीम से 5 सदस्य भारत-नेपाल सीमा से सटे भारतीय जनता पार्टी संगठन जिला रक्सौल का दौरा करेंगे। यह दौरा तीन दिवसीय होगा।राष्ट्रीय स्तर की कमेटी सीमा से सटे हर गांव में जाकर वहां का दौरा करेगी।वर्तमान में चल रहे विकास कार्य प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना से बनाए गए सड़क का अवलोकन करेगी। इसकी जानकारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रो. मनीष दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय कमेटी सीमा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य, सीमाई क्षेत्र में ज्वलंत समस्या, सीमा की सुरक्षा की व्यवस्था, स्वच्छता की स्थिति, लोगों के जीवन शैली, स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता के साथ-साथ सीमा क्षेत्र में शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करेगी। सीमाई गांव में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास बिजली की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करेगी। राष्ट्रीय स्तर की कमेटी रात में भी सीमाई गांव में ही विश्राम करेगी। श्री दुबे ने बताया कि इन 3 दिनों के अंदर एक विशाल युवा जन संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय कमेटी भारत नेपाल के संबंधों में आ रहे कड़वाहट के कारणों के साथ-साथ दोनों देशों के संबंध को और बेहतर कैसे कर सकते हैं। यह सीमा क्षेत्र के लोगों के बीच सर्वे का काम करेगी। नेपाल से व्यापारिक संबंध को और बेहतर कैसे कर सकते हैं, इसके लिए वह पदाधिकारियों से बैठक करेगी। यह दौरा 12 जनवरी से 23 जनवरी के बीच होगा।

वर्षों से जरूरतमंदों का तन ढक रहा कपड़ा बैंक

रक्सौल। आदमी तो खुद के लिए जीता ही है, परंतु अगर वह दूसरों के लिए भी अपनी जिंदगी में से कुछ समय दे रहा हो तो वह आदमी इंसान कहलाता है और उसके कर्म को इंसानियत कहते हैं। कुछ ऐसा ही कार्य करते नजर आ रहे हैं कपड़ा बैंक के संस्थापक राजकुमार गुप्ता और उनकी पत्नी सह कपड़ा बैंक की निदेशिका ज्योति राज गुप्ता। समाजसेवा का कार्य कई वर्षों से वे करते आ रहे है। गुप्ता दंपति हर जरूरतमंदों को सालों भर कपड़ा देने का पुण्य कार्य करते हैं। अब इस और जब इतनी जबर्दस्त ठंड ने दस्तक दिया तो वे रात के अंधेरों में अपने लोगों के साथ अपने वाहन में कंबल रख विभिन्न चौक-चौराहे और स्टेशन पर पहुंच जरूरतमंदों को कंबल ओढ़ाने लगे, इस दृश्य को देख जहां जरूरतमंद को मानो ठंड से राहत मिल गई, वहीं जरूरतमंदों की खुशी देख मौजूद लोग भी भाव-विभोर हो उठे और फिर एक अगले इलाके में इस कार्य को करने चल दिए। गुप्ता दंपति ने कहा कि उन्हें ये सब करके बहुत ही अच्छा लगता है और आगे भी वे ऐसा करते रहेंगे।

हर घर नल जल योजना शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं हो पाया है सफलीभूत

उपभोक्ता को इस योजना के लाभ प्राप्त करने में वर्षों लग जाते हैं फिर भी नहीं मिल पाता है नया कनेक्शन

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हर घर नल जल योजना पहुंचाने का लाख दावा कर भले ही अपनी पीठ थपथपा ले , लेकिन हकीकत में देखा जाए तो मुंगेर जिला के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इस योजना का लाभ जिले के भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत का भेंट चढ गया है। जिले के कई प्रखंड में नल जल योजना की समस्या से जनता परेशान है इस योजना को केवल समाचार पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जनता को सब्जबाग दिखा रहे हैं किंतु सरकारी मुलाजिमों के कारण सर जमीन पर अब तक हर घर नल जल योजना को नहीं पहुंचाया जा सका है।

ग्रामीण जनता ने आरोप लगाया कि जिले के पीएचडी विभाग और ठेकेदार के मिलीभगत से क्षेत्र में 80% काम करने का दावा किया जा रहा है शेष 20% पर काम कराये जाने का दावा अधिकारियों और ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है, किंतु क्षेत्र में ठेकेदार ने सरकारी सड़क मार्ग और गली मोहल्ले को जिस तरह खोद कर रख छोड़े हैं किआए दिन सड़क हादसा का गवाह बनता जा रहा है ठेकेदार ने नीला और लोहे का पाइप निकाला रक्त छोरा हुआ है जिसकी चोरी रात्रि में चोरों के द्वारा कर लिया जा रहा है ठेकेदार के द्वारा सड़क की मरम्मत अब तक नहीं कराया गया है आए दिन सड़क हादसा का एक बड़ी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है वही ठेकेदार द्वारा सही तरीके से किसी भी आम जनता को कनेक्शन नहीं दिया है।

हवेली हवेली खड़गपुर निवासी अधिवक्ता मुकेश कुमार ने अपने घर और मोहल्ले में एक दर्जन नल जल योजना अंतर्गत नया कनेक्शन देने के लिए आवेदन अनुमंडल पदाधिकारी हवेली खड़गपुर को दिनांक 21 दिसंबर 2021 को दिया था उनके आवेदन पर अनुमंडल पदाधिकारी ने अपने कार्यालय पत्र 118 दिनांक 8 जनवरी 2022 के माध्यम से सहायक अभियंता पीएचईडी मुंगेर कार्यालय में भेजकर कहा था कि आवेदक अधिवक्ता मुकेश कुमार ग्राम खास बाजार वार्ड नंबर 14 नगर परिषद हवेली खड़गपुर जिला मुंगेर के आवेदन पत्र में अंकित तथ्यों की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है। श्री कुमार ने बताया कि आज तक आज तक नल जल योजना कनेक्शन भ्रष्ट पदाधिकारी और तथाकथित ठेकेदार द्वारा नहीं दिया गया है। श्री कुमार ने बताया कि जब अनुमंडल पदाधिकारी के पत्र पर किसी तरह की कार्यवाही नहीं हुआ तो इसकी शिकायत अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष उठाया गया जिसका पंजीयन संख्या 5242 1012 80 1220 1011 दिनांक 28 जनवरी 2022 है कई तिथि के सुनवाई के बाद नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी शहर लोक प्राधिकार ने अपने कार्यालय पत्रांक संख्या 169 दिनांक 12 फरवरी 2022 में पति बेरी की परिवारी से मुकेश कुमार का कनेक्शन नहीं दिया गया है को स्वीकार की इस संबंध में स्पष्ट करना है कि नल जल योजना का कार्य पीएचईडी विभाग को दी गई है उनके द्वारा बताया गया कि 01 सप्ताह के अंदर उस मोहल्ले में नल जल का कनेक्शन कर दिया जाएगा इसके बाद उभय पक्षों को सुनने प्राप्त प्रतिवेदन संलग्न कागजातों के अवलोकन उपरांत भी निश्चय किया गया कि मामले की विषय वस्तु नल जल योजना लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन विभाग मुंगेर से संबंधित है परिवादी का आवेदन पत्र सभी आवश्यकता कागजातों है को संदर्भित कर कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन विभाग मुंगेर को भेजें इस आदेश की प्रति जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय मुंगेर को भी भेजा गया और कार्यवाही को समाप्त कर दिए गए। लेकिन श्रीकुमार का नल जल योजना का कनेक्शन जनवरी 2022 से जनवरी 2023 तक नहीं मिला पाया है। इधर ग्रामीण क्षेत्रों में जल नल योजना का कार्य पूरा भी किया गया है वहां पर काफी घटिया पाइप बिछाया गया है जिसके कारण पाइप लीकेज की समस्या प्रतिदिन सामने आ जाता है लीकेज पाइप से जल नल योजना का पानी निर्विवाद सड़क पर बहता हुआ नजर आता है तो किसी को कनेक्शन ही नहीं दिया गया है।

नल जल योजना का लाभ ग्रामीणों और शहर बालों को नहीं मिल पा रहा है पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता कनीय अभियंता और अवर प्रमंडल पदाधिकारी ठेकेदारों से मोटी रकम लेकर घटिया स्तर के पाइप का इस्तेमाल नल जल योजना के कार्य में किया गया है जिसके कारण दिए गए कनेक्शन में जल का स्राव नहीं होता है और उससे गंदी मिट्टी भी मिलकर पानी के साथ उपभोक्ताओं के घर तक पहुंच जाता है इसकी शिकायत प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर के कई अधिकारियों से किया गया लेकिन जनता की शिकायत पर इन अधिकारियों के कानों तक जू तक नहीं रेंग का है जिसके कारण बिहार के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री का हर घर नल जल योजना टाय टाय फिश हो गया है अगर सरकार इसकी सच्चाई जानना चाहती है तो स्थल का जांच उच्च स्तरीय कराई जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि जल नल योजना मुंगेर जिला में कितना सफली भूत हुआ है।

ठंड व कनकनी से बचाव के लिए रहें सतर्क और सावधान : सीएस डॉ पीएम सहाय

गर्म कपड़े का करें उपयोग और सर्द हवाओं से रहें दूर, ठंडजनित बीमारी से भी होगा बचाव

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । जिले जिले भर में लगातार चल रही पछुआ हवा के कारण तापमान में गिरावट आ रही है। जिसके कारण ठंड और कनकनी में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसके कारण लोगों की परेशानी बढ़ती दिख रही है।

ऐसे में हर किसी को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है। ताकि किसी प्रकार की लापरवाही के कारण अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वहीं, इस बदलते मौसम व बढ़ती ठंड में ठंडजनित बीमारी से बचाव के लिए सुरक्षा के मद्देनजर हर किसी को विशेष सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। खासकर ऐसे मौसम में घर के बच्चे एवं बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखना चाहिए। दरअसल, बच्चे और बुजुर्गों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता युवाओं एवं सामान्य लोगों के सापेक्ष कमजोर होती है। जिसके कारण बदलते मौसम में बच्चे और बुजुर्गों की स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी बढ़ने की प्रबल संभावना रहती है।

बढ़ती ठंड से हर आयु वर्ग के लोगों को रहना चाहिए सतर्क और सावधान : मुंगेर के सिविल सर्जन डॉ पीएम सहाय ने बताया कि बढ़ती ठंड के मौसम में लापरवाही बरतने पर किसी भी आयु वर्ग के लोग ठंडजनित बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। वर्तमान समय में तो ठंड के साथ-साथ मौसमी बीमारियों का भी दौर चल रहा है। इसलिए,बचाव के लिए सुरक्षा के मद्देनजर हर आयु वर्ग के लोगों को विशेष सावधान और सतर्क रहना चाहिए तथा घर के बच्चे व बुजुर्ग सदस्यों का विशेष ख्याल रखने की जरूरत है।

ठंड से बचाव के लिए उपयुक्त गर्म कपड़े का करें उपयोग : उन्होंने बताया कि इस बढ़ती ठंड में स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह सजग रहें और बचाव के लिए उपयुक्त गर्म कपड़े का उपयोग करें। जो ठंड से बचाव करने में पूरी तरह प्रभावी हो। इसके साथ ही सर्द हवाओं से दूर रहें एवं नियमित रूप से धूप लगाएँ। कमरे का तापमान सामान्य रखें। इसके लिए हीटर सहित अन्य व्यवस्था को अपनाएं।

कभी भी नहीं रहें भूखा, गर्म व ताजा खाना का ही करें सेवन : उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में गर्म व ताजा खाना का ही सेवन करें और बासी खाना से बिलकुल दूर रहें। इससे आपके शरीर को ऊर्जा की प्राप्ति होगी और ठंड से भी बचाव होगा। इसके अलावा भूखे पेट नहीं रहें। हर हाल में समय पर खाना खाएं। दरअसल, भूखे पेट रहने पर ठंड अधिक लगती है। जिससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है।

पशुओं को जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए लगवाएं टीके : डॉ रवि रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

चिरैया। पशुओं के लिए जानलेवा बीमारी फुट एंड माउथ डिजीज (एफएमडी) एवं लंपी स्किन डिजीज (एलएसडी) से बचाव के लिए लगवाएं टीके। उक्त बातें भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन कुमार ने कही। वे प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय के कार्यालय कक्ष में निजी टीकाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पशुओं को होनेवाली जानलेवा बीमारियों से बचाव को लेकर 5 से 25 जनवरी तक फुट एंड माउथ डिजीज (खुरपका व मुंहपका रोग) तथा 9 से 30 जनवरी तक लंपी स्किन डिजीज (गांठदार त्वचा रोग) से बचाव के लिए टीकाकरण होना है। यह दोनों बीमारियां काफी गम्भीर व जानलेवा है। इससे बचाव के लिए टीकाकरण ही एकमात्र विकल्प है। इसके लिए पशुपालकों से कोई भी शुल्क नही लिए जाएंगे। दोनों ही वैक्सीन सरकार द्वारा मुफ्त उपलब्ध करवाएं जा रहे है। डॉ रवि ने बताया कि फुट एंड माउथ डिजीज (खुरपका व मुंहपका रोग एक अत्यधिक संक्रामक रोग है जो दो खुर वाले पशुओं (जिनके खुर विभाजित होते हैं) को संक्रमित करता है। जो सीधे संपर्क, एरोसोल (वायु-जनित), और अंतर्ग्रहण के माध्यम से आसानी से फैलता है। यह वायरस एक बार मेजबान के अंदर तेजी से प्रतिकृति करता है, साथ ही इसके लक्षण आमतौर पर 2-3 दिनों के बाद दिखाई देते हैं। ये लक्षण कई प्रकार के हैं, लेकिन जीभ और पैरों पर घाव इस वायरस की विशेषता है।

यह रोग पशुधन और व्यापार उद्योगों पर भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाता है। यह न केवल जानवरों के झुंडों को मिटा देता है, बल्कि कई देश उन देशों के साथ पशुधन का व्यापार करने से मना कर देते हैं जो इस महामारी का अनुभव करते हैं। वर्तमान में इसके टीके के प्रतिरोध को प्रेरित करने के लिए प्राथमिक तरीका प्रदान करते हैं। इस रोग की पहचान मुंह में, निपल्स पर और पैर की उंगलियों के बीच में बड़े फफोले से होती है, जो फटने के कारण दर्दनाक कच्चे घाव और यहां तक कि खुरों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। जानवर न खा सकते हैं, न पी सकते हैं, न चल सकते हैं और न ही उनका दूध निकाला जा सकता है। इसके प्रकोप से होनेवाले आर्थिक नुकसान काफी है जिसके बचाव के लिए टीकाकरण सर्वश्रेष्ठ उपाय है।वही लंपी स्किन डिजीज (गांठदार त्वचा रोग) एक वायरल रोग है जो मवेशियों को प्रभावित करता है। यह रक्त-चूसने वाले कीड़ों द्वारा फैलता है, जैसे कि मक्खियों और मच्छरों की कुछ प्रजातियाँ या टिक्स। इस रोग के कारण पशुओं में बुखार व त्वचा पर पिंड बनता है और मृत्यु का कारण भी बन सकता है, विशेष रूप से उन जानवरों में जो पहले वायरस के संपर्क में नहीं आए हैं। गांठदार चर्म रोग से पशुपालकों को बड़ा आर्थिक नुकसान हो सकता है। इसके नियंत्रण विकल्पों में टीकाकरण और संक्रमित पशुओं को मारना शामिल है।

दिल्ली राजपथ पर तिरंगे को सलामी देंगे 6 बिहार बटालियन के 5 कैडेट्स

प्रात : किरण संवाददाता

गया। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेट्स का लक्ष्य होता है दिल्ली में राजपथ पर कदमताल करना। इस सत्र में 6 बिहार बटालियन के 5 कैडेट्स अपने सपने को पूरा करने में सफल हुए। इस मौके पर 6 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एमके शुक्ला ने बताया हर साल की तरह इस बार भी बटालियन के 5 एनसीसी कैडेट् राजपथ पर कदमताल करेंगे।

उन्होंने ने बताया कि यह गया जिला के लिए बड़ी गर्व की बात है कि यहां के 5 एनसीसी कैडेट 26 जनवरी 2023 को दिल्ली राजपथ पर परेड करेंगे।

उन्होंने कड़ी मेहनत करके अपने जिला, बटालियन एवं कॉलेज का नाम रोशन किया। इसमें सीनियर अंडर ऑफिसर शिवम राज, खुशबू कुमारी(गया कॉलेज गया),सीनियर अंडर ऑफिसर मुकेश कुमार, रंजय कुमार(महेश सिंह यादव कॉलेज गया),एवं सीनियर अंडर ऑफिसर श्रवण कुमार (शाक्यमुनि कॉलेज बोधगया) के छात्र हैं। कैडेट्स गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए दिल्ली रवाना हो चुके हैं। दिल्ली में बिहार की सांस्कृतिक और सैन्य गतिविधियों की झलक प्रस्तुत करेंगे।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में ये कैडेट दिल्ली में पीएम रैली, गार्ड ऑफ ऑनर, राजपथ परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइन एरिया, समूह नृत्य, गायन, राष्ट्रीय एकता प्रस्तुतिकरण में अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे। बटालियन में पांच कैडेट के चयन पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एमके शुक्ला, सूबेदार मेजर उगम सिंह सोलंकी, सूबेदार संजय शुक्ला,सूबेदार सुंदर सिंह, सूबेदार प्रमोद, सूबेदार संतोष कुमार सिंह,एनसीसी पदाधिकारी आदर्श कुमार गुप्ता, विरेन्द्र कुमार ने खुशी जताई है।

शहीद केसी सुरेंद्र बाबू के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर के तत्कालीन पुलिस कप्तान केसी सुरेंद्र बाबू सहित छः आरक्षी जवान कर्तव्य के वेदी पर 5 जनवरी 2005 को खड़गपुर के भीम बांध पहाड़ी क्षेत्र में माओवादी के बिछाए गये बारूदी सुरंग के विस्फोट में शहीद हो गए थे। इस विस्फोट में जिप्सी चालक मोहम्मद इस्लाम अंगरक्षक ओम प्रकाश गुप्ता मोहम्मद अब्दुल कलाम शिव कुमार राम ध्रुव कुमार ठाकुर भी शामिल थे। हवेली खड़गपुर थाना परिसर में उनके आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का गुरुवार के दिन आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेर के डीआईजी श्री संजय कुमार मुंगेर के पुलिस कप्तान श्री जे जे रेड्डी एएसपी अभियान श्री कुणाल कुमार अनुमंडल पुलिस आरक्षी पदाधिकारी श्री राकेश कुमार अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य कुमार झा एसएसबी के सहायक कमांडेंट श्री पंकज यादव एवं सभी थाना के थाना अध्यक्ष एवं शहर के विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष संजय यादव राजद नगर अध्यक्ष पंकज कुमार यादव भाजपा नेता शंभू के श्री रजनीश झा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संदीप कुमार जदयू नेत्री रेखा सिंह चौहान प्रबुद्ध नागरिक एवं मीडिया कर्मी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन चेंबर अध्यक्ष संजीव कुमार ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने किया।

जाति आधारित गणना 2022 का समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर। स्थानीय प्रखंड कार्यालय स्थित श्री कृष्ण मेमोरियल सभा कक्ष मे अपर समाहर्ता उपेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता मे बिहार जाति आधारित गणना मे प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई, जहा शामिल प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी कपूरी ठाकुर अंचलाधिकारी स्वामीनाथ राम, जिला ट्रेनर के द्वारा बारी बारी से सभी पर्यवेक्षकों से वार्ता कर समीक्षा की गयी वही 7 जनवरी से प्रारम्भ होने वाले जाति आधारित गणना की तैयारियों की जानकारी कर्मियों से ली गयी। बैठक मे जिला से आए जिला ट्रेनर ने पर्यवेक्षकों को एक एक बिन्दुओ पर पूछताछ करते बताया कि आपको आ वं एक एक ब्लाक के प्रगणको को उनके प्रदत क्षेत्र का अवलोकन संवेदनशीलता के साथ करना है। कही भी किसी प्रकार की त्रुटि न हो निर्वाध रूप से आपसी सामंजस्य स्थापित कर कार्य को पूरा करना है ।प्रशिक्षण मे सभी को क्षेत्र भ्रमण कर क्षेत्र निर्धारण कर नजरी नक्शा, तत्पश्चात मकान सूचीकरण की जान्कारी दी जा चुकी है। अब कार्य को धरातल पर सावधानियों के साथ किसी भी ब्लाक मे एक परिवार न छूटे, हर बिन्दुओ को बारीकी के साथ सम्पन्न कराना है। मौके पर बीएओ अभय कुमार बीपी आर ओ तरुण कुमार पर्यवेक्षक गुलाम अब्बास उदय कुमार सिंह श्रीराम प्रदीप कुमार राजेश्वर प्रसाद मोहम्मद जलालुद्दीन जे एस एस राम नरेश चैधरी राजू प्रसाद राजीव पाठक रामाधार कुमार सहित सभी प्रतिनियुक्त सुपरवाइजर शामिल थे।

विवि के पदाधिकारी भ्रष्टाचार का तांडव नृत्य कर रहे हैं: आरएसए

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। गुरूवार को आरएसए के प्रमुख कार्यकताओं के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज से चरणबद्ध आंदोलन विश्वविद्यालय के खिलाफ प्रारंभ किया गया। जिसकी शुरूआत जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति का पुतला दहन करके किया गया। पुतला दहन पृथ्वी चंद विज्ञान महाविद्यालय छपरा के मेन गेट पर किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्र नेताओं ने कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार फैला हुआ है। विश्वविद्यालय के पदाधिकारी भ्रष्टाचार का तांडव नृत्य कर रहे हैं।

छात्र-छात्राओं का कोई भी कार्य सुचारू रूप से नहीं चल रहा है। स्नातक प्रथम खंड नामांकन को करने में विश्वविद्यालय लगभग 5 माह लगा दिया। स्नातकोत्तर दितीय सेमेस्टर का अंक पत्र जो इस बार उपलब्ध कराया गया है वह फोटो स्टेट के कागज पर सादे प्रिंटर से छाप दिया गया है जो 2 दिन बाद उड़ जाएगा वह सादा कागज लेकर छात्र-छात्रा क्या करेंगे? उसके बाद छात्र-छात्रा विश्वविद्यालय के चक्कर काटते रह जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन पूरे बिहार के विश्वविद्यालयों से ज्यादा परीक्षा शुल्क लेता है उसके बावजूद ऐसे कागज पर अंकपत्र छाप कर दे रहा है जो 2 दिन बाद उड़ जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य पदाधिकारी केवल कमीशन लेने के चक्कर में छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। कुलपति केवल दिखावे के लिए स्नातकोत्तर विभागों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के आड़ में अपना चेहरा चमका रहे हैं।केवल कुलपति अपने पूरे कार्यकाल में जितना निरीक्षण किया है दोषियों पर कितना करवाई किए है उस पर श्वेत पत्र जारी कर दे। सच्चाई का पता चल जाएगा। पैट परीक्षा 2022 का नोटिफिकेशन अभी तक नहीं हुआ। स्नातक सत्र 21-24 का अभी तक पंजीयन छात्र-छात्राओं का नहीं मिला है। डेढ़ वर्ष में भी पंजीयन कार्ड उपलब्ध नहीं करा पाया जेपीयू प्रशासन।जिसके कारण परीक्षा प्रपत्र नहीं भरा जा पा रहा है। पैट 2021 क्वालीफाइंग सर्टिफिकेट एवं एडमिट कार्ड की हार्ड कॉपी अभी तक विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। स्नातक तृतीय खंड द्वितीय खंड एवं प्रथम खंड का परीक्षा हुए कई महीने हो गए लेकिन अभी तक रिजल्ट का प्रकाशन नहीं किया गया। कई प्रतियोगी परीक्षाओं का फॉर्म नहीं भरा जा पा रहा है। पुतला दहन कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से संरक्षक परमेन्द्र कुमार सिंह, आशीष यादव उर्फ गुलशन यादव, हिमांशु शेखर छोटू, राहुल यादव, अमित कुमार, सरोज कुमार, प्रिंस कुमार, बबलू राम, अफताब आलम, परवेज अख्तर, रुकसाना खातून बबली कुमारी, नेहा कुमारी, काजल कुमारी, रागिनी कुमारी, पूजा कुमारी आदि थे।

आमजन की समस्या का त्वरित निवारण करें अधिकारी: डॉ सी एन गुप्ता

कार्य की गुणवत्ता और सही समय पर निपटारा दोनों जरुरी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शहर की खूबसूरती और जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत शहर के निचले हिस्से रूपगंज में स्लुइस गेट के पास खनुआ नाला निर्माण कार्य का स्थानीय विधायक डॉ. सीएन गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने उपस्थित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया और कार्य में गुणवत्ता के साथ साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान विधायक ने मौके पर मौजूद अभियंताओं से कार्य के विभिन्न पहलुओं के बारे में जाना और कार्य करने के तरीके के बारे में भी विधिवत जानकारी ली।विधायक ने निर्देश दिया कि लोगों को परेशानी भी

ना हो और कार्य आसानी पूर्वक संपन्न हो। आमजन ने गलत कार्यप्रणाली और पाइप लाइन से गढ़ा खोदने से दिक्कत की शिकायत भी की जिसपर विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की। विधायक ने कहा कि सरकार की नल जल योजना शहर के लिए अभिश्राप बन गया है हर जगह गलत कार्यप्रणाली से आमजन त्रस्त है.मौके पर मौजूद अधिकारियों से 1 महीने का समय देते हुए कहा कि नल जल का कार्य अच्छे से संपन्न हो ताकी गड्ढा और खराब सड़क से कोई परेशान न हो।

स्थानीय लोगों से भी विधायक ने अपील करते हुए कहा कि किसी भी काम के होने से दिक्कत होती है लेकिन ज्यादा परेशानी भी सही नहीं विधिवत कार्यप्रणाली में कोई भी समस्या हो तो इसमें आप सीधे संपर्क करें। इस दौरान नमामि गंगे के अधिकारी आनंद मोहन, बुडको के अधिकारी समेत स्थानीय अरुण राय, राजु कुमार,भोला साह, नंदकिशोर राय समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

सारण जिला राष्ट्रीय वैश्य महासभा छपरा की टीम ने एसपी से मिलकर दी शुभकामनाएं

छपरा। नए साल में सारण जिले के पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभालने वाले डॉ गौरव मंगला से मिलकर अध्यक्ष वीरेंद्र साह मुखिया के नेतृत्व में, सारण जिला राष्ट्रीय वैश्य महासभा छपरा की टीम ने उन्हें नव वर्ष 2023 के साथ-साथ सफल कार्यकाल की पुष्प गुच्छ के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आशा ही नहीं सारण वासियों को विश्वास भी है कि इनके एसपी के रूप में कार्यभार संभालने से सारण जिले में अपराध नियंत्रित रहेगा और व्यवसायियों के साथ-साथ समस्त सारण वासी अपना जीवन यापन भयमुक्त वातावरण में कर सकेंगे। उन्हें बधाई देने वालों में वीरेन्द्र साह मुखिया (अध्यक्ष) छठी लाल प्रसाद (महासचिव) विद्यासागर विधार्थी, डॉ हरिओम प्रसाद, जयचंद प्रसाद, राम नारायण साह, कन्हैया कुमार, झूलन जी आदि उपस्थित थे।

जेबीसे के जन्म दिवस पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जय प्रकाश विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में महान परम्परवादी अर्थशास्त्री जेबीसे के जन्म दिवस पर गुरूवार को इनके जीवन एवं अर्थशास्त्र के क्षेत्र में इनके महत्वपूर्ण योगदान पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें अर्थशास्त्र विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने जेबीसे के जीवन की पृष्ठभूमि प्रकाश डाला। प्रो. अजीत कुमार तिवारी ने जेबीसे के सिद्धांत के वैधानिक दृष्टिकोण की व्याख्या की जबकि पीयूष अदानी ने परम्परावादी अर्थशास्त्रों से इतर जेबीसे द्वारा वस्तुओं के मूल्य विर्धारण में वस्तुओ। के उपयोगिता दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। डॉ. ए के राय ने संक्षिप्त में सभी व्याख्यानों का सार प्रस्तुत किया।

366 करोड़ नेटवर्थ के साथ पति रणवीर से आगे दीपिका पादुकोण

आज दीपिका पादुकोण का 37वां जन्मदिन है। दीपिका वो एक्ट्रेस हैं जिन्हें उनके पिता प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन प्लेयर बनाना चाहते थे लेकिन उन्होंने अपना रास्ता खुद चुना और मॉडलिंग में करियर बनाया। 2007 में रिलीज हुई फिल्म ओम शांति ओम में मलाइका अरोड़ा की सलाह पर फराह खान ने उन्हें शाहरुख खान के अपोजिट कास्ट किया। तब से अब तक 15 सालों के करियर में दीपिका ने 37 फिल्मों में काम किया है और वह 52 अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुकी हैं।

इस समय दीपिका फिल्म पठान के गाने बेशरम रंग में पहनी गई भगवा बिकिनी की वजह से विवादों में हैं। इससे पहले 2018 में फिल्म पद्मावत में रानी पद्मावती के रोल की वजह से उन्हें जान से मारने और नाक काटने की धमकी मिल चुकी है लेकिन इससे उनकी पॉपुलैरिटी पर कोई असर नहीं पड़ा। आज दीपिका की ब्रांड वैल्यू 400 करोड़ की है और वह 366 करोड़ नेटवर्थ के साथ पति रणवीर सिंह से कमाई में भी आगे हैं।

दीपिका पादुकोण को बचपन में दोस्त बनाने में झिझक होती थी। आत्मविश्वास की कमी के चलते उनके बचपन में कोई दोस्त नहीं बन पाए। हालांकि उन्हें मन ही मन एक हॉलीवुड एक्टर से बेहद प्यार था। दीपिका पादुकोण ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें हॉलीवुड एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो पर क्रश था। वो रोज सोने से पहले लियोनार्डो की तस्वीर को किस किया करती थीं। दीपिका के पिता प्रकाश पादुकोण इंटरनेशनल बैडमिंटन प्लेयर थे और दादाजी रमेश मैसूर बैडमिंटन एसोसिएशन के सेक्रेटरी थे। ऐसे में प्रकाश चाहते थे कि उनकी बेटी भी बड़ी होकर एक नामी बैडमिंटन प्लेयर बने। दीपिका पिता की बात मानते हुए रोजाना प्रैक्टिस करने लगीं, हालांकि इसमें उनकी रुचि नहीं थी। इस दौरान दीपिका कई नेशनल चैंपियनशिप का हिस्सा रहीं, वहीं कुछ सालों तक इन्होंने बेसबॉल भी खेला।

आदर जैन से ब्रेकअप के बाद पार्टी करती दिखीं तारा

तारा सुतारिया अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। खबरें हैं कि तारा का अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड आदर जैन से ब्रेकअप हो गया है। फिलहाल इन रुमर्स के बीच तारा अपूर्वा की रैप-अप पार्टी में ग्लैमरस अवतार में नजर आईं। जिसका एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में तारा व्हाइट ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस लुक में तारा बेहद खूबसूरत लग रही हैं। इस दौरान तारा ने पैपराजी को मुस्कुराते हुए जमकर पोज भी दिए। बता दें कि तारा सुतारिया ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म 'अपूर्वा' की शूटिंग पूरी की है। इस मौके पर फिल्म की रैप अप पार्टी रखी गई जिसमें तारा भी पहुंची। बता दें कि तारा सुतारिया कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। इनमें 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2', 'मरजावां', 'तड़प', 'हीरोपंती 2' और 'एक विलेन रिटर्न्स' जैसे फिल्में शामिल हैं।

आपसी सहमति से अलग हुए आदर जैन और तारा

रिपोर्ट के मुताबिक तारा सुतारिया और आदर जैन का ब्रेकअप हो चुका है। कपल ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया है। ब्रेकअप के बाद भी कपल अच्छे दोस्त की तरह रहेगा। हालांकि अभी तक इस खबर पर तारा और आदर में से किसी ने कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया है।

अगस्त्या नंदा को डेट कर रही हैं सुहाना खान

बॉलीवुड में स्टार्स के बीच अफेयर के किस्से तो अक्सर सुनाई पड़ते हैं और अब इन्हीं कहानियों में एक नई कहानी भी जुड़ने जा रही है। डेटिंग की यह नई कहानी है बॉलिवुड के उभरते सितारों की। उन स्टार किड्स की, जो एक्टिंग की दुनिया में कदम तो बढ़ा चुके हैं, लेकिन अभी उन्हें यह देखना बाकी है कि दर्शक उन्हें कितना पसंद करते हैं। जी हां, डेटिंग और अफेयर की जो खबरें अब सुनने में आ रही हैं वह है बॉलीवुड में कदम बढ़ा चुकीं शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान की। खबर है कि शाहरुख खान की लाडली सुहाना अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्या नंदा को डेट कर रही हैं।

चर्चा है कि द आर्चीज़ से डेब्यू करने वाले अगस्त्या नंदा और सुहाना खान एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। खबर है कि कपूर फैमिली ने हाल ही में जो क्रिसमस पार्टी रखी थी उसमें अमिताभ बच्चन के नाती यानी श्वेता नंदा के बेटे अगस्त्या नंदा भी पहुंचे थे। बता दें कि अगस्त्या, राज कपूर की बेटी ऋतु नंदा के पोते हैं। सूत्र के हवाले से बताया है कि कपूर फैमिली की इस क्रिसमस पार्टी में अगस्त्या ने अपने फैमिली मेंबर्स को सुहाना को मिलवाते हुए अपना पार्टनर बताया। फिल्म द आर्चीज़ के सेट से शुरू हुआ है पूरा किस्सा

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन दोनों के बीच ये शुरुआत जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज़ के सेट से शुरू हुई। सूत्र ने बताया है कि वे दोनों काफी वक्त एक-दूसरे के साथ बिताया करते हैं और वे अपने बॉन्ड को छिपाने की कोशिश भी नहीं करते। इस रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि दोनों अभी अपने इस रिश्ते को ऑफिशियल करना नहीं चाह रहे। कहा यह भी जा रहा है कि प्रॉडक्शन हाउस से जुड़े अधिकतर लोगों को उनकी बॉन्डिंग के बारे में पता है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगस्त्या की मां श्वेता बच्चन की तरफ से उनके इस रिश्ते को सहमति है और वह सुहाना को काफी पसंद भी करती हैं। हालांकि, इस बारे में एक्टर्स की तरफ से फिलहाल कोई कन्फर्मेशन नहीं है।

ओटीटी डेब्यू में आर्टिस्ट बने शाहिद कपूर

शाहिद कपूर एक बार फिर धमाकेदार कमबैक करने के लिए तैयार हैं। 'कबीर सिंह' एक्टर को आखिरी बार 2022 में आई फिल्म 'जर्सी' में देखा गया था। अब वह फर्जी नाम की वेब सीरीज के साथ ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। फर्जी के टीजर में शाहिद का एक नया अवतार देखने के मिल रहा है। फैमिली मैन के डायरेक्टर्स राज एंड डीके ने इस सीरीज को डायरेक्ट किया है और ये वेब सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी। टीजर की बात करें तो इसमें शाहिद कैमरे की तरफ देखते हुए पेंटिंग करते हुए नजर आते हैं और कहते हैं कि वे लाइफ का नया फेज, क्या लोगों को पसंद आएगा? लेकिन आर्टिस्ट तो आर्टिस्ट होता है, है ना? ये कहकर शाहिद चले जाते हैं। प्राइम वीडियो ने इस टीजर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, नया साल नया माल। शाहिद की फिल्म फर्जी के टीजर को देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं और जमकर कमेंट कर रहे हैं। इस वीडियो पर एक फैन ने कमेंट करते हुए लिखा, फाइनली, तो वहीं दूसरे फैन ने लिखा, हम और ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते हैं।

नोरा फतेही को डेट कर रहे हैं शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान

बॉलीवुड में स्टार्स के अफेयर की खबरें अक्सर उड़ती रहती है. कुछ बातें सच होती हैं, तो कुछ फेक रहती है. बीते दिनों साउथ एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें दोनों को किस करते देखा गया. ये मुद्दा सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना गया. अब एक और जोड़ी की कुछ तसवीरें इंटरनेट पर वायरल हुई है, जिसने तूफान ला दिया है. ये जोड़ी कोई और नहीं बल्कि शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान और दिलबर गर्ल नोरा फतेही है. फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि दोनों स्टार्स एक दूसरे को डेट कर रहे हैं.

नोरा-आर्यन खान की फोटोज हुई वायरल

एक यूजर ने हाल ही में दुबई में पार्टी से नोरा की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें करण जौहर, सुहाना खान और आर्यन खान भी मौजूद थे. एक तस्वीर में नोरा एक महिला के साथ पोज दे रही थीं, जो बाद में आर्यन के साथ उसी ड्रेस में पोज देती दिखीं, जिससे यह साबित हो गया कि नोरा और किंग खान के लाडले एक साथ ही पार्टी में मौजूद थे. दोनों को साथ में डिनर करते भी देखा गया है. हालांकि इन बातों की अभी तक किसी की ओर से भी पुष्टि नहीं हुई है.

यूजर्स ने अन्नया पांडे के लिए मजे

आर्यन खान और नोरा फतेही की इन फोटोज पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, अरे भाई ये क्या हो गया..अब अनन्या पांडे का क्या होगा, वो तो अकेली हो गई. एक दूसरे यूजर ने लिखा, नोरा की तो निकल पड़ी...उन्होंने एक बार कहा था कि वह तैमूर संग शादी करना चाहती हैं, लेकिन आर्यन खान सही है, सही है. एक अन्य यूजर ने लिखा, वाकई ये सब सच है क्या भाई...बॉलीवुड में कुछ भी हो सकता है.

आर्यन खान करेंगे डेब्यू

आर्यन खान बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. हालांकि, यह कहा जा रहा है कि वह कैमरे पर रहने के बजाय लेखन और निर्देशन करेंगे. स्टारकिड ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर हाथ में एक स्क्रिप्ट के साथ तस्वीर साझा की थी, जिसमें उनका नाम था. कैप्शन में लिखा, लेखन के साथ लपेटा...इंतजार नहीं कर सकता. बताया जा रहा है कि आर्यन खान का ये प्रोजेक्ट एक वेब सीरीज है. जिसे रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित किया जाएगा.

एनिमल लव पर आधारित लकड़बग्घा का ट्रेलर रिलीज

मिलिंद सोमन स्टारर फिल्म लकड़बग्घा का ट्रेलर आज रिलीज हुआ है। फिल्म में मिलिंद सोमन के लावा अंशुमन झा, रिद्धि डोगरा और परेश पाहुजा हम किरदार निभा रहे हैं। ट्रेलर में एनिमल लव के साथ-साथ इमोशन और भरपूर एक्शन दिखाया गया है। मिलिंद सोमन अंशुमन झा (अर्जुन) के पिता का रोल निभा रहे हैं जो मार्शल आर्ट्स ट्रेनर हैं। वहीं बचपन से ही अर्जुन ने पने पिता से सीखा है कि हमेशा बेजुबानों की रक्षा करनी चाहिए और जो जानवरों को चोट पहुंचाए उन व्यक्तियों की जमकर पिटाई करनी चाहिए। बता दें कि फिल्म 13 जनवरी को सभी सिनेमाघरों में रिलीज होगी।वहीं रिद्धि डोगरा को फिल्म में सीबीआई अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म को लेकर सभी स्टार कास्ट बेहद खुश हैं। अंशुमान झा, जो फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, कहते हैं, अर्जुन बख्शी कुत्ते के सबसे अच्छे दोस्त हैं। और मैं आभारी हूं कि मुझे क्राव-मगा में प्रशिक्षण लेने और उनके साधारण लेकिन साधारण चरित्र को जीवंत करने का अवसर मिला।

फिल्म महापौर में ग्रे किरदार में नजर आएंगी प्रीति झंगियानी

मोहब्बतें फिल्म से बॉलीवुड में करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस प्रीति झंगियानी ने ना सिर्फ हिंदी बल्कि तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और पंजाबी जैसी कई भाषाओं की फिल्मों में भी काम किया है। जल्द ही वे एक वेब सीरीज और आगामी फिल्म महापौर में दिलचस्प भूमिका में नजर आएंगी। इस खास बातचीत में प्रीति अपने करियर, परिवार और मदरहुड पर बात करती हैं। अपनी आने वाली सीरीज के बारे में वे कहती हैं, मेरी आगामी सीरीज को साहिल सांघा डायरेक्ट कर रहे हैं। इस शो की शूटिंग पूरी हो चुकी है लेकिन इस शो के बारे में मैं ज्यादा बता नहीं सकती, जब तक ये तय ना हो जाए कि ये कौन-से प्लेटफॉर्म पर आएगी। मगर इतना जरूर बता सकती हूं कि मेरा रोल दिलचस्प है। दर्शक मुझे एक नए अवतार में देखेंगे। कम फिल्में करने के मुद्दे पर कहती हैं, मुझसे ये सवाल सभी करते हैं, लेकिन मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैंने फिल्मों से ब्रेक लिया है, क्योंकि मैं लगातार काम कर रही हूं। मैं शो, इवेंट और कई भाषाओं में फिल्में कर रही हूं, फिर चाहे वो पंजाबी हो, बंगाली हो, तमिल हो, तेलुगु हो, कन्नड़ हो या फिर राजस्थानी हो। राजस्थानी फिल्म तावड़ो द सनलाइट, जिसके लिए मुझे राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी मिला था। मेरे काफी शो और इवेंट चल रहे हैं और मेरी कंपनी है स्पेन एंटरटेनमेंट जो फिल्में और विज्ञापन प्रोडयूस करती हैं। हमारी डिजिटल वेबसाइट भी है। तो इन सब चीजों से मैं लगातार कनेक्टेड हूं। मैं इतनी व्यस्त हूं और इंडस्ट्री से ही कनेक्टेड हूं, तो मुझे ऐसा कभी नहीं लगा कि मै दूर हूं इंडस्ट्री से। इसकी एक वजह ये भी हैं कि मैं नहीं चाहती थी कि ऑडिएंस मुझे एक ऐसे रोल में देखे, जिससे वो संतुष्ट ना हों। मुझे लगता है किसी भी किरदार को करके कलाकार का संतोष होना जरूरी होता है।

आगामी महापौर में ग्रे किरदार में हूं

अपनी आने वाली फिल्म महापौर के बारे में वे कहती हैं, इस समय मैं लखनऊ में महापौर की शूटिंग कर रही हूं। महापौर मेरे लिए एक बहुत ही अलग किस्म की कहानी होगी, बहुत ही अलग किस्म का किरदार होगा जो ना मैंने कभी अपने लिए सोचा था और ना दर्शकों ने मुझे ऐसे किरदार में देखा होगा। महापौर में मैं लखनऊ की मेयर के तौर पर नजर आऊंगी। जब फिल्म शुरू होती है, तो लोग देखते हैं की वो एक नो नॉनसेंस औरत है। लोग उससे डरते हैं। इस मुकाम तक वो कैसे पहुंची? कैसे वो लखनऊ जैसे शहर में समाज में महिलाओं के दर्जे को ऊंचा उठाती है? इस सफर में क्या वो अपने सिद्धांतों के साथ जी पाई है? क्या वो सही चीजें कर रही है या पैसों के लिए भ्रष्ट राजनेताओं की लाइन में आ गई है अथवा अपने सिद्धांतों पर चल कर भी इस मकाम तक पहुंच पाई है। तो बहुत ही ग्रे किस्म का किरदार है। जैसे असल जिंदगी में एक इंसान होता है वैसे ही ये किरदार है।

संक्षिप्त खबरें

भुवनेश्वर में शुरू हुईं जियो, एयरटेल की 5जी सेवाएं

भुवनेश्वर। दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों जियो और भारती एयरटेल ने बृहस्पतिवार से ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में अपनी 5जी सेवाएं शुरू कर दीं। केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यहां एक कार्यक्रम में दोनों कंपनियों की 5जी सेवा की शुरूआत की। वैष्णव ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने ओडिशा में दूरसंचार सेवाओं के लिए कुल 5,600 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, इसके अलावा विश्व स्तरीय संचार सेवाएं देने के लिए राज्यभर में 5,000 मोबाइल टॉवर लगाए जाएंगे। उन्होंने पहले यह वादा किया था कि राज्य में 5जी सेवाएं 26 जनवरी से पहले शुरू हो जाएंगी। दूरसंचार सचिव के राजारमन ने कहा कि सरकार ने राज्य के ग्रामीण इलाकों में 4जी सेवाओं के लिए 100 टॉवर भी समर्पित किए हैं। उन्होंने शिक्षा ओ अनुसंधान विश्वविद्यालय में जियो के सहयोग से 5जी अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने की भी घोषणा की।

रत्न एवं आभूषण परिषद के चेयरमैन चुने गए संयम मेहरा, राजेश रोकड़े बने वाइस चेयरमैन

मुंबई। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के सदस्यों ने दो साल (2023-24) की अवधि के लिए संयम मेहरा को उद्योग निकाय का चेयरमैन और राजेश रोकड़े को वाइस चेयरमैन चुना है। जीजेसी विनिमार्ताओं, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, वितरकों, प्रयोगशालाओं, रत्न विज्ञानियों, डिजाइनरों और संबद्ध सेवा प्रदाताओं समेत उद्योग से जुड़े 6,00,000 से अधिक लोगों एवं कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। मेहरा ने एक बयान में कहा, ह्हम उद्योग के सभी लंबित मुद्दों को लेकर सरकार के साथ संपर्क में रहेंगे और चीजों को अनुकूल बनाने के लिए उसके साथ मिलकर काम करेंगे। रोकड़े ने कहा कि जीजेसी उद्योग के लिए लगातार नए और बेहतर मंच तैयार कर रहा है और उनका ध्यान उद्योग के विकास के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों से जुड़ने पर होगा।

प्रसन्न कुमार मोतुपल्ली एनएलसी इंडिया के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक नियुक्त

नई दिल्ली। प्रसन्न कुमार मोतुपल्ली को सार्वजनिक क्षेत्र की एनएलसी इंडिया लि. (एनएलसीआईएल) का चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश के अनुसार मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने मोतुपल्ली को उनकी सेवानिवृत्ति यानी 30 जून, 2026 तक के लिये नियुक्त किया गया है। एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक रहे मोतुपल्ली फिलहाल प्रतिनियुक्ति पर गुजरात राज्य विद्युत निगम लि. में बतौर प्रबंध निदेशक काम कर रहे हैं।

मंदी की आशंका, मुद्रास्फीति से मार्च तिमाही में प्रभावित होगी भर्ती की गतिविधियां: सर्वेक्षण

नई दिल्ली। भारत में कॉरपोरेट कंपनियां 2022- 23 की मार्च तिमाही में भर्तियों को लेकर सतर्क रूख अपना सकती हैं। बृहस्पतिवार को जारी एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि मंदी की आशंका और मुद्रास्फीति के स्तर को लेकर चिंता बढ़ी है। यह सर्वे लगभग 3,030 सार्वजनिक और निजी नियोक्ताओं के बीच किया गया। मैनपावर ग्रुप के रोजगार परिदृश्य सर्वे के अनुसार, सालाना और तिमाही आधार पर नियुक्ति के इरादे मार्च तिमाही में घटेंगे। इस दौरान शुद्ध रोजगार परिदृश्य केवल 32 प्रतिशत रहने की संभावना है। सर्वेक्षण के मुताबिक इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 48 प्रतिशत कंपनियां नियुक्ति स्तर में वृद्धि कर सकती हैं, 16 प्रतिशत ने कम नियुक्तियां करने का इरादा जताया जबकि 34 प्रतिशत ने यथास्थिति बने रहने की बात कही। मैनपावर ग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा, नियोक्ता मंदी की आशंका और वैश्विक स्तर पर गहराती नरमी के चलते सतर्क हैं। पिछली तिमाही के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उथल-पुथल की वजह भी यही थी। मैनपॉवर ग्रुप के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी जोनास प्राइसिंग ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि अर्थशास्त्रियों ने जिन प्रतिकूल परिस्थितियों का अनुमान जताया था उन्होंने रोजगार बाजारों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने अहमदाबाद स्थित परियोजना में 870 आवास 435 करोड़ रुपये में बेचे

नई दिल्ली। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक आवासीय परियोजना में 870 आवासीय इकाइयां 435 करोड़ रुपये में बेची हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेश एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी गौरव पांडे ने कहा, ग्राहकों का भरोसा प्रतिष्ठित डेवलपर के टिकाऊ एवं एकीकृत विकास की बढ़ती मांग को दिखाता है।

शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जारी

●मजबूत ग्लोबल संकेतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में भी घरेलू शेयर बाजार ने बढ़त के साथ कारोबार की शुरूआत की थी।

नई दिल्ली, एजेंसी

मजबूत ग्लोबल संकेतों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। शेयर बाजार ने आज मजबूती के साथ कारोबार की शुरूआत की।

लेकिन थोड़ी ही देर बाद बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच तेज खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। लगातार जारी उतार-चढ़ाव के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.03 प्रतिशत और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले के शेयर 2.90 प्रतिशत से लेकर 1.52 प्रतिशत तक की तेजी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, अपोलो हॉस्पिटल और टाटा स्टील के शेयर 6.93 प्रतिशत से लेकर 0.91 प्रतिशत तक की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी स्टॉक मार्केट में 1,909 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 952 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 957 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में और 14 शेयर बिकवाली के दबाव के कारण लाल निशान में बने हुए थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे।

मजबूत ग्लोबल संकेतों के सपोर्ट से बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने भी आज मजबूती के साथ कारोबार की शुरूआत की। ये सूचकांक 190.05 अंक की बढ़त के साथ 60,847.50 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही तेज बिकवाली की वजह से कुछ देर के लिए सेंसेक्स में गिरावट आई। लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों का सपोर्ट मिलने पर इस सूचकांक में 60,877.06 अंक तक की छलांग लगा दी।

शुरूआती 15 मिनट के कारोबार के बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स गिरकर 60,506.23 अंक तक पहुंच गया। लेकिन सुबह 10 बजे के करीब बाजार में एक बार फिर खरीदारी का जोर बन जाने की वजह से इस सूचकांक में दोबारा सुधार होने के आसार दिखने लगे। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 18.35 अंक की बढ़त के साथ 60,675.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी मजबूत ग्लोबल संकेतों के कारण बढ़त के साथ कारोबार की शुरूआत की। ये सूचकांक 59 अंक की उछाल के साथ 18,101.95 अंक के स्तर पर खुला। शुरूआती कारोबार में निफ्टी भी बाजार में लगातार चल रही लिवालों और बिकवालों की खींचतान के कारण उतार-चढ़ाव का सामना करता रहा।

लिवाली के समर्थन से निफ्टी उछलकर 18,120.30 अंक तक पहुंचा। लेकिन बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक गिरकर 18,013.50 अंक तक लुढ़क भी गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 23.25 अंक के तेजी के साथ 18,066.20 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

मजबूत ग्लोबल संकेतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में भी घरेलू शेयर बाजार ने बढ़त के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 178.77 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की मजबूती के साथ 60,836.22 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 83.80 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,126.75 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को सेंसेक्स 636.75 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,657.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 189.60 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,042.95 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में गिरावट जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूट का भाव घटकर 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, जबकि डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल का भाव 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल का भाव 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.83 डॉलर यानी 1.07 फीसदी की गिरावट के साथ 78.67 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.82 डॉलर यानी 1.13 फीसदी फिसलकर 73.68 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

अमेजन, सेल्सफोर्स करेंगी बड़े पैमाने पर छंटनी

नई दिल्ली, एजेंसी

वाशिंगटन। ई-वाणिज्य कंपनी अमेजन और कारोबारी सॉफ्टवेयर विनिमार्ता सेल्सफोर्स ने बड़े पैमाने पर छंटनी की घोषणा की है। ये कंपनियां महामारी के कारण लगे लॉकडाउन के दौरान काफी अधिक संख्या में हुई भर्तियों को अब कम करना चाह रही हैं।अमेजन ने बुधवार को कहा था कि वह करीब 18,000 लोगों की छंटनी करेगी। कंपनी के इतिहास में यह नौकरियों में यह सबसे बड़ी कटौती होगी हालांकि यह उसके 15 लाख लोगों के वैश्विक कार्यबल का एक छोटा हिस्सा है।

अमेजन के सीईओ एंडी जैस्सी ने कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा, ह्यह्यअमेजन ने अनिश्चित और कठिन अर्थव्यवस्थाओं का पहले भी सामना किया है और आगे भी करती रहेगी। इन बदलावों से हमें मजबूत लागत ढांचे के साथ दीर्घकालिक अवसरों का पीछा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि छंटनी का ज्यादातर असर कंपनी के अमेजन फ्रेश, अमेजन गो और मानव संसाधन तथा अन्य कार्यों को संभालने वाले पीएक्सटी संगठन पर पड़ेगा।

वहीं सेल्सफोर्स ने कहा कि वह अपने कार्यबल का दस फीसदी यानी करीब 8,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी। कंपनी के 23 साल के इतिहास में यह सबसे बड़ी छंटनी है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि जिन कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जाएगा उन्हें करीब पांच महीने का वेतन, स्वास्थ्य बीमा, करियर संसाधन तथा अन्य लाभ दिए जाएंगे।

अमेजन और सेल्सफोर्स दोनों ने कहा कि छंटनी इसलिए की जा रही है क्योंकि महामारी के दौरान उन्होंने बहुत बड़े पैमाने पर भर्तियां कर ली थीं। सेल्सफोर्स ने महामारी से ठीक पहले, जनवरी 2020 में करीब 49,000 लोगों की भर्ती की थी। उसके आज के कार्यबल का आकार महामारी से पहले की तुलना में 50 फीसदी बड़ा है।

नडेला ने मोदी से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी

माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और वादा किया कि डिजिटल इंडिया की संकल्पना को साकार करने में कंपनी देश की मदद करेगी। नडेला भारत के चार दिन के दौरे पर आए हुए हैं। माइक्रोसॉफ्ट के शीर्ष अधिकारी नडेला ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात को गहरी समझ विकसित करने वाली बताया। उन्होंने डिजिटल रूपांतरण के जरिये टिकाऊ एवं समावेशी आर्थिक वृद्धि पर सरकार के जोर की सराहना भी की।

नडेला ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, डिजिटल रूपांतरण के जरिये टिकाऊ और समावेशी आर्थिक वृद्धि पर सरकार द्वारा गहराई से ध्यान देना प्रेरणादायी है। हम डिजिटल इंडिया की संकल्पना को साकार करने और दुनिया का मार्गदर्शक बनाने में भारत की मदद को उत्सुक हैं।उन्होंने लिखा, गहरी समझ विकसित करने वाली मुलाकात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार। नडेला देश में कई शहरों के दौरे पर है और ग्राहकों, स्टार्टअप, डेवलपर, शिक्षाविद, छात्रों तथा सरकार के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात कर डिजिटल क्षेत्र में शासन एवं सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर बात की थी। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर से भी मुलाकात की।

नडेला ने भारत की सार्वजनिक भलाई के लिए सार्वजनिक डिजिटल अवसंचरना बनाने के लिए सराहना की और प्रौद्योगिकी तथा आर्थिक वृद्धि के जरिये समावेश और सशक्तीकरण लाने के महत्व को रेखांकित किया। माइक्रोसॉफ्ट प्रमुख ने जोर देकर कहा कि उनकी कंपनी की भारत के प्रति बहुत प्रतिबद्धता है।

वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 2022 में 15 फीसदी बढ़कर 2.11 करोड़ इकाई पर पहुंची: फाडा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में वाहनों की खुदरा बिक्री 2022 में 15.28 फीसदी बढ़कर 2,11,20,441 इकाई पर पहुंच गई। इसमें यात्री वाहनों और ट्रैक्टर की रिकॉर्ड बिक्री हुई है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। फाडा ने एक बयान में बताया कि 2021 में भारत में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 1,83,21,760 इकाई थी।

पिछले वर्ष 1,53,88,062 इकाइयों की कुल खुदरा बिक्री हुई थी जो 2021 में बिके 1,35,73,682 वाहनों से 13.37 फीसदी अधिक है। 2022 में 34,31,497 यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री हुई। यह 2021 में बिके 29,49,182 वाहनों से 16.35 फीसदी अधिक है।

फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, कैलेंडर वर्ष 2022 में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 15 फीसदी बढ़ी और 2020 की तुलना में यह 17 फीसदी बढ़ी। हालांकि कोविड से पहले के वर्ष 2019 के मुकाबले बिक्री में 10 फीसदी की गिरावट हुई है। सिंघानिया ने कहा, इस दौरान पीवी श्रेणी में तेजी जारी रही और 2022 के दौरान इस श्रेणी की 34.31 लाख इकाइयां बिकीं। यह यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री का अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है।उन्होंने आगे कहा, मुद्रास्फीति बढ़ने, वाहन खरीदने की बढ़ती लागत, ग्रामीण बाजारों में रौनक पूरी तरह से नहीं लौटने और इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ने की वजह से आईसीई (इंटरनल कम्बशन इंजन) दो पहिया श्रेणी में बिक्री कम रही है।

वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री 2022 में 8,65,344 इकाई रही जो 2021 में बिके 6,55,696 वाहनों से 31.97 फीसदी अधिक है। उन्होंने कहा कि तीन पहिया वाहन की श्रेणी में बिक्री कोविड के दौरान बहुत प्रभावित हुई थी लेकिन अब इसमें भी अच्छा पुनरुद्धार हुआ है। इस श्रेणी में इलेक्ट्रिक रिक्शा उप श्रेणी ने तीन अंक की वृद्धि हासिल की है जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार की हिस्सेदारी 50 फीसदी से अधिक होने जा रही है।

फाडा ने कहा कि दिसंबर 2022 में कुल वाहनों की खुदरा बिक्री 5.4 फीसदी गिरकर 16,22,317 इकाई रही है जो एक साल पहले समान महीने में 17,14,942 इकाई थी। पिछले महीने कुल 11,33,138 दो पहिया वाहन बिके जो दिसंबर 2021 में बिके 12,75,894 वाहनों से 11.19 फीसदी कम है।

आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2022 में 2,80,016 यात्री वाहन बिके जो एक साल पहले की 2,58,921 इकाई की तुलना में 8.15 फीसदी अधिक है। फाडा ने कहा कि मुद्रास्फीति के दबाव, वाहन नियमों में आगामी बदलाव के चलते मूल्य वृद्धि की वजह से 2022-23 की अंतिम तिमाही को लेकर उसने सतर्क रूख अपनाया है।

सीईएसएल ने 4,675 ई-बसों के लिये निविदा जारी की

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की कनवर्जेन्स एनर्जी सर्विसेज लि. (सीईएसएल) ने 5,000 करोड़ रुपये मूल्य के 4,675 इलेक्ट्रिक बसों के लिये निविदा जारी की है। बिजली मंत्रालय के चार उपक्रमों के संयुक्त उद्यम एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लि. (ईईएसएल) की पूर्ण अनुषंगी सीईएसएल ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि यह राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक बस कार्यक्रम (एनईबीएम) के तहत दूसरी निविदा है। साथ ही, 5,450 ई-बसों की ग्रैंड चैलेंज निविदा के बाद इलेक्ट्रिक बसों के लिये यह तीसरी निविदा है। हाल ही में 6,465 ई-बसों के लिये निविदा संपन्न हुई है। दिल्ली, केरल और तेलंगाना की सार्वजनिक परिवहन कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने और ईंधन आयात में कटौती तथा वायु प्रदूषण में कमी लाने के लिये 4,675 ई-बसें लगाएंगी। ये ई-बसें परिचालकों से बिना ड्राइवर या कंडक्टर के (ड्राई लीज) ली जाएंगी। एनईबीपी के अंतर्गत बिना ड्राइवर या कंडक्टर के बसें लेने से राज्य परिवहन निगमों (एसटीसी) में नौकरियों को बचाये रखने में मदद मिलेगी। इन बसों का स्वामित्व और रखरखाव सेवा प्रदाता 10 और 12 साल के लिये करेंगे। जबकि इनका परिचालन एसटीसी करेंगे। सेवा प्रदाताओं को प्रति बस मासिक शुल्क दिया जाएगा। यह निविदा 5,000 करोड़ रुपये की है और प्राथमिक रूप से इसमें बसों की लागत शामिल हैं। राज्यों में 4,675 ई-बसों के उपयोग से सालाना 15 लाख किलोलीटर की ईंधन बचत होगी और वायु प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आएगी।

उद्योग जगत को योगी ने दिया उप्र में निवेश का न्योता

मुंबई ,एजेंसी

उद्योग धंधे के लिये उत्तर प्रदेश में हर जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाते हुये आज यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्योग जगत को प्रदेश में निवेश के लिये आमंत्रित किया। देश के दिग्गज उद्योगपतियों, वित्तीय, बैंकिंग एवं औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, कारोबारियों, निवेशकों को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस समृद्ध आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की है उसकी राह उत्तर प्रदेश से होकर जाती है। उप्र में पोटेंशियल है, विजन है और अपार संभावनाएं हैं। हम अपने प्रदेश में निवेशकों को हर जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। इन संभावनाओं का लाभ लेने को उत्तर प्रदेश में उद्योग जगत का स्वागत है।

मुख्यमंत्री ने सभी को 10-12 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भागीदारी का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा आजादी के बाद यह पहला मौका है जब निवेशकों को आमन्त्रण देने टीम उप्र 16 देशों के 21 शहरों में गई। वहां शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इस दौरान सात लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्रदेश को मिले हैं। मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, इसलिए यहां अपनों को आमन्त्रण देने मैं स्वयं आया हूं। होटल ताज में डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के वाणिज्यिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों, परंपराओं, विविधताओं से उद्योग जगत को अवगत कराते हुए निवेश के दृष्टिगत इनमें निहित संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक उप्र की हालत जैसी थी, उससे सभी परिचित हैं। न वहां बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी और निवेशक लेकिन आज पूरा परिदृश्य बदल चुका है। उन्होंने कहा कि भारत का विकास बिना यूपी के संभव नहीं है और यूपी का विकास इसीलिए हो पा रहा है, क्योंकि वहां योगी आदित्यनाथ जैसा स्पष्ट विजन और प्रोएक्टिव कार्यशैली वाला नेतृत्व है। सीआईआई के अध्यक्ष ने कहा यूपी के साथ हमारा यह साथ आगे भी जारी रहेगा।

इसरो और माइक्रोसॉफ्ट ने स्पे2स-टेक स्टार्टअप के लिए मिलाया हाथ

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में स्पेलस टेक्नो लॉजी स्टार्टअप के विकास को बढ़ावा देने के लिए आज एक समझौता किया जिसके तहत देश भर में टेक्नो.लॉजी टूल्स और प्लेटफॉर्म के साथ स्पेएस टेक स्टार्ट-अप को सशक्त बनाने के साथ ही उन्हें बाजार सपोर्ट और विस्तोर करने के लिए मेन्टॉ रशिप तथा एंटरप्राइज बनने में मदद किया जायेगा। यह साझेदारी भारत में सर्वाधिक संभावनाशील स्पेरस टेक इनोवेटर्स और उद्यमियों की बाजार क्षमता का उपयोग करने के लिए इसरो के दृष्टिकोण को और मजबूती देगी। इस सहयोग के चलते, इसरो द्वारा चिह्नित स्पेस टेक स्टार्टअप्स को माइक्रोसॉफ्ट फॉर स्टार्टअप फाउंडर्स हब प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, जो स्टार्टअप को उनकी यात्रा के हर चरण में यानि विचार (आइडिया) से लेकर यूनिकॉर्न बनने तक में समर्थन देता है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट के साथ हमारे गठबंधन से स्पेसस टैक स्टा र्टअप को, एआई, मशीन लर्निंग तथा डीप लर्निंग जैसे अत्या धुनिक साधनों की मदद से विभिन्न एप्लीाकेशनों के लिए बड़ी मात्रा में सैटलाइट डेटा के विश्ले षण और प्रोसेसिंग में फायदा मिलेगा। माइक्रोसॉफ्ट फॉर स्टालर्टअप फाउंडर्स हब राष्ट्री य अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी परितंत्र को समर्थन देने के उद्देश्यों से विभिन्नट स्ट्र्टअप तथा टैक्नोअलॉजी सॉल्यूकशंस प्रदाताओं को एकजुट करने का उपयोगी मंच है। हम उद्यमियों की सहायता और उन्हें समर्थन देने के लिए मिल-जुलकर काम करने पर बेहद प्रसन्नद हैं, और इससे कुल-मिलाकर भारतीय अर्थव्यीवस्थाक को भी फायदा मिलेगा। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष अनंत माहेश्व री ने कहा कि रत में स्पेस टेक स्टार्टअप प्रौद्योगिकी की ताकत के साथ देश की अंतरिक्ष क्षमताओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अंतरिक्ष में क्या संभव है, इस ट्रांसफॉर्मेशन को गति देने के लिए इसरो के साथ सहयोग करके हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं। अपने टैक्नोइलॉजी टूल्स, प्लेटफॉर्म और मेन्टॉकरशिप के अवसरों के माध्यम से, हम अत्याधुनिक इनोवेशन को बढ़ावा देने और वैज्ञानिक खोज में तेजी लाने के लिए देश में स्पेमस टेक स्टार्टअप्स को सशक्त बनाने के लिए गंभीरता से प्रतिबद्ध हैं।

डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे की बढ़त के साथ 82.73 पर आया

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला और बृहस्पतिवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे की बढ़त के साथ 82.73 पर आ गया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी की वजह से रुपए की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.75 पर खुला, फिर कुछ और बढ़त के साथ 82.73 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की बढ़त दशार्ता है। रुपया बुधवार को अपने ऐतिहासिक निचले स्तर से उबरकर 82.82 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत गिरकर 104.21 पर आ गया। वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.99 फीसदी बढ़कर 78.61 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

वोडाफोन आइडिया की पूंजी पर बातचीत जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि कर्ज में डूबी कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) की पूंजी के साथ कई और जरूरतें हैं जिनपर बातचीत जारी है। वीआईएल दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज के बोझ में है। उसने सरकार को देय लगभग 16,000 करोड़ रुपये की ब्याज देनदारियों को इक्विटी में बदलने का विकल्प चुना है। यह कंपनी में लगभग 33 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर होगा। वहीं कंपनी में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 74.99 प्रतिशत घटकर 50 प्रतिशत पर आ जाएगी। वैष्णव ने कहा, ह्यह्यवोडाफोन (आइडिया) की कई आवश्यकताएं हैं। इसमें पूंजी की विशेष जरूरत है। कितनी पूंजी, कौन डालेगा? इस समय ये सभी चीजें चर्चा में हैं। वीआईएल ने सरकार को 10 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर हिस्सेदारी की पेशकश की है और सरकार कंपनी के शेयरों के 10 रुपये प्रति शेयर पर स्थिर होने की प्रतीक्षा कर रही है।

वाहन कलपुर्जा प्रदर्शनी 12 जनवरी से, 800 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी

नई दिल्ली, एजेंसी

वाहन कलपुर्जा प्रदर्शनी-2023 में 800 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। भारतीय वाहन कलपुर्जा विनिमार्ता संघ (एसीएमए) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। महामारी के कारण तीन साल के बाद इस प्रदर्शनी का आयोजन 12-15 जनवरी, 2023 के बीच राजधानी के प्रगति मैदान में किया जा रहा है। प्रदर्शनी का आयोजन एसीएमए, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) मिलकर करते हैं।

प्रदर्शनी में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इजराइल, इटली, जापान, पोलैंड, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, स्विट्जरलैंड, ताइवान, थाइलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका सहित 15 देशों की कंपनियां भाग ले रही हैं। एसीएमए के महानिदेशक विन्नी मेहता ने कहा कि इस बार प्रतिभागियों की संख्या 2020 में पिछले आयोजन की तुलना में 200 अधिक है। इस प्रदर्शनी के पिछले आयोजन (2020) में महामारी के कारण कोई चीनी प्रतिभागी शामिल नहीं हुआ था।

एसीएमए के अध्यक्ष संजय कपूर ने कहा कि निर्यात के आंकड़ों से स्पष्ट है कि भारत में बने कलपुर्जों की मांग बढ़ रही है। पिछले साल निर्यात 43 प्रतिशत बढ़कर 19 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

हॉकी वर्ल्ड कप-2023

16 टीमों में होगी कड़ी टक्कर, भारत कब जीता था आखिरी बार विश्व कप

नईदिल्ली (एजेंसी)। हॉकी विश्व कप का आगाज 13 जनवरी से ओडिशा के राउरकेला में होने जा रहा है और यह टूर्नामेंट 29 जनवरी तक चलेगा। इस बार विश्व कप में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस विश्व कप में भारतीय टीम पर सभी की निगाहें रहने वाली है, हालांकि भारत के लिए कड़ी चुनौती होगी क्योंकि भारत को दिग्गज टीमों से टक्कर मिलने जा रही है। वहीं, भारतीय टीम को इस बार फैंस के उत्साह की कोई कमीं नहीं दिखेगी और टीम भी चाहेगी कि वह लंबे समय के सूखे को खत्म करे। हॉकी विश्व कप के सभी मैच राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम और भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में खेले जाएंगे। गौरतलब है कि भारत चौथी बार हॉकी विश्व कप की मेजबानी करने जा रहा है। इससे पहले भारत 1982, 2010 और 2018 में मेजबानी कर चका है।

1971 में हुई थी हॉकी विश्व कप की शुरूआत- हॉकी वर्ल्ड कप की शुरूआत 1971 में हुई थी और इसका पहला संस्करण बार्सिलोना,स्पेन में खेला गया था। हॉकी विश्व कप का सबसे पहला खिताब पाकिस्तान ने अपने नाम किया था। पाकिस्तान ने फाइनल में स्पेन को 1-0 से मात दी थी।

1975 में जीता था भारत ने हॉकी विश्व कप- भारतीय ने 48 साल पहले साल 1975 में हॉकी विश्व कप का खिताब जीता था और इसके बाद से भारत विश्व कप को कभी भी अपने नाम नहीं कर पाया है। फैंस को उम्मीद होगी की भारतीय टीम 48 साल के सूखे को खत्म करे।

इस बार कुल 4 ग्रुप में बटेंगी 16 टीमें- इस बार विश्व कप में 16 टीमों को कुल 4 ग्रुप में बांटा गया है, यानी की प्रत्येक ग्रुन में कुल 4 टीमें होगीं। भारतीय टीम ग्रुप डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ शामिल है।

ग्रुप- ए
फ्रांस
साउथ अफ्रीका
ऑस्ट्रेलिया
अर्जेंटीना

ग्रुप- बी
कोरिया
जापान
बेल्जियम
जर्मनी

ग्रुप- सी
मलेशिया
चिली
नीदरलैंड
न्यूजीलैंड

ग्रुप- डी
भारत
वेल्स
इंग्लैंड
स्पेन

रोहित, विराट से ज्यादा खलेगी पंत की कमी

2021 से भारत के बेस्ट टेस्ट बैटर, टॉप ऑर्डर से ज्यादा रन बनाए

नईदिल्ली (एजेंसी)। पिछले दिनों कार एक्सीडेंट में घायल हुए भारत के विकेटकीपर बैटर ऋषभ पंत को एयरलिफ्ट कर मुंबई ले जाया गया। मुंबई में बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनका इलाज करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंत 5 से 6 महीनों के लिए ग्राउंड से दूर रहेंगे। ऐसे में वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत में 4 टेस्ट मैचों की सीरीज नहीं खेल पाएंगे। अगर टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचती है तो उस मैच में भी पंत नहीं होंगे।

इन मैचों में टीम इंडिया को उनकी भरपाई करने में मुश्किलें आएंगी। पिछले 2 सालों में वे टेस्ट टीम के सबसे बड़े मैच विनर बल्लेबाज साबित हुए हैं। इस दौरान उन्होंने देश-विदेश में अहम मौकों पर कई उपयोगी पारियां खेलकर भारत को जीत दिलाई है। पंत ने ये पारियां उन मौकों पर खेलीं जब हमारा टॉप ऑर्डर बुरी तरह फेल हो जाता था। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज आउट ऑफ फॉर्म होते रहे या चोटिल होकर टीम से बाहर होते रहे, लेकिन पंत ने किसी की कमी नहीं खलने दी। पंत टीम इंडिया के लिए अहम क्यों हैं। उन्होंने पिछले 2 सालों में कैसा परफॉर्म किया और उनके डेब्यू के बाद से देश और दुनिया के बाकी बैटर्स की परफॉर्मेंस कैसी रही।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पहली चुनौती- फरवरी-मार्च के दौरान ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत में 4 टेस्ट की सीरीज खेलने आएगी। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को कम से 3 टेस्ट तो जीतने ही होंगे। ऐसा करने के लिए उन्हें ऋषभ पंत जैसे मैच विनर की जरूरत पड़ेगी। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक खेले 7 टेस्ट में 62.40 की औसत से 624 रन बनाए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने सभी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया में ही खेले। इनमें उनके बैट से सिडनी में 97 और 159* रन की पारियां आईं। 2021 में गाबा के मैदान पर 89 रन की नॉटआउट पारी खेल उन्होंने भारत को 2-1 से सीरीज भी जिताई थी। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में वह अहम साबित हो सकते थे। कगारू टीम आखिरी बार भारत में 2017 के दौरान टेस्ट सीरीज खेलने आई थी। तब उन्हें 2-1 से हार मिली थी। ऑस्ट्रेलिया 2014-15 के बाद से भारत को टेस्ट सीरीज में हरा नहीं सका है।

पंत की उपयोगी टेस्ट पारियां

स्कोर		कब
93 (104)	vs बांग्लादेश	दिसंबर 2022
146 & 57	vs इंग्लैंड	जुलाई 2022
50 (31)	vs श्रीलंका	मार्च 2022
96 (97)	vs श्रीलंका	मार्च 2022
100* (139)	vs सा. अफ्रीका	जनवरी 2022
101 (118)	vs इंग्लैंड	मार्च 2021
58* (77)	vs इंग्लैंड	फरवरी 2021
91 (88)	vs इंग्लैंड	फरवरी 2021
89* (138)	vs ऑस्ट्रेलिया	जनवरी 2021
97 (118)	vs ऑस्ट्रेलिया	जनवरी 2021
159* (189)	vs ऑस्ट्रेलिया	जनवरी 2019
92 (134)	vs वेस्टइंडीज	अक्टूबर 2018
92 (84)	vs वेस्टइंडीज	अक्टूबर 2018
114 (146)	vs इंग्लैंड	सितंबर 2018

डब्ल्यूटीसी फाइनल में सबसे अहम होते पंत- वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला इंग्लैंड में होना है। अगर हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3-0 से सीरीज जीतने में कामयाब रहे तो लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी का फाइनल खेल सकते हैं। अभी के हालातों को देखते हुए अगर भारत फाइनल में पहुंचा तो उसका सामना ऑस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका से हो सकता है। दोनों ही टीमों के खिलाफ पंत उन्हीं के घर में शतक जड़ चुके हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तो 3 टेस्ट में उन्होंने 186 रन बनाए हैं।

फाइनल मुकाबला लंदन के ओवल मैदान पर होगा। जहां पंत के नाम 2 टेस्ट में एक शतक और एक फिफ्टी दर्ज है। इंग्लैंड में उनका रिकॉर्ड भी यही कहता है कि वे डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए अहम होते। इंग्लैंड में खेले टेस्ट की बात करें तो 9 मैचों में उन्होंने 2 शतक और 2 फिफ्टी की मदद से 556 रन बनाए हैं। ऐसे में अगर वे डब्ल्यूटीसी फाइनल तक ग्राउंड पर वापसी नहीं कर पाए तो टीम इंडिया के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।

पंत ने 5 शतक और 6 बार 90+ के स्कोर बनाए

33 टेस्ट के छोटे करियर में पंत ने कई अहम पारियां खेलीं। टेस्ट करियर में वे 5 शतक और 6 बार 90 से ज्यादा के स्कोर बना चुके हैं। इनके अलावा भी पंत ने कई बार टी-20 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग करते हुए 40 से 60 रन के बीच की पारियां खेलीं। जिनके सहारे भारत ने तेजी से बोर्ड पर बड़ा स्कोर लगाया। जिन्होंने भारत की जीत में अहम योगदान दिया।

एंडरसन को रिवर्स स्कूप करने से नहीं डरते

ऋषभ पंत इस वक्त भारत के सबसे फियरलेस क्रिकेटर्स में से एक हैं। वे इंग्लैंड अनुभवी जेम्स एंडरसन और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस जैसे गेंदबाजों के सामने भी खुलकर शॉट खेलने से नहीं कतराते। एंडरसन की 140 किमी प्रति घंटे से ज्यादा रफ्तार की बॉलिंग के सामने तो वे कई बार रिवर्स स्कूप जैसे शॉट्स भी खेल चुके हैं।

2021 से लगातार परफॉर्म कर रहे पंत

2018 में टेस्ट डेब्यू के बाद से ऋषभ पंत अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं। लेकिन, पिछले 2 सालों में उन्होंने टेस्ट प्रदर्शन के मामले सभी इंडियन बैटर्स को पीछे छोड़ दिया। उनके दम पर टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को उन्हीं के घर में टेस्ट सीरीज हराई। उन्होंने इस दौरान इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में शतक जमाए।

पुजारा, रोहित, विराट से बेहतर परफॉर्म किया

पिछले 2 सालों के टेस्ट में पंत ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 1428 रन बनाए हैं। उनके बाद चेतेश्वर पुजारा ने 1111, कप्तान रोहित शर्मा ने 996 और विराट कोहली ने 801 रन बनाए।

रोमांचक हुआ कराची टेस्ट

पहली पारी में पाकिस्तान भी 400 पार, न्यूजीलैंड ने बनाए थे 449 रन

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा कराची टेस्ट रोमांचक स्थिति पर है। हालांकि, अभी दोनों टीमों बराबरी में हैं। बुधवार को मुकाबले के तीसरे दिन पाकिस्तान की टीम ने पहली पारी में 9 विकेट पर 407 रन बना लिए हैं। स्टंप्स के बाद सऊद शकील 124 रन बनाकर नाबाद लौटे। अबरार अहमद उनका साथ दे रहे हैं। हालांकि, अबरार खाता नहीं खोल पाए हैं। न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा विकेट एजाज पटेल ने 3 विकेट लिए।

शकील का पहला शतक- पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत 154/3 के स्कोर से की। दूसरे दिन नाबाद लौटे इमाम उल हक (83) अपनी पारी में 9 रन ही जोड़ सके। जबकि साउद शकील (124) ने अपनी पारी में 111 रन का इजाफा किया। शकील ने इंटरनेशनल करियर का पहला शतक जमाया। उन्होंने अब तक सिर्फ 5 मुकाबले ही खेले हैं। उनके नाम 5 वनडे भी दर्ज हैं। नाबाद 124 रनों की पारी में शकील ने 336 गेंदों का सामना किया। इसमें 17 चौके शामिल थे।

शकील-सरफराज की शतकीय साझेदारी- इमाम के आउट होने के बाद साउद शकील-सरफराज खान ने 5वें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 150 रन जोड़े। इस साझेदारी में सरफराज अहमद ने 78 और साउद शकील ने 72 रन का योगदान दिया। इन दोनों के अलावा आगा सलमान ने 41 रन बनाए।

सिडनी क्रिकेट स्टेडियम में लगी बेलिंडा क्लार्क की प्रतिमा

डबल सेंचुरी बनाने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर हैं बेलिंडा, दो वर्ल्ड कप जीते

सिडनी (एजेंसी)। आस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क की प्रतिमा सिडनी क्रिकेट स्टेडियम में स्थापित की गई है। सिडनी में ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के बीच खेले जा रहे आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया है। वह दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर हैं, जिनकी प्रतिमा स्टेडियम में स्थापित की गई है।

साल 2021 में 73 क्रिकेटरों की मूर्ति स्थापित करने की घोषणा की गई थी। तब खिलाड़ियों के नाम सामने नहीं आए थे। बेलिंडा 15वीं क्रिकेटर हैं, जिनकी सिडनी क्रिकेट ग्राउंड प्रतिमा परियोजना के तहत मूर्ति लगाई गई है। उनकी मूर्ति ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध मूर्तिकार कैथी वीजमैन ने बनाई है। बेलिंडा क्लार्क ऑस्ट्रेलिया की तीसरी महिला खिलाड़ी भी हैं, जिनकी मूर्ति लगाई है। ऑस्ट्रेलिया विमेंस टीम की पूर्व कैप्टन बेलिंडा क्लार्क 15वीं क्रिकेटर हैं जिनकी सिडनी क्रिकेट स्टेडियम में मूर्ति लगी है। बेलिंडा ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से बातचीत में कहा, मैं अपनी प्रतिमा लगाए जाने से उत्साहित हूं। इसे जब लोग देखेंगे तो मुझे याद करेंगे और लोग जानेंगे कि मैं कौन हूं और मेरे यहां की सफर की कहानी क्या है। उन्हें मेरे यहां तक के सफर में आई चुनौतियों और संघर्षों के बारे में पता चलेगा और वह प्रेरित होंगे कि कैसे चुनौतियों और रास्ते में बाधाओं और रूढ़िवादी परंपरा को तोड़ते हुए अपने लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। मैं चाहती हूं कि लोग अपने आस-पास के अच्छे लोगों से सीखें कि कैसे अपने निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। मैं खेल को लेकर मिले इस सम्मान से खुश हूं।

अपनी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को दो बार दिलाया वर्ल्ड कप खिताब

दाएं हाथ की बल्लेबाज बलिंडा ने 1991 में क्रिकेट में डेब्यू किया था। 23 साल की उम्र में वह ऑस्ट्रेलिया की कप्तान बनीं। वह 12 साल तक कप्तान रहीं। उनकी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने दो बार वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया। उन्होंने 2005 में सन्यास ले लिया था। बेलिंडा को साल 1998 में विज़्डन अवॉर्ड भी मिला था। वह विमेंस ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट की सीईओ भी रहीं।

वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की महिला खिलाड़ी

क्लार्क ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने 118 वनडे मैचों में 47.49 की औसत से 4,844 रन- और 15 टेस्ट मैचों में 45.95 की औसत से 919 रन बनाए, जो किसी भी ऑस्ट्रेलियाई महिला का दूसरा सबसे अधिक रन है।

सचिन तेंदुलकर से पहले भी वनडे में लगाया था दोहरा शतक

वनडे वर्ल्ड कप में सबसे पहले दोहरा शतक बेलिंडा क्लार्क के नाम है। बेलिंडा क्लार्क ने सचिन से भी पहले 1997 में यह कारनामा किया था। तेंदुलकर ने 13 साल बाद 2010 में ग्वालियर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए वनडे मैच में 147 गेंदों पर 200 रन पूरे किए थे। 1997 महिला वर्ल्ड कप के दौरान बेलिंडा ने डेनमार्क के खिलाफ खेले गए मैच में 55 गेंदों में 229 रनों की पारी खेली थी। बेलिंडा की उस पारी के बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने उस मैच में 412 रन बनाए थे। उस मैच में डेनमार्क की टीम सिर्फ 49 रन बनाकर ऑलआउट हो गई थी।बेलिंडा क्लार्क ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट में वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं।

एशिया कप में भारत और पाकिस्तान होंगे आमने सामने

एशियन क्रिकेट काउंसिल ने जारी किया कैलेंडर, सितंबर में होगा मेन्स वनडे एशिया कप

नईदिल्ली (एजेंसी)। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे। गुरुवार को एशिया क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष जय शाह ने एशियाई क्रिकेट का 2 साल के रोड मैप जारी किया। एशिया कप अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप से पहले सितंबर में खेला जाएगा। वनडे वर्ल्ड कप भारत में खेला जाना है। एशिया कप भी वनडे फॉर्मेट में सितंबर में ही खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं। इसके अलावा भारत-पाक महिला टी-20 एमर्जिंग एशिया कप, मेंस एमर्जिंग 50 ओवर एशिया कप और मेंस अंडर-19 एशिया कप में भी आमने-सामने होंगे।

पाकिस्तान से छीन ली गई है मेजबानी- एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को दी गई थी। पर कुछ दिन पहले एशिया क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष जय शाह ने यह घोषणा की थी, कि एशिया कप पाकिस्तान के बजाय न्यूट्रल वेन्यू पर किया जाएगा। उस समय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रहे रमीज राजा ने इसका विरोध किया था और उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप के बहिष्कार की धमकी दी थी। हालांकि, अब वे अध्यक्ष नहीं है। वहीं एशिया क्रिकेट काउंसिल ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि टूर्नामेंट कहां पर खेला जाएगा।

6 टीमें लेंगी भाग- वनडे एशिया कप में कुल 6 टीमें भाग लेंगी। एक ग्रुप में भारत, पाकिस्तान और क्वलिफायर -1 हैं। वहीं दूसरे ग्रुप में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान हैं। लीग स्टेज में कुल 6 मैच होंगे। लीग स्टेज से एक ग्रुप से दो टीमें अगले दौर में पहुंचेंगी। फिर राउंड रॉबिन फॉर्मेट में सुपर-4 होगा। इस दौरान 4 टीमों के बीच कुल 6 मैच होंगे। फिर फाइनल होगा। टूर्नामेंट में कुल 13 मैच होंगे।

पिछले साल श्रीलंका बना था विजेता

पिछले साल एशिया कप अगस्त में यूएई में खेला गया था। हालांकि, इसकी मेजबानी श्रीलंका को सौंपी गई थी। श्रीलंका में आर्थिक और राजनीतिक उथल-पुथल की वजह से इसे श्र शिफ्ट कर दिया गया था। एशिया कप पिछले साल टी-20 फॉर्मेट में खेला गया था। श्रीलंका ने फाइनल में पाकिस्तान हराकर श्रीलंका चैंपियन बना था। टीम इंडिया ग्रुप स्टेज में दोनों मैच जीतकर सुपर-4 में पहुंची थी, लेकिन पाकिस्तान और श्रीलंका से हारकर बाहर हो गई थी।

विश्व कप 9 महीने दूर, आप सिर्फ 20 खिलाड़ियों को रोटेट नहीं कर सकते: पठान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि टीम खुद को सिर्फ 20 खिलाड़ियों के पूल तक सीमित और केवल उन्हीं से रोटेट नहीं रख सकती है, खासकर तब जब 2023 वनडे विश्व कप सिर्फ नौ महीने दूर है।

पठान ने कहा, विश्व कप अभी भी 9 महीने दूर है, आपके पास सिर्फ 20 खिलाड़ी नहीं हो सकते हैं और बस उन्हें रोटेट करें और सोचें कि आप उन खिलाड़ियों को केवल बाकियों से ऊपर खोजने जा रहे हैं। ऐसा नहीं होने वाला रहा है, एनसीए का हिस्सा बनने के संदर्भ में देखें। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) आईपीएल 2023 के दौरान खिलाड़ियों के कार्यभार की निगरानी के लिए आईपीएल फ्रेंचाइजी के साथ काम करेगी, यह पता चला है कि 20 क्रिकेटरों को शॉर्टलिस्ट पर रखा गया है।

पठान ने कहा, हमारे पास जो अनुबंधित सूची है, उसके अलावा खिलाड़ियों की 33-लक्षित सूची थी, इसलिए खिलाड़ियों का एक बहुत बड़ा पूल है, न कि केवल 20। 20 खिलाड़ी पर्याप्त नहीं हो सकते क्योंकि अगर उनके साथ कुछ गलत हो जाता है, यह चोट या फॉर्म हो, 9 महीने एक लंबी अवधि है जब आपको खिलाड़ियों के एक बड़े पूल की आवश्यकता होती है और यही वह जगह है जहां आप उन्हें ढूंढ़ने जा रहे हैं। खिलाड़ियों की उन 33 लक्षित सूची, वे कभी भी अभ्यास कर सकते हैं, वे कोच के साथ काम कर सकते हैं।

पठान 2007 में पुरुषों के टी20 विश्व कप के उद्घाटन संस्करण के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच थे और साथ ही 120 एकदिवसीय मैच भी खेलकर रिटायर्ड हुए हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि कैसे एनसीए के कोच द्रविड़ के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ कोच, उनके पास अलग-अलग खिलाड़ी हैं जैसे राजीव दत्ता के पास 13 खिलाड़ी हैं, 13 स्पिनर उनके साथ काम करते हैं, अपूर्व देसाई के साथ 13 बल्लेबाज हैं।

अफ्रीका टी-20 लीग के मालिकों और बीसीसीआई के बीच टकराव

दक्षिण अफ्रीकी लीग के लोगो हूबहू आईपीएल टीम जैसे

नईदिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका टी-20 लीग के टीम मालिकों और बीसीसीआई के बीच टकराव की स्थिति बन रही है। द. अफ्रीकी लीग (एसए20) की सभी 6 टीमों के मालिक वही हैं, जो आईपीएल की टीमों के मालिक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई अधिकारी द. अफ्रीकी टी20 लीग की टीमों के लोगो देखकर हैरान हैं। अधिकारियों का कहना है कि अफ्रीकी टीमों के लोगो हूबहू आईपीएल टीमों के लोगो के समान हैं। अधिकारी ने कहा, 'हम काफी हैरान हैं और इस पूरे मामले को क्रिकेट द. अफ्रीका और आईपीएल टीमों के सामने उठाएंगे।'

भारत में धोनी के बाद सब कुछ शुरू होता है

टी20 सीरीज में एंट्री मारने वाले जितेश शर्मा ने दिया बयान

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी से न केवल ईशान किशन और ऋषभ पंत प्रेरणा लेते हैं, बल्कि लगभग हर उभरते हुए विकेटकीपर धोनी की तरह विकेटकीपिंग करना चाहते हैं। ऐसा ही मामला विदर्भ के विकेटकीपर जितेश शर्मा का है, जिन्हें हाल ही में चोटिल संजू सैमसन की जगह भारत की टी20 टीम में जगह मिली है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी धोनी विकेटकीपिंग के मामले में सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। स्टंप्स के पीछे उनकी फुर्ती और बेमिसाल प्रजेंस ऑफ माइंड उन्हें अब तक के सबसे बेहतरीन विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक बनाती है। जितेश ने खुलासा किया कि कैसे एबी डिविलियर्स और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों ने खतरनाक बल्लेबाज के रूप में उनके विकास पर बड़ा प्रभाव डाला, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि धोनी ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे, जिन्हें उन्होंने अपने विकेटकीपिंग में सुधार करने के लिए देखा था। जितेश शर्मा ने कहा भारत में एमएस धोनी के बाद सब कुछ शुरू होता है, इसलिए यह कहने की भी आवश्यकता नहीं है कि वह मेरे सहित हर क्रिकेटर के लिए कितने प्रेरक रहे हैं। वह हमेशा अपने ग्लववर्क के साथ अविश्वसनीय रहे हैं। जितेश शर्मा पिछले साल अपने पहले आईपीएल सीजन के दौरान पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के लिए एक आक्रामक हिटर के अलावा एक भरोसेमंद फिनिशर साबित हुए।

लोगों की राय

तुर्की फरवरी में अंतरराष्ट्रीय गैस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा

तुर्की के ऊर्जा मंत्री फतह डोनमेज ने कहा है कि तुर्की ने गैस के बुनियादी ढांचे को खोलने के लिए फरवरी में अंतरराष्ट्रीय गैस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की योजना बनाई है। सीएनएल तुर्क की रिपोर्ट के मुताबिक श्री डोनमेज ने कहा उन्होंने बाल्कन देश के वित्त मंत्री को शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया है। श्री डोनमेज ने उत्तर मैसेडोनिया की यात्रा के दौरान यह बातें कही हैं। तुर्की अपने अपेक्षित निर्णय के साथ इस वर्ष गैस व्यापार केंद्र बनने के लिए रूस की पेशकश पर विचार कर रहा है। गौरतलब है कि तुर्की ने पिछले साल के अंत में अपने काला सागर तट से एक नए गैस भंडार की खोज की है।

संरा सुरक्षा परिषद आज अल अक्सा मस्जिद के मुद्दे पर करेगी चर्चा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) अल-अक्सा मस्जिद परिसर के हालात पर गुरुवार को अपराह्न तीन बजे चर्चा करेगी। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि मध्य- पूर्व संघर्ष पर यूएनएससी की बैठक आज अपरा तीन बजे निर्धारित है। इस बैठक का विषय अल-अक्सा मस्जिद परिसर के आसपास की उपजे हालात पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक को कराने के लिए चीन और संयुक्त अरब अमीरात ने अनुरोध किया है। रूस की स्पूतनिक न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार को इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने यरुशलम में टेंपल माउंट का दौरा किया, जहां अल-अक्सा मस्जिद स्थित है। सऊदी अरब, कतर, जॉर्डन और संयुक्त अरब अमीरात ने श्री ग्विर के दौरे की निंदा की है।

चीन मुफ्त में कोविड वैक्सीन देने के अपने प्रस्ताव पर कायम है अमेरिका : पियरे

अमेरिका चीन को कोविड-19 के टीके मुफ्त में भेजने के अपने प्रस्ताव पर कायम है, लेकिन इस प्रस्ताव को स्वीकार करना चीन पर निर्भर है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता काराइन जीन-पियरे ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने चीन को टीके और कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में अन्य सहायता की पेशकश की है। चीन ने सार्वजनिक रूप से संकेत दिया है कि वे प्रस्ताव की सराहना करते हैं और उन्हें समर्थन की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अपने प्रस्ताव पर कायम रहेंगे, लेकिन चीन को इस बारे में निर्णय के लिए नहीं बोल सकते हैं।

साल 2023 में समाप्त हो सकती है कोरोना महामारी : घेब्रेयसस

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने उम्मीद जताई है कि कोविड-19 महामारी 2023 में समाप्त हो जाएगी। श्री टेड्रोस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, कोविड-19 निस्संदेह अभी भी चर्चा का एक प्रमुख विषय है, लेकिन मुझे विश्वास है और उम्मीद है कि सही प्रयासों से इस साल यह सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल आधिकारिक रूप से समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नैदानिक देखभाल, टीकों और उपचारों में सुधार के कारण दुनिया अब कुछ साल पहले की तुलना में काफी बेहतर स्थित में है। उन्होंने कहा कि परीक्षण, उपचार और टीकाकरण तक पहुंच में अभी भी काफी असमानताएं हैं और अंततः कोरोना मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और समाज के लिए बड़े पैमाने पर एक खतरनाक वायरस बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस का पहला मामला चीन के वुहान में दिसंबर 2019 में दर्ज किया गया था।

चीन में कोरोना की स्थिति को लेकर चिंतित हैं : बाइडेन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वह इस बात को लेकर चिंतित हैं कि चीनी अधिकारी कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण से कैसे निपट रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने प्रशासन की नई नीति को दोहराया कि चीन से अमेरिका आने वाले सभी यात्रियों का परीक्षण किया जाना चाहिए। श्री बाइडेन से बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब पूछा गया कि क्या वह इस बात से चिंतित हैं कि चीनी अधिकारी कोविड-19 से कैसे निपट रहे हैं, तो उन्होंने कहा, हां...मैं चिंतित हूं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमें अभी उस प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए, जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि यदि आप चीन से उड़ान भर रहे हैं, तो आपको परीक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि चीनी अधिकारी बहुत संवेदनशील हैं। उल्लेखनीय है कि चीन ने दिसंबर में घोषणा की थी कि वह कोरोना को लेकर लागू अपनी शून्य-कोविड नीति में ढील दे रहा है और जनवरी में अपनी सीमाओं को फिर से खोलने की तैयारी कर रहा है। ब्रिटेन, फ्रांस और अमेरिका उन देशों में शामिल हैं, जिन्होंने चीन से आने वाले यात्रियों के लिए कोविड-19 का परीक्षण अनिवार्य कर दिया है।

भारत में वीजा साक्षात्कार नियोजन में लगने वाले समय को कम करने के हर संभव प्रयास कर रहे हैं : अमेरिका

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में वीजा साक्षात्कार नियोजन में लगने वाले समय को कम करने के लिए अमेरिका हर संभव कदम उठा रहा है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, वीजा प्रक्रिया उम्मीद से जल्दी बेहतर हो रही है और आने वाले वक्त में हम इसके वैश्विक महामारी से पहले के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने 2016 के बाद से किसी भी वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2022 में सबसे अधिक छात्र वीजा जारी किए। भारत में उसके दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने एक वित्त वर्ष में जारी किए गए छात्र वीजा की संख्या के अपने पहले के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। प्राइस ने कहा, ह्यह्यहमने करीब 1,25,000 छात्र वीजा जारी किए। हम मानते हैं कि कुछ आवेदकों को अब भी वीजा आवेदन की प्रक्रिया में लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। हम भारत तथा दुनिया भर में वीजा संबंधी साक्षात्कार के नियोजन में लगने वाले लंबे समय को जितनी जल्दी हो सके कम करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, जिसमें पर्यटक वीजा आवेदक भी शामिल हैं। प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वह उन लोगों की परेशानी समझते हैं जिन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा, मैं आपको बता सकता हूं कि मंत्री और मंत्रालय की प्राथमिकता है कि हम उस बैकलॉग (लंबित आवेदनों) को कम करने और अंततः प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करें। हम गैर-प्रवासी यात्रियों को वैध यात्रा की सुविधा प्रदान करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

प्राइस ने कहा कि वीजा सेवाओं की मांग बढ़ी है क्योंकि दुनिया भर के देशों ने वैश्विक महामारी की पाबंदियों में अब ढील दी है और लोग अमेरिका की यात्रा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यहम दुनियाभर में वीजा प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम कर रहे हैं.. हमने वीजा संबंधी महत्वपूर्ण काम के लिए अमेरिकी विदेश सेवा कर्मियों की भर्ती को दोगुना कर दिया है। वीजा प्रक्रिया में उम्मीद से अधिक प्रगति है और हमें उम्मीद है कि यह इस साल वैश्विक महामारी से पहले के स्तर पर पहुंच जाएगी। गौरतलब है कि गैर-प्रवासी वीजा, आगंतुक वीजा (बी1/बी2), छात्र वीजा (एफ1/एफ2) और अस्थायी कर्मचारी वीजा (एच, एल, ओ, पी, क्यू) के आवेदन भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल सहित कई एशियाई देशों व प्रशांत द्वीपों के दूतावासों में काफी समय से लंबित हैं। भारत में वीजा आवेदन प्रक्रिया पूरी होने में 1000 से अधिक दिन तक का समय लगने की खबर है।

भारतीय नागरिक को 29 महीने की सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

कॉल सेंटर धोखाधड़ी में संलिप्तता के मामले में एक भारतीय नागरिक को 29 महीने कारावास की सजा सुनाई गई है। मोइन इदरीसभाई पिंजारा ने 30 नवंबर को अपना गुनाह कबूल कर लिया था। सजा पूरी होने के बाद उसे निष्कासित किया जा सकता है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश एंड्रयू हैनन ने पिंजारा को धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों को मुआवजे के रूप में 6,35,103 अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने का आदेश भी दिया। अमेरिकी अटॉर्नी आलमदार एस. हमदानी ने बताया कि पिंजारा दिसंबर 2019 से जुलाई 2020 के बीच भारत स्थित कॉल सेंटर में धोखाधड़ी में शामिल था। ये लोग (कॉलर्स) अमेरिका में लोगों को फोन करके अलग-अलग बहाने से पैसे ठगा करते थे। पिंजारा कई अन्य नामों और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर उन पार्सल को हासिल करता था जिनमें नकदी होती थी जिसे लोग डाक के जरिए भेजा करते थे।

आतंकवादी संगठनों के खिलाफ तालिबान की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने में अमेरिका, पाकिस्तान के साझा हित

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका और पाकिस्तान के यह सुनिश्चित करने में साझा हित छिपे हैं कि तालिबान आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करे और उन्हें अपने क्षेत्र का इस्तेमाल करने की अनुमति न दे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, आतंकवाद एक अभिशाप बना हुआ है, जिसने कई पाकिस्तानी, अफगान और अन्य निर्दोष लोगों की जान ली है। अमेरिका और पाकिस्तान का वास्तव में यह सुनिश्चित करने में साझा हित है

कि तालिबान प्रतिबद्धताओं पर खरा उतरे, जिससे आईएसआईएस-के, टीटीपी, अल-कायदा जैसे आतंकवादी संगठन क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा न बन पाएं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से पाकिस्तानी राजनीतिक नेतृत्व को खतरे के संबंध में किए एक सवाल के जवाब में प्राइस ने कहा कि अमेरिका किसी भी संगठन द्वारा उत्पन्न हर तरह के खतरे की निंदा करता है

और निश्चित रूप से टीटीपी जैसे आतंकवादी संगठन से इसी तरह की हिंसा का खतरा है। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि आतंकवादी हमलों के कारण पाकिस्तानी लोगों ने बहुत कुछ सहा है। हम जानते हैं कि तालिबान ने आतंकवादियों को अफगानिस्तान की सरजमीं का इस्तेमाल न करने देने को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की है। हम तालिबान से उन आतंकवाद रोधी प्रतिबद्धताओं को बनाए रखने का आह्वान करना जारी रखेंगे। अफगानिस्तान के अंदर व सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय आतंकवादी संगठनों के हमलों में अब तक कई पाकिस्तानियों की जान गई है।

प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा, बिल्कुल, पाकिस्तान के पास खुद का बचाव करने का पूरा अधिकार है। यह अंततः कुछ मामलों में, क्षेत्र के लिए एक साझा खतरा है। इसे हम बहुत गंभीरता से लेते हैं और निश्चित रूप से हमारे पाकिस्तानी साझेदार भी। प्राइस ने कहा कि पाकिस्तान वह करेगा जो उसके हित में है और जब वह आत्मरक्षा के अधिकार के तहत उचित समझेगा तो कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक करीबी साझेदार और एक करीबी सुरक्षा साझेदार है। प्राइस ने कहा, साझा खतरों से निपटने और साझा अवसरों का फायदा उठाने के लिए हम एकसाथ काम करते हैं। हालांकि, मैं ऐसी किसी योजना या अभियान के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं, जिस पर पाकिस्तानी विचार कर रहे हैं या कर सकते हैं।

यूक्रेनी सेना ने 800 से अधिक रूसी सैनिकों को मारने का दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। इस बीच, यूक्रेनी सेना बताया कि उन्होंने पिछले कुछ दिनों में लगभग 800 से अधिक रूसी सैनिकों को मार गिराया है। इनमें से ज्यादातर डोनेट्स्क क्षेत्र में लड़ाई के दौरान मारे गए हैं। नियमित रूप से सुबह लड़ाई की जानकारी देते हुए यूक्रेनी सेना ने गुरुवार को कहा कि बखमुत सेक्टर में रूसी सेना आक्रामक हमले कर रही थी। वहीं, अवदीवका और कुपियांस्क क्षेत्रों में रूसी सेना के हमले असफल रहे हैं। रूस ने अपने तीन टैंक खोए यूक्रेनी सेना ने बताया कि पिछले दिनों लड़ाई में अपने सैनिकों के साथ रूसी सेना ने एक विमान, एक हेलीकॉप्टर और तीन टैंक भी खो दिए हैं। ये भी बताया कि रूसी हवाई, मिसाइल और रॉकेट हमलों के चलते यूक्रेन के कब्जे वाले शहर बखमुत और डोनेट्स्क क्षेत्र के कोस्टियानटीनिवका और कुराखोव शहर के नागरिकों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ। वहीं, अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार बखमुत के आसपास लड़ाई का गंभीर आकलन किया और कहा कि क्षेत्र में जिस तरह के हालात हैं, उनको देखकर यही लगता है कि महीनों तक लड़ाई जारी रहेगी। फ्रांस ने भेजा लड़ाकू वाहन वहीं, शाम के वीडियो संबोधन में राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि बखमुत के बाहर यूक्रेनी सैनिक अपने विरोधियों को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं और रूस इस क्षेत्र में अपनी सेना को बढ़ा रहा है। बता दें कि इस युद्ध में यूक्रेन की मदद करने के लिए फ्रांस ने एएमएक्स -10 आरसी बख्तरबंद लड़ाकू वाहन भेजा है। इसी तरह, पश्चिम की तरफ से यूक्रेन का ये पहला बख्तरबंद वाहन है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया ने कीव को अपने 90 बुशमास्टर वाहन दिए हैं, जो बारूदी सुरंगों और अन्य खतरों के खिलाफ लड़ने में सक्षम है। अमेरिका भी भेजेगा मदद अमेरिका भी ब्रैडली फाइटिंग व्हीकल्स को यूक्रेन भेजने पर विचार कर रहा है, जो 1945 के बाद से यूरोप के सबसे बड़े भूमि संघर्ष से लड़ रहा है। इस वाहन में एक शक्तिशाली बंदूक है, जिससे लड़ने में आसानी महसूस होती है। बता दें कि 24 फरवरी से रूस के आक्रमण के बाद से यूक्रेन के कई शहर तबाह हो गए हैं, लाखों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा और हजारों मारे गए हैं। जेलेंस्की ने अपने सहयोगियों से अब्राम्स और जर्मन निर्मित लियोपार्ड टैंक जैसे भारी लड़ाकू वाहनों के लिए कहा है। इसके अलावा, मदद के लिए उन्होंने मैक्रों का धन्यवाद भी किया है। उन्होंने कहा कि अन्य सहयोगी भी इस कदम के बाद अपने हथियार भेजने के लिए तत्परता दिखायेंगे।

नेवाडा में लीथियम की खदानों पर विवाद, अदालत में बृहस्पतिवार से सुनवाई बहाल

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के नेवाडा में लीथियम की खदानों से संबंधित विवाद पर अदालत में सुनवाई बृहस्पतिवार से बहाल हो गई। इस दौरान खदान कंपनी, इसे मंजूरी देने वाली अमेरिकी एजेंसी और इस परियोजना का विरोध कर रहे वहां खेती करने वाले क्षेत्रीय आदिवासियों तथा संरक्षणवादियों के वकीलों ने अपनी-अपनी दलीलें दीं। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज मिरांडा ड्यू ने अस्थायी रोक लगाने की आदिवासी नेताओं की मांगों को पिछले साल दो बार खारिज किया। नेताओं का कहना है कि खदान स्थल पवित्र भूमि है जहां 1865 में अमेरिकी सेना ने उनके पूर्वजों का नरसंहार किया था। बृहस्पतिवार को हो रही सुनवाई काफी महत्वपूर्ण है और यह इस मामले के भविष्य की पृष्ठभूमि तय करेगी। इससे पहले मामले में तब नया मोड़ आया था जब नौवीं यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील ने एरिजोना के आदेश को कायम रखा था, जिसमें तांबे की खदान को मिली सरकार की स्वीकृति को रद्द कर दिया गया था। उस फैसले ने 1872 के खनन कानून पर सवाल खड़े कर दिए थे। लीथियम नेवाडा कॉर्पोरेशन और यूएस ब्यूरो ऑफ लैंड मैनेजेंट का कहना है कि एक प्राचीन ज्वालामुखी पर स्थित यह परियोजना इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी बनाने के लिए लीथियम की बढ़ती मांगों को देखते हुए बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति जो बाइडन की योजना जीवाश्म ईंधन की जगह जल्द से जल्द अक्षय ऊर्जा को उपयोग में लाने की है। नेवाडा के किसान और संरक्षणवादी संगठनों का कहना है कि यह परियोजना कुछ पक्षियोंङ्घ. सेज ग्राउस, लाहंटन कटथ्रॉट ट्रौट, प्रोंगोर्न एंटीलोप और गोल्डन ईगल के घटते आवासों को खत्म कर देगी। बीएलएम ने परियोजना को 2021 में ट्रंप प्रशासन के आखिरी दिनों में मंजूरी दिए जाने पर तेजी से सुनवाई की थी। बाइडन प्रशासन खदान को जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में राष्ट्रपति के स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा के तौर पर लगातार समर्थन देता रहा है। लीथियम की मांग 2030 में 2020 की तुलना में तीन गुना बढ़ने की संभावना है और लीथियम नेवाडा का कहना है कि सिर्फ उसकी परियोजना ही इस मांग को पूरा कर सकती है।

पाकिस्तान ने की इतामार बेन-गवीर के अल अक्सा मस्जिद दौरे की निंदा

एजेंसी। पाकिस्तान ने इजरायल के नए राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर की अल-अक्सा मस्जिद का दौरा करने की निंदा की है। साथ ही चेतावनी दी है कि पवित्र स्थल की पवित्रता को भंग करने से कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों में तनाव बढ़ सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा, अल-अक्सा दुनिया भर के मुसलमानों का एक पवित्र स्थल है। इसकी पवित्रता का भंग करना मुस्लिम समुदाय की धार्मिक संवेदनाओं को आहत करना है और इस तरह के कदम से कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों में पहले से ही तनावपूर्ण स्थिति को भड़काना है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने बुधवार को अल-अक्सा मस्जिद परिसर में गवीर के दौरे की निंदा की और कहा, कि इजरायली मंत्री की यात्रा असंवेदनशील और भड़काने वाली थी। उन्होंने कहा, इजरायल को अपने अवैध कृत्यों को बंद करना चाहिए और कब्जे वाले फि लिस्तीनी क्षेत्रों में मुस्लिम धार्मिक स्थलों की पवित्रता का सम्मान करना चाहिए।

कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने जाहिर की चिंता, कहा- कुछ नहीं कर रहा चीन

नई दिल्ली, एजेंसी

कोरोना वायरस ने चीन में एक बार फिर तबाही मचा दी है। इसको लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि चीन में बढ़ रहे कोविड मामलों से बचने के लिए बीजिंग कुछ भी नहीं कर रहा है। खराब हो रहे हालातों के मद्देनजर भारत समेत कई देशों ने चीन से आने वाले यात्रियों के लिए कड़ा रुख अपना लिया है।

कोरोना को लेकर चीन नहीं उठा रहा ठोस कदम जो बाइडेन से हाल ही में पूछा गया कि चीन में बढ़ रहे कोविड मामलों को लेकर वो चिंतित हैं तो इस बात पर उन्होंने अपनी सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि चीन से आने वाले यात्रियों के लिए अमेरिका ने कई कड़े नियम बनाए हैं। जैसे चीन से आने वाले सभी यात्रियों को कोविड टेस्ट करवाना अनिवार्य है साथ ही तमाम ऐसे प्रोटोकॉल लागू किए गए हैं जो दूसरे देश के यात्रियों के लिए नहीं हैं। लेकिन वहीं बीजिंग कोई खास कदम नहीं उठा रहा है। साथ ही राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि चीन बहुत संवेदनशील हैं और वह वायरस को लेकर सुझावों के बावजूद कोई उपाय नहीं कर रहा है। वायरस को नियंत्रित करे चीन अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि जब कोविड चीन जैसे बड़ी आबादी वाले बड़े देश में फैल रहा है तो निश्चित रूप से वैरिएंट उभरने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दुनिया के अन्य क्षेत्रों से कोविड के नए वैरिएंट उभर कर सामने आए हैं जो अंत में अमेरिका तक भी पहुंच गए हैं। इससे बहुत खतरा है, चीन इसे नियंत्रण में करे और इसके प्रसार को रोकने के लिए विवेकपूर्ण कदम उठाए। चीन को पूरा प्रयास करना चाहिए कि कोविड किसी भी देश की सीमाओं के बाहर ही रहें। गिनती कम कर रहा है चीन इस बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि उसका मानना है कि चीन अपने कोविड मामलों की गिनती कम कर रहा है। बता दें कि वायरस को लेकर चीन और डबल्यूएचओ के अधिकारियों के बीच मंगलवार को चर्चा हुई थी। इस पर नेड प्राइस ने बताया कि उन्होंने डब्ल्यूएचओ के आपात स्थिति निदेशक ने एक बयान दिया है जिसमें चीन में फैल रहे संक्रमण की वर्तमान संख्या, अस्पताल में मरीजों के प्रवेश, आईसीयू की कमी और विशेष रूप से मौतों को लेकर बीमारी के सही स्थिति को दशार्या गया है।

प्रेस ने बताया कि एजेंसी के पास चीन से संबंधित पूरा डेटा नहीं है। लेकिन आयोग ने मूल्यांकन करने के लिए चीनी अधिकारियों के साथ बात की थी, जिसमें एक औपचारिक संख्या बताई गई थी। एजेंसी को उसके आंकड़े पर विश्वास नहीं हो रहा है और इसकी जांच करने के लिए एजेंसी अपने स्तर पर काम रही है। डब्ल्यूएचओ की भूमिका अहम नेड प्राइस ने कहा कि डब्ल्यूएचओ एक ऐसा संगठन है जिसकी भूमिका हमेशा से काफी अहम रही है। लेकिन अभी इसका महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया क्योंकि दुनिया भर में तेजी से वायरस का प्रभाव हो रहा है। इससे अब केवल बीमारी व मौतें ही नहीं हो रही हैं बल्कि आर्थिक प्रभाव और आपूर्ति में बाधा जैसी समस्याओं भी उभर कर सामने आ रही हैं जिसका सामना करना धीरे-धीरे जटिल होता जा रहा है। ऐसे में केवल डब्ल्यूएचओ ही दुनिया में इस वायरस को रोकने में कारगर साबित हो सकता है।

घुसपैठ कानूनी दायित्वों का उल्लंघन करते हुए अल-अक्सा मस्जिद में घुसपैठ की।

पवित्र स्थल की इजराइली मंत्री की यात्रा को लेकर संयुक्त राष्ट्र की हो रही आपात बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने फिलिस्तीनियों और अन्य इस्लामी तथा गैर-इस्लामिक राष्ट्रों के एक अनुरोध पर बृहस्पतिवार को एक आपात बैठक बुलाई है। इस अनुरोध में इजराइल के एक कट्टर राष्ट्रवादी कैबिनेट मंत्री की यरुशलम स्थित पवित्र स्थल की यात्रा का विरोध करने, इजराइल की ओर से उकसावे की कार्रवाई समाप्त करने तथा मुसलमानों और यहूदियों के लिए पवित्र स्थल पर ऐतिहासिक यथास्थिति बनाये रखने की मांग की गयी है। इजरायल के नये राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गविर ने मंगलवार को यहूदियों के लिए टेंपल माउंट और मुसलमानों के लिए अल-हरम अल-शरीफ के रूप में चर्चित पवित्र स्थल की यात्रा की थी। इसके बाद मुस्लिम जगत ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और इससे अशांति की आशंका पैदा हुई है, क्योंकि फलस्तीनी उग्रवादी समूहों ने इसके जवाब में कार्रवाई की धमकी दी है। संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन के राजदूत रियाद मंसूर ने बुधवार को अरब देशों के राजदूतों, 57-सदस्यीय इस्लामी सहयोग संगठन, 120-सदस्यीय गुटनिरपेक्ष आंदोलन तथा अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि न केवल बेन-गविर की यात्रा को लेकर, बल्कि इजरायल के इतिहास में सबसे चरमपंथी सरकार के इर्द-गिर्द व्यापक अतिवाद के वातावरण की कड़ी निंदा की गयी है। उन्होंने इजराइल पर न केवल अल अक्सा मस्जिद सहित मुस्लिम धर्मस्थलों के खिलाफ, बल्कि कब्रिस्तान सहित ईसाइयों के पवित्र स्थलों के खिलाफ आक्रामकता का आरोप लगाया है। टेम्पल माउंट को यहूदी लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्थान बताते हुए बेन-गविर ने इस स्थल पर यहूदियों की यात्रा के विरोध की कड़ी निंदा की है और इस नस्लवादी भेदभाव करार दिया है। पृष्ठभूमि में इस्लामिक धर्मस्थल डोम ऑफ द रॉक की ओर अपनी अंगुली से इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि यात्राएं जारी रहेंगी। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि राजनीतिक और शांति बहाली मामलों के सहायक महासचिव खालिद खियारे बृहस्पतिवार की बैठक में सुरक्षा परिषद को स्थिति की जानकारी देंगे। संयुक्त राष्ट्र में जॉर्डन के राजदूत महमूद हमूद ने कहा कि उनका देश इजराइल के मंत्री बेन-गविर और इजरायल सरकार की घुसपैठ को लेकर बेहद चिंतित है। हमूद ने कहा, यह उग्रवाद की एक कार्रवाई है जो हिंसा का एक नया दौर शुरू करती है। सुरक्षा परिषद को अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभानी होगी और इस तरह के प्रयासों को रोकना होगा। उन्होंने कहा कि इजराइल ने ऐतिहासिक कानूनी यथास्थिति और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का सम्मान करने की प्रतिबद्धता जताई है, लेकिन दुर्भाग्य से बेन-गविर ने इजराइल के कानूनी दायित्वों का उल्लंघन करते हुए अल-अक्सा मस्जिद में घुसपैठ की। उन्होंने चेतावनी दी, इसके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समुदाय को कड़ा रुख अपनाना होगा, क्योंकि ऐसी घटना फिर होगी और यदि ऐसा हुआ तो हिंसा का एक नया दौर शुरू हो जाएगा। बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री के रूप में अपना छठा कार्यकाल पिछले सप्ताह शुरू किया है। इस सरकार के लक्ष्यों में वेस्ट बैंक की बस्तियों का विस्तार करना और कब्जे वाले क्षेत्र को जोड़ना शामिल है। नेतन्याहू ने मंगलवार देर रात बेन-गविर की यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इजराइल पवित्र स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, यह दावा कि यथास्थिति में बदलाव किया गया है निराधार है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555